ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते







वैशाख शुक्ल पक्ष 01, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 09 मई 2024, वर्ष-30, अंक- 200, पृष्ठ-12 | मूल्य ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

संसेक्स 73,466.39 ▲ --45.46
डॉलर 83.465 ▼ -0.003

**पलामू सर्राफा**
सोना (10 ग्राम) 71,320
चांदी (1 किलो) 83,020


छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में इंडी गठबंधन की जनसभा

# ना लालू प्रसाद यादव झुका है और ना ही उनका बेटा झुकेगा : तेजस्वी

### मोदी ने एक भी अपना वादा पूरा नहीं किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की 10 वर्षों के शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठ के सहारे राज किया है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा किए गए कोई भी वादा आज तक पूरा नहीं किया गया है। यादव ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 2014 में करीबी बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार में आए पर उन्होंने एक भी अपना वादा पूरा नहीं किया। इस दौरान उनका एकमात्र मकसद हिंदू-मुस्लिम कर देश में राज करना रह गया है। उन्होंने कहा कि वे लालू प्रसाद यादव के बेटा हैं, ना लालू प्रसाद यादव झुका है और ना ही उनका बेटा झुकेगा। जेल से उन्हें डर नहीं लगता है। हमारे तो भगवान ही जेल में पैदा हुए थे इसलिए हम जेल से नहीं डरते। तेजस्वी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जोड़-तोड़ कर लोगों को सत्ता से हटाने का कार्य बच गया है। इंडिया गठबंधन की सरकार 4 जून को बनेगी। उन्होंने कहा कि इस बार वे 400 पार का नारा दिए हैं, जो महज एक जुमला है। उन्होंने नरेंद्र मोदी के दिए 2014 के भाषण के कुछ अंश को माइक के माध्यम से सुनाते हुए कहा कि यह उनका भाषण है, जिनमें एक भी पूरा नहीं किया गया। उन्होंने लोगों का आश्वस्त किया कि इंडिया गठबंधन की केंद्र में सरकार बनीं तो गरीब घर की बेटियों को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये और गैस सिलेंडर 500 रुपये मिलेगा। वहीं प्रतिवर्ष 1 करोड़ लोगों को के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी उनके द्वारा किए गए वादा के तहत 5 लाख लोगों को बिहार में सरकारी रोजगार उपलब्ध कराया गया। तेजस्वी ने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी का कार्यकाल जो भी उनके विरोध में बोले उसे वह सीबीआई और ईडी से डराने का कोशिश करते हैं। वहीं झूठे मुकदमे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया। उनके विरुद्ध भी कई मुकदमे दर्ज किए गए हैं।



### नरेंद्र मोदी सिर्फ खरीद परोख्त में विश्वास रखते हैं : मुकेश साहनी

वहीं बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ खरीद परोख्त में विश्वास रखते हैं और उनके पास अडानी और अंबानी जैसे लोग मौजूद हैं। उनके चार विधायकों को वह खरीद कर बिहार में सरकार में शामिल कर लिए। इस बार पिछड़े दलित, लोगों ने मन बना लिया है कि वे नरेंद्र मोदी की सरकार को सत्ता से हटा देंगे। मौके पर बिहार के कई नेताओं के अलावे झारखंड प्रदेश राज्य अध्यक्ष संजय यादव पूर्व अध्यक्ष गौतम सागर राणा, झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, रामनाथ चंद्रवंशी, संजर नवाज, भीआईपी के जिला अध्यक्ष केडी सिंह, सभा का संचालन जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, मंच संचालन राजद के प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार ने किया। सभा स्थल पर भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पलामू लोस सीट : 13 मई को मतदान के लिये जिले में 10 बूथ रीलोकेट



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 के लिये 13 मई को मतदान होना है। इस चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो इसे लेकर स्वीप अंतर्गत विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं वहीं अन्य स्तर पर कई तरह के निर्णय भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में पलामू जिले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 10 मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है जिसमें छतरपुर विधानसभा अंतर्गत डुणडूर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पर बने मतदान केंद्र को तारडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में, रतनाग उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र को उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालगड़ा में और प्राथमिक विद्यालय माड़ादाग को नव सृजत प्राथमिक विद्यालय खडार में रीलोकेट किया गया है।

वहीं, हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय माहुर में बने मतदान केंद्र को उतर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय, मोहम्मदगंज, उ. भाग में और हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के ही प्रतापपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र को स्रोउवि महुदण्ड, उत्तरी भाग में तथा हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के ही लोहबणदा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बने मतदान केंद्र को स्रोउवि महुदण्ड, द.भाग में रीलोकेट किया गया है।

डालटनगंज विधान सभा क्षेत्र की बात करें तो डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत हरता उत्क्रमित मध्य विद्यालय ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### धनबाद में स्कूल से लौट रही छात्रा की धारदार हथियार से हत्या

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के पलयडीह गांव में बुधवार को स्कूल से लौट रही 17 वर्षीय छात्रा निशा कुमारी की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। छात्रा की हत्या का आरोप विशाल रजवार नामक युवक पर लगा है, जो छात्रा के शव के पास ही गंभीर रूप से जख्मी हालत में पाया गया। आशंका व्यक्त की जा रही है कि छात्रा की हत्या करने के बाद उसने धारदार हथियार से खुद का गला रेतकर जान देने की कोशिश की। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि इन दोनों पर किसी अन्य ने हमला तो नहीं किया? पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वारदात के पीछे प्रेम प्रसंग या जमीन विवाद की संभावना पर भी तहकीकात की जा रही है। घायल युवक को हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। उसका बयान मिलने से वारदात के कारणों की जानकारी मिल पाएगी। फिलहाल वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। निशा कुमारी यादवपुर स्थित गांधी स्मारक प्लस टू हाईस्कूल की छात्रा थी। बुधवार दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के काफी देर बाद तक वह घर नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू हुई। इसी बीच रास्ते में छात्रा का शव पड़े होने की सूचना मिली तो डीएसपी शंकर कामती और थानेदार सुनील कुमार रवि पहुंचे। फिर, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस वारदात में आरोपी विशाल रजवार घायल हो गया।

## आज के मैच

PUNJAB KINGS VS ROYAL CHALLENGERS

**समय : 09 मई, 7:30 बजे से**
**स्थान : धर्मशाला**




## मुख्यमंत्री ने झाप्रसे के सात अधिकारियों पर कार्रवाई करने के दिए आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के सात अफसरों पर विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इनमें तीन अधिकारी सेवानिवृत्त हो गये हैं। सभी अधिकारियों पर उनके पदस्थापन काल में अलग-अलग मामलों पर गड़बड़ी करने के आरोप में कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है। इन जिलों के लिए उपायुक्तों ने प्रपत्र क गठित कर सरकार को रिपोर्ट भेजा था, जिसकी प्रथम दृष्टया जांच में आरोप प्रमाणित पाये गये। सारा मामला मुख्यमंत्री के समक्ष भेजा गया, जिसके बाद रिटायर आईएएस अधिकारी कमल जॉन लकड़ा को आरोपों की जांच के लिए जांच संचालन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। सभी अधिकारियों से आरोपों के मामले में जवाब-तलब भी किया जायेगा। इस संबंध में बुधवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

**इन अधिकारियों पर होगी विभागीय कार्रवाई**

रविन्द्र कुमार सिंह, सेवानिवृत, झाप्रसे, तत्कालीन भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा। जयदीप तिग्गा, झाप्रसे, तत्कालीन जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम, पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा। रविशंकर, सेवानिवृत, झाप्रसे, तत्कालीन संयुक्त सचिव सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जलसंसाधन विभाग झारखंड। लखी राम बास्के, झाप्रसे, तत्कालीन विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी-03, मानगो शिविर, आदित्यपुर, सम्प्रति उप सचिव योजना एवं विकास विभाग।

### चुनाव आयोग के जारी दिशा-निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करने का प्रेक्षक ने दिया निर्देश

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने बुधवार को सहायक व्यय प्रेक्षकों और लेखा जांच दल के साथ बैठक की। मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में आयोजित बैठक में व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह के जरिये चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी सहायक व्यय प्रेक्षक परमिशन लेटर के अनुरूप यथाशीघ्र जिम्मेदारी का निर्वहन करें। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने वीएसटी से नियमित तौर पर रिपोर्ट अपडेट लेने और शैडो रजिस्टर के रखरखाव एवं संधारण में नियमितता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी एवं अन्य कर्मियों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करते हुए सभी कार्यों का निष्पादन सफलता पूर्वक करें।

# ईडी ने झारखंड सचिवालय में मंत्री के पीएस का चैंबर खंगाला, लाखों बरामद

- संजीव के चैंबर से पांच-पांच सौ के बंडल में मिले दो लाख रुपये
- सीएम चंपाई सोरेन के कार्यालय के ठीक नीचे है संजीव का दफ्तर
- पहली बार ईडी ने झारखंड सरकार के सचिवालय में की छापेमारी
- चार घंटे चली कार्रवाई में सचिवालयकर्मियों से भी हुई पूछताछ

**- संजीव लाल व जहांगीर आलम को छह दिनों के रिमांड पर लिया गया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ईडी ने बुधवार दोपहर सवा दो बजे झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल के प्रोजेक्ट भवन सचिवालय स्थित चैंबर में छापेमारी की। इस दौरान संजीव लाल के ड्रावर (दराज) से 500 के नोटों के बंडल मिले हैं। बरामद नोट दो लाख बताये जा रहे हैं। साथ ही कई कागजात भी मिले हैं। बताया गया है कि कार्यालय के कर्मियों से भी इसके बाद बंद कमरे में पूछताछ की गई। इस दौरान कार्यालय के अन्य कर्मियों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई। यह कार्रवाई शाम छह बजे तक चली। छापेमारी के क्रम में लगातार तीसरे दिन कैश की बरामदगी ने सभी चौंका दिया। खासकर इसलिए भी कि ईडी की टीम ने पहली बार सचिवालय में धावा बोला। संजीव के जिस चैंबर से रुपये बरामद हुए उसके ठीक ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### सीएम साहब... जब इन अपराधों का घड़ा आपके माथे भी फूटेगा : बाबूलाल

सचिवालय में मंत्री के पीएस के चैंबर से लाखों रुपए की बरामदगी पर झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम चंपई सोरेन को निशाने पर लिया है। उन्होंने एक्स पर सीएम को टैग करते हुए लिखा, सुना है ईडी की तलाशी में मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के प्रोजेक्ट बिल्डिंग के ऑफिस चैंबर से भी लाखों रुपए मिला है। ठीक इसी के ऊपर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का भी ऑफिस है। आंख खोलकर देखिये चंपई सोरेन जी आपकी नाक के नीचे कैसे ऑफिस में भी रिश्वत ली जा रही है और रखी जा रही है। संभलिये और तुरंत आपराधिक मुकदमा दर्ज कराने की कारवाई का आदेश दीजिये।

## रांची की ईसेंट्रिंग कंपनी के डायरेक्टर राकेश की इनोवा से मिले पैसे

**रामगढ़।** रामगढ़-रांची टोल गेट के पास पुलिस द्वारा बनाए गए चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक इनोवा कार से लगभग 46 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। जिस गाड़ी से रुपए मिले हैं उसे पर राकेश कुमार सिंह सवार था। चेकनाका पर मौजूद दंडाधिकारी अवधेश कुमार ने इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, सब इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह, राजेश मुंडा इस जांच दल में शामिल थे। सूचना पर थाने पहुंची सेल टैक्स डिपार्टमेंट की नोडल पदाधिकारी अनीता थेल्मामिंज ने बताया कि बरामद रकम 10 लाख से अधिक थी, इसलिए इनकम टैक्स डिपार्मेंट जांच कर रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

**बंद होने के बावजूद मिले 2000 के 21 नोट :** जांच के दौरान स्टेटिक स्क्वाड टीम ने 45,90,500 रुपए बरामद किए हैं, उसमें 2000 के 21 नोट शामिल हैं। गौर करने वाली बात यह है कि 2000 के नोट ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## लोससभा चुनाव को लेकर पुलिस महकमा पूरी तरह मुस्तैद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस व दंडाधिकारी जिला के इंट्री प्वांइट पर पूरी तरह मुस्तैद हैं। गढ़वा शहर के प्रवेश करने वाले मुख्य सड़क पर पुलिस व प्रशासन की टीम सघनता से जांच कर रही है। इस संबंध में सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि ड्यूटी को पूरी तत्परता से करता हूं। पब्लिक को शांति से संभालता हूं। इसके बाद उनके वाहन की चेकिंग करता हूं। फिर उसकी इंट्री की जाती है।



## लोस चुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क डीसी-एसपी ने सेक्टर पदाधिकारियों को दिये टिप्स

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर टाउन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने चुनाव में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होने सभी प्रखंडों से एक-एक कर सेक्टर पदाधिकारी से उनके क्षेत्राधिकार में पड़ने वालों बूथों की संख्या, बूथों का लोकेशन, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से बूथों की दूरी आदि के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त पी माइनस 1 व पी माइनस 2 में जिनकी ड्यूटी है, उनसे भी अवगत हुए। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारियों से उनके बूथों पर एएमएफ के तहत सभी सुविधा बहाल रहे, यह सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने प्रशिक्षण में बताये गये बातों को मतदान वाले दिन अनुश्रवण करने की बात कही। उन्होंने सभी को रिजर्व ईवीएम के मतदान के दिन प्रयोग और रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके अतरिक्त उन्होंने सभी को उनके दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही पीपीटी के माध्यम से नजरी नक्शा के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# भारत को विदेशियों को नापसंद करनेवाला बताया बाइडेन ने


सुनील बादल

**दुनियाभर** में एक शब्द की खूब चर्चा हो रही है। यह शब्द है 'जेनोफोबिक' जिसका जिक्र अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने किया है। बाइडन ने भारत, जापान, चीन और रुस को 'जेनोफोबिक राष्ट्र' करार दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह बात अप्रवासियों के मुद्दे पर बात करते हुए कही है। नस्ल विरोधी होने का दावा करने वाले अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने हैं। यह मुकाबला राष्ट्रपति जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच है। चुनाव को देखते हुए दोनों नेताओं ने प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। इस अभियान के तहत राष्ट्रपति जो बाइडन ने चुनाव के लिए फंड जुटाने वाले एक कार्यक्रम में शिरकत किया। इसी दौरान प्रवासियों का जिक्र करते हुए बाइडन ने भारत, जापान, रूस और चीन को 'जेनोफोबिक राष्ट्र' कह दिया। बाइडन ने अपने समर्थकों से कहा, 'यह चुनाव आजादी, अमेरिका और लोकतंत्र के बारे में है। आप जानते हैं कि हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ने का एक कारण आप लोगों की वजह से है। क्योंकि हम अप्रवासियों का स्वागत करते हैं।' बाइडन ने आगे कहा कि चीन आर्थिक रूप से बुरी तरह क्यों रुक रहा है? जापान, रूस और भारत को क्यों परेशानी हो रही है? क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं। वे अप्रवासियों को नहीं चाहते हैं। हम इसलिए आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि हम प्रवासियों का स्वागत करते हैं।'बाइडन ने जिस 'जेनोफोबिक' शब्द का जिक्र किया उसका मतलब क्या?

अमेरिकी राष्ट्रपति ने जिस जेनोफोबिक शब्द का जिक्र किया है वह यूनानी मूल का शब्द है। कैम्ब्रिज डिक्शनरी के अनुसार, जेनोफोबिक का अर्थ 'विदेशी लोगों के प्रति अत्यधिक नापसंदगी या डर दिखाना' होता है। वहीं, मरियम बेबस्टर की परिभाषा के मुताबिक, जेनोफोबिया का अर्थ 'अजनबियों या विदेशियों या किसी भी अजीब या विदेशी चीज से डर और नफरत' होता है। यह कोई पहली बार नहीं है जब बाइडन ने इस शब्द का इस्तेमाल किया है। इससे पहले 18 अप्रैल, 2024 को राष्टपति बाइडन ने चीन के आर्थिक संकटों पर बात करते हुए उसे 'जेनोफोबिक कहा था। उन्होंने पेंसिल्वेनिया राज्य में एक चुनाव अभियान के दौरान अमेरिकी आर्थिक ताकत की तुलना भी की थी। इसी साल जनवरी में फ्रांस में विवादास्पद फ्रांसीसी आव्रजन कानून के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इस विरोध में शामिल हुए फ्रेंच सांसदों ने 'जेनोफोबिक' शब्द का इस्तेमाल किया था। ला फ्रांस इंसौमिस (एलएफआई) नामक राजनीतिक दल से जुड़े सांसद ऑरेली ट्रौवे ने कानून को 'नस्लवादी, जेनोफोबिक और बेवकूफी भरा' बताया था।मार्च 2019 में दक्षिण अफ्रीका ने जेनोफोबिया, नस्लवाद और भेदभाव से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय कार्य योजना शुरू की थी। यह कदम जेनोफोबिक और लिंग-आधारित हिंसा और भेदभाव के चलते हो रहे मानवाधिकारों के हनन को रोकने करने की दिशा में उठाया गया था। पंचवर्षीय योजना सरकार और नागरिकों के बीच परामर्श से बनाई गई थी। इस शब्द के गहरे मायने हैं क्योंकि जिन देशों की चर्चा बाइडेन ने की उन्हें उन्होंने इशारों इशारों में बहुत कुछ कह दिया। भारत,जापान, रूस और चीन को 'जेनोफोबिक राष्ट्र' कहने से खुद को उदार और श्रेष्ठ तो बता दिया पर इन राष्ट्रों को कठघरे में खड़ा कर दिया। विस्तार में जाएं तो भारत और एशियाई देशों के वर्चस्व के प्रति यह एक खीझ मानी जा सकती है। श्रेष्ठता बोध से ग्रसित अमेरिका को आज रुस के अलावा चीन और भारत लगातार चुनौती दे रहे हैं जिससे अमेरिका की चिंता स्वाभाविक है। अमेरिका भारत के विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से अप्रसन्न तो था ही अब तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की दौड़ में लगा भारत उसे चीन के बाद सबसे बड़ा प्रतिद्वंदी लग रहा होगा। भारत को इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता ही शायद नहीं है क्योंकि विश्व का सबसे शक्तिशाली देश उसकी आलोचना कर एक चर्चा को बढ़ा रहा है और विश्व के अधिकांश देश इस बात को तथ्य को जानते हैं कि अमेरिका कहने को कुछ भी कहे पर अपने देश के लिए टूरिस्ट बीजा तक देने में सबसे ज्यादा अड़ंगे लगाता है जबकि भारत बांग्ला देश,नेपाल सहित अनेक देशों के नागरिकों को सदियों से अपने देश में शरण दिए है ।अतिथि देवो भवः की मूलभावना की संस्कृति वाला भारत विश्व का एकमात्र देश है जहां हर धर्म, जाति और संप्रदाय के लोग सदियों से अपनी पहचान के साथ पूरी स्वतंत्रता से रह रहे हैं जबकि पाकिस्तान या तालिबानी मानसिकता वाले देशों में इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती पर जो बाइडेन ने इनकी चर्चा तक नहीं की ।एक बात यहां कही जा सकती है कि चुनाव के समय विश्व के सभी नेताओं के हाव भाव एक जैसे हो जाते हैं।




### गैंग रेप से आहत छात्रा की खुदकुशी पर झारखंड हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** रांची में गैंगरेप पीड़िता बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी की सेकेंड ईयर की छात्रा की खुदकुशी पर झारखंड हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। झारखंड लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद ने पीड़िता के परिजनों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। 25 वर्षीय छात्रा ने 5 मई की रात को रांची में बूटी स्थित अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। उसने दो सुसाइड नोट छोड़े थे, जिसमें उसने खुद के साथ हुए गैंगरेप की जानकारी दी थी। छात्रा ने लिखा है कि उसके दो दोस्तों आनंद मिंज और अरविंद किंडो ने छह मार्च को रांची के कोकर में बुलाकर उसके साथ गैंगरेप किया था। इसके बाद से ही वह घुट-घुटकर जी रही थी। उसने लिखा, हम घुट-घुटकर जी नहीं पाएंगे... अब इसीलिए हम जा रहे हैं। सबको सॉरी! छात्रा की खुदकुशी के बाद उसकी मां के आवेदन पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

## एक नजर

### युवक की इलाज के दौरान मौत

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के सोनबरसा गांव निवासी 45 वर्षीय रितेश कुमार सिंह का निधन इलाज के दौरान मंगलवार की रात्रि हो गया। वह काफी दिनों से बीमार थे। रितेश के असमायिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका दाह संस्कार कोल्हुआ सोनबरसा गांव स्थानीय कोयल नदी घाट पर किया गया। जहां मुखाग्नि उनके भतीजे आर्यन सिंह ने दी। इस मौके पर अश्विनी कुमार सिंह, शंकर सिंह, राजू सिंह, श्रवण सिंह, परमेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, नीरज सिंह, धीरेन्द्र बैठा, मनोज सिंह, संजय सिंह, मिथलेश सिंह, मणिशंकर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अजय सिंह, धीरज सिंह, अमरेंद्र सिंह, राहुल सिंह, विक्की, बिट्टू सिंह, रामबचन बैठा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### हज के लिए रवाना हुए सामाजिक कार्यकर्ता

**हुसैनाबाद।** जेएमएम के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान उनके बड़े भाई इम्तियाज हुसैन, उनकी पत्नी मुन्नी खातून हज के लिए रवाना हो गए। वह जपला से निजी वाहन से कोलकाता के लिए रवाना हुए। कोलकाता से हवाई जहाज से जद्दा के लिए रवाना होंगे। रवाना होने के पूर्व फूल माला देकर उन्हें विदा किया गया। मिलने वालों ने उन्हें कहा कि न थी उनकी किस्मत की देखूं मदीना, मदीने वाले से मेरा सलाम कहना। एजाज हुसैन ने कहा कि वह क्षेत्र राज्य व देश की खुशहाली और अमन चैन की दुआ करेंगे। उन्होंने कहा कि वह अपने नेता हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए भी दुआ करेंगे। विदा करने वालों में जेएमएम अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. एजाज आलम, 15 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य नेहाल असगर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, अशोक कश्यप, इस्लाम खान, राज अली, सोनी हुसैन, मोजीबुर्रहमान समेत कई लोग शामिल थे।

### किशुनपुर में लगा संध्या चौपाल, कैंडल जलाकर मतदान के लिए प्रशासन ने किया लोगों को जागरूक

# डीसी ने महिलाओं को चावल देकर वोट देने के लिए किया आमंत्रित






**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर संध्या चौपाल किंशुनपुर स्कूल के मैदान में आयोजित किया गया। संध्या चौपाल में डीसी शशि रंजन ने कहा की लोकसभा एवं विधान सभा चुनाव में आपका वोट देश व राज्य का भविष्य को गढ़ता है। देश के लिये आपकी जिम्मेवारी बनता है कि मत जरूर दें। यह आपका अधिकार है। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि 13 मई को मतदान जरूर करें। 18 वर्ष के सभी मतदाता देश के निर्माण में अपनी भागीदारी निभायें। निर्भय होकर वोट दें तथा देश को सजाने एवं भविष्य बनाने में सहभागी बनें। बीडीओ अमित झा ने मताधिकार से सबंधित उत्साहित किया तथा गीत गाकर मत देने की अपील किया। मेरा वोट मेरा भविष्य, वोट मेरा अधिकार, वोट करेगा पाटन, कैंडिल आदि कई कार्यक्रम के तहत रंगोली, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मतदाताओं एवं जेएसएलपीएस दीदी समूहों को मतदान देने के लिए डीसी ने शपथ दिलवाया। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीओ प्रमोद कुमार, प्रदीप चन्द्र, हरिशंकर वर्मा, विकास यादव, यशोदा मुंडा तथा मुखिया सुमन गुप्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# पुलिस ने कई अवैध शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त



### एक क्विंटल जावा महुआ, 20 लीटर निर्मित शराब बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के निर्देश पर पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के नेतृत्व में बुधवार को बलराम तथा रजवार गांव में छापेमारी की गयी। इस दौरान कई भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। साथ ही करीब एक क्विंटल जावा महुआ तथा 20 लीटर निर्मित शराब के साथ ही शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। उक्त कार्रवाई से अवैध शराब चुलाई करनेवाले और बिक्री करने वालों में हड़कंप है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध शराब के ठिकानों पर पुलिस की सख्ती आगे भी जारी रहेगी. छापामारी अभियान में पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के अलावे सशस्त्र बल शामिल थे।

# एमआरपी से अधिक शराब बिक्री पर कार्रवाई 21 भेजे गए जेल, 24 नौकरी से बर्खास्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उत्पाद की ओर से लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद और इससे पहले की गई कार्रवाई में बड़ी उपलब्धि हासिल की गयी है। उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि विभाग जेएसबीसीएल द्वारा सभी अंचलों में संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों में नियमानुसार शराब बिक्री कराने के लिए तत्पर है एवं स्थिति को भी नियंत्रण में रखे हुए हैं।

किसी भी दुकान में एमआरपी से अधिक मूल्य पर मदिरा बिक्री की जाती है तो तत्काल कार्रवाई करने के लिए तीन उत्पाद पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। अब तक की गई कार्रवाई में 21 लोगों को जेल भेजा गया है, जबकि 24 को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने आम लोगों से इस संबंध में किसी प्रकार की शिकायत के लिए उत्पाद अंचल अवर निरीक्षक के मोबाइल नंबर 6201235079 9199894550 एवं 7004403729 एवं उनके मोबाइल नंबर 7992245087 पर भी सूचना देने की अपील की है, ताकि शिकायत का निवारण किया जा सके। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद अब शराब निमार्ता एवं चोरी छिपे व्यापार करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है। अब तक 122 अभियोग दर्ज किए गए हैं तथा 3206 लीटर अवैध चुलाई शराब, 88650 किलोग्राम जावा महुआ, 7827.95 लीटर अवैध निर्मित विदेशी शराब, 250 लीटर स्प्रिट, चार अवैध शराब बनाने वाली फैक्ट्री, शराब बनाने के समान जैसे विभिन्न ब्रांडों के लेबल, रैपर, होलोग्राम, ढक्कन, पैकिंग, शराब पैक करने की खाली बोतल, विदेशी शराब में प्रयुक्त होने वाले कैरामेल जब्त किए गए हैं। अरुणाचल प्रदेश एवं पंजाब राज्य में बिक्री होने वाली अंकित लेबल के साथ विदेशी शराब जप्त की गई है, जिसकी कीमत करोड़ों रुपए आंकी गई है। इसमें शामिल 13 अभियुक्तों को जेल भेजा गया है तथा 108 के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है।

### इंडिया गठबंधन को समर्थन देने का एलान

**हुसैनाबाद।** पासवान समाज की हैदरनगर इकाई के अध्यक्ष सुदर्शन पासवान ने हैदरनगर प्रखंड के समाज बाहुल्य गांवों में भ्रमण के दौरान कहा कि उन्होंने केन्द्र सरकार के समाज के दलित, आदिवासी, पिछड़ा व अल्पसंख्यक विरुद्ध नीतियों से इंडिया गठबंधन सह राजद प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में खुलकर मतदान देने व समाज के अन्य लोगों से मतदान कराने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार सामाजिक, आर्थिक, सास्कृतिक भावनाओं का दमन किया है, जिससे भारतीय संप्रभुता, धर्मनिरपेक्षता, समानता व सामाजिक न्याय को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि इन तथ्यों को समाज के बड़े तबके पास रखने का कार्य किया जा रहा है। वार्ता में उनके अलावे जितेन्द्र पासवान, मुखिया कमल कुमार पासवान सहित कई अन्य सदस्य शामिल थे।

# भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाकर समर्थन की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड के कई गांवों में भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरिहरगंज प्रखंड के अंबा, अररुआ खुर्द, कोइरी बिगहा, पिपरा प्रखंड के तरवन कला, गहोरा बभंडी आदि गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। साथ ही लोगों से पलामू लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में अगामी 13 मई को कमल फूल छाप पर मतदान करने की अपील की। रंजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उन्नति कर रहा है। नरेंद्र मोदी भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने में लगे हुए हैं। जनसंपर्क अभियान में



गोपाल मेहता, श्यामलाल मेहता, मनोज मेहता, दिनेश पासवान, सुनील विश्वकर्मा, दशरथ मेहता, अक्षय मेहता, कृष्णा चौधरी, सुबोध मेहता, विनय मेहता, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, राजेश रंजन मिश्रा, विजय प्रजापति, विकास पासवान, सूरज कुमार, अरुंजय कुमार, विकास कुमार सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# भाजपा कार्यालय में 'बूथ जीतो चुनाव जीतो' विषय पर बैठक में दिया टिप्स

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर भाजपा का चुनाव कार्यालय में बुधवार को बूथ जीतो-चुनाव जीतो विषय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में कई पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें टिप्स दिया। प्रत्याशी विष्णु दयाल राम की लोकसभा की पलामू सीट इसकी अध्यक्षता उमेश चंद्र शिव व संचालन कर रहे डॉ. अजय जयसवाल ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को पलामू लोकसभा सीट से जीत दिलाने के लिये कम समय में हर घर तक उन्हें पहुंचना जरुरी है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा व मुखिया संतोष कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं से जन-जन तक पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संचालित बहुपयोगी योजनाओं की जानकारी मतदाताओं को देने का सुझाव दिया। साथ ही कहा कि भाजपा का विकसित भारत व मोदी की गारंटी, अंत्योदय का मूलमंत्र, बुनियादी ढांचे का विकास पर चर्चा के साथ एक बार मोदी को देश में लाने के लिये मतदान कराने के प्रति प्रेरित करने को कहा है। इसमें पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता विनोद पांडेय, राजीव रंजन तिवारी, कमलेश विश्वकर्मा, सोनू सिंह, अरुण मेहता, अभिराज गुप्ता, आलोक सिंह, सरयू यादव, यमुना पाल, सत्येन्द्र यादव, लक्ष्मी विश्वकर्मा, नागेश्वर प्रजापति, राजाराम मेहता, सुदर्शन यादव, संतोष पाल, विकास पाल, राजू राजवंशी, उदय रजवार, श्याम बिहारी पासवान, सुजित राम सहित कई अन्य ने योगदान दिया।

### पांकी पुलिस ने गौ तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**पांकी।** पुलिस ने बुधवार को गौ तस्करी के आरोप में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के धावाडीह निवासी अनीस अंसारी- पिता महमूद मियां को गौ तस्करी के आरोप में कांड संख्या 38/24 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि अनीस अंसारी पूर्व में आर्म्स एक्ट एससी, एसटी एक्ट जैसे मामले में पहले भी तीन बार जेल जा चुका है।

# धर्म के नाम पर समाज में विद्वेष फैलाने वालों से रहें सावधान : अमृत शुक्ला

### कांग्रेसी नेताओं ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में चलाया जनसंपर्क

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमृत शुक्ला के नेतृत्व में बुधवार को बिश्रामपुर नगर परिषद और प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने लोगों से इंडिया गठबंधन के लोस प्रत्याशी ममता भुइंया के पक्ष में मतदान करने का अपील की। अमृत शुक्ला ने कहा कि भाजपा धर्म और जात के नाम पर समाज में विद्वेष फैला रही है। आम लोगों को इससे सावधान रहने की जरूरत है। पिछले दस वर्षों में केंद्र की कोई योजना धरातल पर नहीं उतरी है। इसलिए भाजपा



वाले विकास के बजाए मुसलमान,पाकिस्तान कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पलामू लोक सभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइंया भारी अंतर के साथ चुनाव जीतेंगी। कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर चंद्रवंशी ने आम लोगों को कांग्रेस के नीति सिद्धांतों से अवगत कराते हुए कहा कि सबको साथ लेकर चलने की क्षमता सिर्फ कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन में है। मौके पर इंटक नेता मनोज शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला, श्यामलाल शुक्ला, बासुदेव विश्वकर्मा, नागेंद्र चौबे, ब्रजेश चौबे, अजब नारायण शुक्ला, अकबर अंसारी, महबूब आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

# पड़वा दोस्त से मिलने गए युवक की बीसफुटा के समीप रेलवे लाइन से मिला शव

### राहुल पिछले पांच वर्षों से एक शोरुम में कार्य करता था

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के पड़वा दोस्त से मिलने गए मेदिनीनगर के युवक की बीसफुटा के समीप बैजनाथ सेवा आश्रम के सामने रेलवे लाइन से शव मिला है। युवक की पहचान अरविंद कुमार के पुत्र राहुल कुमार (24) के रूप में हुई है। राहुल बजाज शोरूम में पिछले पांच वर्षों से कार्य करता था। घटनास्थल के समीप से ही उसकी बुलेट मोटरसाइकिल बरामद हुई है मोबाइल नहीं मिला है। परिजनों ने हत्या और प्रेम प्रसंग से इनकार किया है। सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेलवे लाइन से डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच में भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। पिता अरविंद कुमार ने घटना की पूरी जानकारी दी। पिता के अनुसार मंगलवार को हर रोज की तरह बजाज शोरूम में काम के लिए निकला था। इसके बाद उसने पिता से फोन पर यह कहा कि मैं दोस्त के यहां जा रहा हूं। वह पड़वा किसी दोस्त से मिलने जा रहा है। रात 9 बजे उससे अंतिम बार बात हुई थी। घर लौट के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि कुछ देर में घर लौट जाएंगे, लेकिन रात को नहीं लौटा। सुबह के समय कुछ चरवाहों ने रेलवे लाइन पर शव देखकर इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर डेड बॉडी की पहचान की। घटनास्थल से मोटरसाइकिल पैन कार्ड पर पर्स आदि बरामद किया गया है। किसी ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने की संभावना जताई गई है। राहुल कुमार लेस्लीगंज के गोराडीह का मूल निवासी था, लेकिन उसका जीएलए कॉलेज के समीप संत जेवियर स्कूल के सटे भी घर है।

### हुसैनाबाद में इंडिया महागठबंधन का चुनाव कार्यालय खुला

# भारत की अस्मिता बचाने के लिए गठबंधन के पक्ष में मतदान करें : प्रदेश अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल मुख्यालय के जेपी चौक स्थित लोकनाथ केशरी के मकान में बुधवार को इंडिया महागठबंधन का चुनाव कार्यालय खोला गया। इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति व राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उक्त कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर पूर्व विधायक सह राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि चुनाव लड़ने वाले हर राजनीतिक पार्टी का एक अस्थायी जगह होना जरूरी होता है। उसी लिहाज से हुसैनाबाद के जेपी चौक में इंडिया महागठबंधन पार्टी का चुनाव कार्यालय खोला गया है। इस कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता बचाने का चुनाव है। भारत के संविधान और लोकतंत्र पर कोई खतरा न हो उसके लिए इंडिया



महागठबंधन से पलामू प्रत्याशी ममता भुइयां को विजयी दिलाएं। पलामू का चहुंमुखी विकास और पलायन पर रोक लगाने के लिए सभी लोग एकजुट होकर इंडिया महागठबंधन पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में पूरी ताकत के साथ जुट जाएं। उन्होंने 10 मई को हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में आयोजित तेजस्वी यादव के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव - गांव में प्रचारित करने को कहा है। इस मौके पर पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार,राजद के प्रदेश महासचिव राज अली उर्फ जाकिर अली, रवि यादव, रामजनम सिंह,कांग्रेस के लल्लू सिंह, अंबिका सिंह, कमख्या नारायण सिंह, राजेश्वर यादव, सुदामा यादव,जमील अहमद, श्रवण राम के अलावा महागठबंधन के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### 'मैं भी ब्रांड एंबेसडर' सोशल मीडिया अभियान चलाया गया

**विश्रामपुर।** नगर परिषद द्वारा आज शाम छः बजे से 'मैं भी हूं ब्रांड एंबेसडर' सोशल मीडिया अभियान चलाया गया। यह अभियान बिश्रामपुर गांधी चौक, बी मोड़ चौक और रेहला में चलाया गया। जिसमे नप और प्रखंड अधिकारी, कर्मी, नप प्रतिनिधि सहित काफी संख्या में आम लोग शामिल हुए। अभियान के दौरान नागरिकों को मतदान करने हेतु प्रेरित करते हुए संदेश दिया गया कि प्रत्येक जागरूक नागरिक मतदान हेतु 'स्वयं एक ब्रांड एम्बेसडर' है। सभी नागरिकों ने सोशल मीडिया पर योग्य प्रत्याशी को मतदान करने हेतु प्रचार-प्रसार किया और नागरिकों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि सभी लोग मतदान कर देश का जिम्मेवार नागरिक बनें। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### चिकित्सा प्रभारी ने निजी अस्पताल संचालकों के साथ की बैठक, कहा-

# चुनाव कर्मी को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार मे बुधवार को प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने क्षेत्र के निजी अस्पताल संचालकों के साथ बैठक की। बैठक का संचालन बीपीएम पंकज पाण्डेय ने किया। डॉ राजेंद्र कुमार ने सभी निजी अस्पताल संचालक को लोक सभा चुनाव के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर रखने का निर्देश दिया। कहा कि चुनाव कर्मी को हर हाल में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। अगर कोई चुनाव कर्मी बीमार हो जाते है तो निजी अस्पताल भी उनका मुफ्त में ईलाज करेगा, इलाज का खर्च स्वास्थ्य विभाग उठायेगा। खर्च संबंधित दस्तावेज बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यालय में जमा करना होगा। चुनाव के दिन 13 मई को इमरजेंसी सेवा हर हाल में बहाल रहनी चाहिए। उन्होंने जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम,माता का मृत्यु ,शिशु मृत्यु,परिवार नियोजन और सभी तरह के ऑपरेशन से संबंधित से मासिक प्रतिवेदन हर माह जमा कराने का भी निर्देश दिया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एम एम प्रसाद, डॉ, धीरज कुमार,डॉ विश्वजीत सिंह, एसटी विनोद तिवारी, निजी अस्पताल संचालक सफीर अंसारी, डॉ वकील रजा, मोहम्मद इल्हाक अंसारी, मधेश्वर सिंह, अशोक सिंह, नेयाज अंसारी,विशाल कुमार, शमशेर आलम,नजरूल हक सहित कई लोग मौजूद थे।



## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

मतदान की तिथि नजदीक है। हमें बुलंद हौसलों के साथ मतदान करना है और लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है।

**भोला पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि, पलामू।**

## ममता भुइयां पक्ष में मतदान करने की अपील की

**मेदिनीनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा व्यवसाय प्रकोष्ठ पलामू जिला अध्यक्ष दीपू चौरसिया के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के पदाधिकारी के साथ बाजार क्षेत्र में व्यवसायियों के बीच इंडिया गठबंधन की ममता भुइयां पक्ष में मतदान करने की अपील की। दीपू चौरसिया में कहा कि वर्तमान सांसद कभी भी व्यवसाय भाइयों के सुख-दुख में नहीं आते हैं कभी कोई घटना दुर्घटना घट जाने के बाद व्यवसाय भाइयों के बीच सांत्वना देने तक नहीं आते हैं। हमें ऐसा सांसद चाहिए जो हमेशा सुख-दुख में आए । ममता भुइयां के पक्ष में अपना मत दें । वे हमेशा हम सभी के बीच रहेंगी और हम सबको सुख-दुख बांटेंगी।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर 11 यूनिट किया रक्तदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू ईकाई ने पलामू क्लब में विश्व रेड क्रॉस दिवस पर विचार गोष्ठी, रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। विश्व रेडक्रॉस दिवस पर 11 यूनिट रक्तदान किया गया। वहीं 50 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई। विचार गोष्ठी में बोलते हुए सोसाइटी के सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी दुनांत के जन्म दिन के अवसर पर आठ मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया जाता है। रेड क्रॉस की स्थापना 17 फरवरी 1863 में की गई थी। जबकि भारत में इसकी स्थापना तीन मार्च 1920 हुई थी। पहली बार विश्व रेड क्रॉस दिवस आठ मई 1948 को मनाया गया था। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस का मुख्य उद्देश्य मानवता, आपदा में राहत कार्य चलाना, रक्तदान करना आदि है। इस वर्ष का रेड क्रॉस का थीम है मैं खुशी से दे रहा हूं यही खुशी मेरे लिए उपहार है। रेड क्रॉस संस्था चेरेटी एवं डोनेशन पर चलता है। पिछली सदी में रेड क्रॉस को सबसे अधिक दान देने वाले व्यक्ति टाटा ग्रुप के जमशेद जी टाटा हैं जिन्होंने 8 लाख 29हजार 734 करोड़ रुपया दान दिए हैं। 192 देशों में रेड क्रॉस कार्य कर रही है।

# ओवरलोड वाहनों पर नहीं लग रहा है लगाम, जान जोखिम में डाल कर सफर कर रहे यात्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना के बाद भी ग्रामीण रूटों पर चल रहे वाहन में ओवरलोडिंग पर लगाम नहीं लग पा रही है। अधिक कमाई के लालच में वाहन चालक ग्रामीण यात्रियों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। यात्री वाहन पर लटक कर सवारी कर रहे है। वहीं लोग भी जल्दी पहुंचने के चक्कर में अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं, लेकिन इन सब के बीच जिम्मेदार दोनों ही विभाग लापरवाह हैं। ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग दोनों ही कड़ी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। इसके वजह से वाहन चालकों का हौसला बढ़ा हुआ है। शहर के



चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस मुस्तैद रहती हैं। इसके बाद भी ओवरलोड कर ये वाहन धड़ल्ले से सड़कों पर आवागमन करते नजर आ रहे है और इन पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही है। ओवर लोड होने के कारण वाहन के असंतुलित होने की संभावना हमेशा बनी रहती है, इससे बड़ा हादसा भी हो सकता है। जिसकी चपेट में खुद वाहन चालक व अन्य लोग आ सकते हैं। इन सब के बावजूद भी न तो पुलिस और न ही परिवहन विभाग इस पर अंकुश लगा पा रहा है। वही इस संबंध में ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि वाहन पर न तो ओवरलोड सवारी बैठाना है और न ही ओवरलोड माल लादना है। यदि कोई वाहन संचालक ऐसा करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

## एक नजर

### अपने उद्देश्य, ईमानदारी से लगे रहना ही सफलता का सबसे बड़ा रहस्य है : मंगल सिंह

**मेदिनीनगर।** 'पथ सभा' कार्यक्रम के तहत शक्ति केंद्र आबादगंज एवं फेडरेशन ऑफ व्यापार संगठन द्वारा बेलवाटिका गुरुद्वारा में एक बैठक का आयोजन किया गया। भाजपा प्रत्याशी वी. डी. राम को व्यापारी संगठन ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया ।राम ने उन्हें हर संभव सहयोग की बात कही । साथ ही उन्होंने कहा कि सम्मानित जनता और व्यापारियों का जिस तरह वे सहयोग करते आये हैं।, आगे भी करते रहेंगे। प्रथम उपमहापौर ने कहा कि वे सम्मानित जनता के हर सुख दुख में सदैव उनके साथ खड़े रहे है और आगे भी इसी तरह खड़े रहेंगे । उन्होंने देश की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र की भूमिका पर चर्चा की । साथ ही वीडी राम को आपार मतों से विजयी बनाने की बात कही। उन्होंने आगे कहा कि अपने उद्देश्य में ईमानदारी से लगे रहना ही सफलता का सबसे बड़ा रहस्य है। बैठक में भाजपा प्रत्याशी वीडी राम, विधायक आलोक चौरसिया, भाजपा नेता-कार्यकर्ता सहित व्यापारीगण एवं सैकड़ों की संख्या में आम लोग उपस्थित थे।

### महासभा ने मनोज तिवारी के बयान की निंदा की

**मेदिनीनगर ।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के पलामू जिला अध्यक्ष विकास चंद्रवंशी ने मनोज तिवारी के बयान का विरोध करते हुए कहा कि मोदी जी के नाम पर जीने वाले कुछ प्रत्याशी आज अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं। दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी का बयान हम सभी के लिए उचित नहीं है ।किसी भी जाति का अपमान करना सही बात नहीं है। दिल्ली जैसे शहरों के सांसद पद पर रहते हुए ऐसी बयानबाजी मनोज तिवारी के लिए सही नहीं है। आप सांसद हैं आपके भाषण मर्यादित होनी चाहिए ।चंद्रवंयशी ने भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि इस बेतुके बयान के लिए मनोज तिवारी को यथा शीघ्र अपने पार्टी से निष्कासित करें। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष विजय चंद्रवंशी, जिला सचिव रंजीत चंद्रवंशी , अमित चंदेल, गुड्डू चंद्रवंशी , भुट्टो चंद्रवंशी , आनंद चंद्रवंशी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# एक सप्ताह में दूसरी बार बाजार में चोरी की घटना

## सुरक्षा को लेकर रात में पुलिस की होगी तैनाती : थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बाजार क्षेत्र के रुई मार्केट में बीती रात चोरों ने फिर से तीन दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बुधवार की सुबह भुक्तभोगी दुकानदार सुजीत कुमार गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद, अरुण कुमार अपने दुकान पहुंचे तो देखा की उनके दुकान का शटर का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद भुक्तभोगी दुकानदारों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर आस पास के दुकानों में लगे सीसी टीवी कैमरों की जांच की। परंतु चोरी की घटना से संबंधित कोई भी सुराग पुलिस



को नही मिला। आस-पास के दुकानदारों ने पुलिस को बताया कि जहां चोरी की घटना हुई है, वहां की एक दुकान में लोग दुकान बंद होने के बाद जुआ खेलते है और दुकान में बैठ कर शराब पीते है, जिसकी वजह से आस पास का माहौल खराब हो रहा है। दुकानदारों के बातो को सुन कर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने कहा कि यदि इस तरह की घटना अगले बार से होती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने कहा कि बाजार में लगातार चोरी की घटना को देखते हुए बाजार की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रात में दो पुलिस के जवानों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा यदि दुकानदारों को किसी प्रकार की अनहोनी महसूस होती है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। बतातें चले कि बाजार क्षेत्र में एक सप्ताह के अंदर यह दूसरी चोरी की घटना है। इसके पहले भी चोरों ने दीपू गुप्ता के दुकान से लगभग 10 हजार के कीमती चांदी के सिक्के चोरी कर फरार हो गए थे। जिनका अभी तक कुछ भी सुराग नहीं मिल पाया है। इस घटना के बाद संबंधित दुकानदारों ने शहर थाना में मामला दर्ज करा दिया है।

# वाहन के धक्के से एक घायल, स्थिति गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के निवासी बलदेव उरांव का 40 वर्षीय पुत्र बसंत उरांव बीती रात वाहन के धक्के से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उन्हें इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद भी उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुवे उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां इलाज के बाद भी उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई हैं। परिजनों ने बताया कि बसंत उरांव मंगलवार की रात मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से छतरपुर बाजार जा रहे थे, तभी पीछे से एक



अज्ञात वाहन उन्हें धक्का मार कर फरार हो गया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर घायल बसंत उरांव के अन्य परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर उन्हे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर शहर के एक निजी अस्पताल लेकर गए हैं।

# हम सभी मतदाता जागरूकता अभियान का हिस्सा बनें: बिनु



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मध्यदेशीय वैश्य हलवाई समाज द्वारा पलामू प्रमंडल में समाज की टीम बनाकर जिला एवं प्रखंड स्तर पर घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे हैं। समाज के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार बिनु ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक व्यक्ति को मतदान अवश्य करना चाहिए। साथ ही सभी मतदाता को घर एवं प्रतिष्ठान से निकलकर हर हाल में मतदान करना करें। हमें लोकतंत्र के महापर्व में पुरे उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार बिनु, सुनील कुमार मुन्ना, राज किशोर प्रसाद, शिवकेश्वर प्रसाद, सुशील प्रसाद, बबलू प्रसाद, जयप्रकाश प्रसाद, संजय प्रसाद, अमर कुमार गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## कई गांवों में आंधी बारिश व ओलावृष्टि फसलों की क्षति

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के कई पंचायत क्षेत्रों में बेमौसम बारिश, आंधी व ओलावृष्टि ने किसानों की नींद उड़ा दी है। दरुआ के किसान योगेन्द्र सिंह ने बताया कि आंधी व ओलावृष्टि से खेतों में किसानों के मक्का, मूंग, आम, नींबू, प्याज व सब्जियों की फसल को काफी क्षति हुआ है। बसारी, लोटनिया, सोनबरसा सहित कई गांव के हिस्सों में ओलावृष्टि व तूफान से आम के मंजर तक काफी ही नष्ट हो गये थे। जिससे इसकी पैदावार पर काफी दुष्प्रभाव आया है।

ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

# 23 हजार रुपए जुर्माना वसूला 23 दो पहिया वाहन किए गए जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में छह मुहान के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया, चार पहिया वाहनों को रोक कर उनकी गहनता पूर्वक जांच की गई। वाहन जांच के क्रम में बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड 23 मोटरसाइकिल को जब्त कर उसे सुरक्षार्थ हेतु शहर



थाना में रखा गया। इसके बाद ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी वाहनों को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेज दिया गया है। ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड पकड़े गए वाहनों से 23000 हजार रुपए का फाइन वसूला गया है। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि हर दिन लोगो को हेलमेट पहन कर दो पहिया वाहन चलाने की सलाह दी जाती है और ट्रिपल लोड चलने से मना किया जाता है। उसके बाद भी लोग मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस का चालान काटना मकसद नहीं है, बल्कि वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है, क्योंकि अधिकतर देखा गया है कि अधिक दुर्घटनाएं बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग करने से हो रही हैं। इस पर ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों को जागरूक किया और कानून का उल्लंघन करने वाले लोगों के चालान भी किए गए।

# जहरीला पदार्थ खाकर सदर अस्पताल की नर्स ने की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। नावाबाजार थाना क्षेत्र के खोड़ी गांव निवासी पंकज कुमार की पत्नी सदर अस्पताल की नर्स 27 वर्षीय प्रीति कुमारी उम्र 27 वर्ष बुधवार की शाम जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बारे में मृतक की बहन प्रिया कुमारी ने बताया कि प्रीति कुमारी कुछ महीनो से मेदिनीनगर शहर के पुलिस लाइन के समीप किसी के घर में किराए के मकान में रहकर सदर अस्पताल में काम करती थी। इस बीच बुधवार की शाम किसी से फोन पर झगड़ा कर वह जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली। खाने के बाद



उसकी स्थिति गंभीर हो गई। मकान मालिक के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। सदर अस्पताल के स्टाफ द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह,रोहित कुमार,रामजी दास, विनोद यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी सदर अस्पताल पहुंचकर घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए हैं। वही घटना के बाद शहर थाना की पुलिस शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है। जानकारी मिलने पर सदर अस्पताल के अन्य स्टाफ सदर अस्पताल पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ले रहे हैं। वही जानकारी मिलने मृतक के परिजन भी सदर अस्पताल पहुंच गए है। अस्पताल में परिजनों

# समस्याओं के समाधान नहीं होने पर लोस चुनाव बाद होगा आंदोलन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आकलन सफल सह प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी ने कहा है कि सहायक अध्यापकों की समस्याओं का समाधान सरकार जल्द नहीं करती है तो लोक सभा चुनाव बाद आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने झारखंड सरकार से सहायक अध्यापकों को भी आचार्य में शामिल होने का अवसर देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि झारखंड के दूर दराज इलाकों में सहायक अध्यापक शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। झारखंड की शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अपने और अपने परिवार के उज्जव भविष्य निर्माण के लिए चिंतित हैं। एक-एक कर सहायक अध्यापक काल के गाल में बिना किसी सरकारी लाभ के विदा हो रहे हैं। सरकार सत्ता में आने के पूर्व उज्जवल भविष्य की हसीन सपने दिखाती है। हमारी भावनाओं के साथ खेलती है और सत्ता मे आते ही हमें सरकारी तंत्र के फाइलो के चक्रव्यूह में फंसा कर रख देती है। उन्होंने सरकार से आकलन त्रुटि, आकलन प्रमाण पत्र, दूसरे आकलन का जल्द आयोजन, शहरी क्षेत्र के चिकित्सा अवकाश, चार प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी,2021 के उपरांत मृत सहायक अध्यपको के आश्रित परिजनों को एक मुस्त पांच लाख की राशि, अनुकंपा का लाभ,2021के बाद सेवानिवृत्ति साथियों को चार लाख की एकमुस्त राशि आदि प्रदान करने की मांग की है।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया जायेगा : मधुकर शुक्ला

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना 10 मई को भगवान परशुराम के जन्मोत्सव धूम धाम से रेड़मा स्थित भगवान परशुराम मंदिर के प्रांगण में मनायेगी। आप सभी को पूर्व से ज्ञात है कि राष्ट्रीय परशुराम सेना के द्वारा झारखण्ड के पहले परशुराम मंदिर की नीव मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित मथुराबाडी.में रखी थी। मंन्दिर का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है। मंदिर का निर्माण प्राण प्रतिष्ठा का समय नवंबर माह में प्रस्तावित है। भगवान परशुराम के जन्म उत्सव को लेकर राष्ट्रीय परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने बताया कि, अभी पूरे देश भर में लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा कई तरह के पाबंदी लगाई है, हालांकि राष्ट्रीय परशुराम सेना के द्वारा जन्म उत्सव को लेकर एक बड़े आयोजन करने की तैयारी थी, लेकिन, चुनाव के मद्देनजर रखते हुए सरकार के सभी गाईडलाईन का पालन करते हुए इस बार राष्ट्रीय परशुराम सेना, मंदिर के प्रांगण में पूजन संध्याकाल मे 5 बजे प्रदोष काल के शुभ मुहूर्त में सम्पन्न किया जाएगा । पूजन का कार्यक्रम धमार्चार्य रमेश पांडे एवं प्रकांड विद्धान नवीन पांडे के देख रेख में की जाएगी। शुक्ला ने बताया कि जन्म उत्सव में सनातन धर्म के सभी अनुयाई को आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संरक्षक कमलेश शुक्ला, प्रदेश संरक्षक, अजय तिवारी अकेला, बंसत तिवारी, परमेस तिवारी मुकेश तिवारी, प्रदेश अनुशासन समिति अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश शिक्षा सलाहकार अविनाश पाण्डेय प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी, प्रदेश पर्यवेक्षक संजीत पांडे, प्रमंडल उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ब्राह्मण, सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## एनसीपी कार्यकर्ता घर घर मांगेंगे भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट: कमलेश

**मेदिनीनगर।** एनडीए के घटक दल एनसीपी अजीत गुट के कार्यकताओं की बैठक हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में पार्टी द्वारा प्रतिनयुक्त पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह हुए शामिल। बैठक को एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें खुद भी बैठक में रहना था। मगर चुनावी कार्यक्रमों में व्यस्तता की वजह वह शामिल नहीं हो सके। इसका उन्हें काफी मलाल भी है।

## महिलाओ की टीम ने मतदान के लिए लोगों को किया जागरूक

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा लगातार शहरों और गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोंगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके तहत वरदान की महिला ईकाई ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में मतदान से संबंधित बैनर के साथ महिलाओं की टीम बेलवाटिका, पंपूकल, रविदास भवन, श्मशान घाट वाले रोड में गयी और राह चलते लोगों को साथ ही घर- घर जाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अभियान में संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा के अलावा, कंचन गुप्ता, संध्या अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, सुषमा देवी, प्रिया पांडे, सुषमा देवी, इंदिरा प्रकाश, रीना देवी, मंजू देवी, रूबी देवी, पूनम, रजनीगंधा, डॉली जी, रागिनी, आकांक्षा, सृष्टि, मन्नत सिंह बग्गा और लक्ष्य श्रेष्ठ शामिल थे।




# नई संस्कृति सोसायटी ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नई संस्कृति सोसायटी ने बुधवार को मेदिनीनगर के शहर के विभिन्न चौक -चौराहों हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित तख्तियों के साथ मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम चलाया। साथ ही साथ ट्रैफिक के नियमों को पालन करने और हेल्मेट पहनने की सलाह भी इन्हीं तख्तियों के माध्यम से दिया गया। संस्था के अध्यक्ष विशाल कुमार ने बताया कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार है। इन्हीं सोच के साथ नई संस्कृति सोसाइटी के बैनर तले हम सभी ने यह कार्यक्रम बनाया है और शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर ही नहीं, बल्कि गांव ,टोले- मोहल्ले और अन्यत्र सभी जगह पर हम सभी लोग जाएंगे और मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने का भरपूर प्रयास करेंगे।उपाध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने बताया कि हम सभी के अंदर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हो रहा है। प्रबंधक चंदा कुमारी ने कहा कि हम आज ही नहीं, बल्कि 13 तारीख तक जागरूकता कार्यक्रम को संचालित करेंगे। सचिव अजीत कुमार पाठक, प्रबंधक चंदा कुमारी, हिमांशु त्रिवेदी, उदय कुमार झा, संदीप प्रसाद गुप्ता, सुधाकर, गोपाल कृष्ण तिवारी, दिवाकर मिश्रा, पंकज निराला, अंकित कुमार, श्रद्धा कुमारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## समस्या — मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अधिकांश पंखे खराब, मरीज परेशान

# मरीजों को इस भीषण गर्मी में मुश्किलों का करना पड़ रहा सामना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों के साथ आए परिजनों को ठहरने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। वह बरामदे में अपना किसी तरह समय गुजारते हैं, लेकिन यहां का पंखा खराब होने से वह गर्मी में उबल रहे हैं और तो और जो पंखे चल रहे हैं, उसमें अधिकांश की रफ्तार इतनी सुस्त है कि हवा लोगों तक पहुंच ही नहीं पा रही है। जिसके वजह से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों व उनके साथ मौजूद परिजनों की मुश्किलें ज्यादा बढ़ रही हैं। अस्पताल के



वार्डों में लगे ज्यादातर पंखे लंबे समय से रिपेयरिंग न होने से महज हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। किसी के कंडेंसर खराब हैं, तो किसी में अन्य प्रकार की गड़बड़ी है। नतीजा यह है कि बिजली रहने के बाद भी यहां के पंखे ठीक ढंग से नहीं चल पा रहे। ऐसे में समुचित हवा मरीजों तक नहीं पहुंच पा रही है। अभी भीषण गर्मी का दौर चल रहा है और आसमान से आग बरस रही है, तब अस्पताल के पंखे सुचारु रूप से काम न करने से मरीजों व उनके तीमारदारों को व्यापक मुश्किलें हो रही हैं। अस्पताल में विद्युत आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तो की गई है ,लेकिन इसका समुचित लाभ वार्डों में भर्ती मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। इसके वजह से भीषण गर्मी में मरीजों को विभिन्न प्रकार की मुश्किलें उठानी पड़ रही हैं। मरीजों को राहत के लिए अपने घर से पंखा मंगाना पड़ रहा है।

## एक नजर

### बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए वाहन की व्यवस्था का निर्देश

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने बीएलओ और विधालय के रसोईया के साथ बैठक की। इसमें रसोइया को मतदान केन्द्रों पर घड़े में पानी रखने, कमीयों के लिए भोजन बनाने एवं किसी भी प्रकार की समस्याओं की जानकारी कंट्रोल रूम को देने का निर्देश दिया गया। वहीं बीएलओ को बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को वाहन की व्यवस्था से मतदान केंद्र पर ले जाकर मत दिलवाने का निर्देश दिया गया। बीडीओ कहा की मतदान केंद्र पर मतदाता को ले जाने के लिए 30 टम्पों का प्रबंध किया गया है।

### इंडिया महा गठबंधन कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**मझिआंव। गढ़वा।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पुराने हॉस्पिटल के बगल में राजा टेंट हाउस में इंडिया महागठबंधन कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष शेख सकील अहमद, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष डॉ एस एन त्रिपाठी, बीससूत्री अध्यक्ष विजय कुमार दुबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। तत्पश्चात सभी इंडिया महागठबंधन के सभी पदाधिकारी ने कार्यालय में मजबूती से प्रचार प्रसार, डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान,देश और संविधान बचाओ मुद्दों पर विचार विमर्श किया। कार्यालय उद्घाटन के दौरान सिराज अहमद खान, राष्ट्रीय जनता दल के नगर पंचायत अध्यक्ष इमरान खान, मीडिया प्रभारी शाहबाज आलम, सतेंद्र पांडे,बिरेंद्र सोनी,देवेंद्र कुमार,पूर्व मुखिया शेख अमरूदीन, हरदेव राम,मुमताज खां तथा कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर ने महिला को रौंदा, मौत

**कांडी।** कांडी थाना क्षेत्र के राणाडीह गांव में अनियंत्रित ट्रैक्टर ने एक महिला को रौंदते हुए घर में जा घुसा। इस घटना में कईल पासवान की 55 वर्षीय पत्नी चंद्रावती देवी की दर्दनाक मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकि एक छोटी बच्ची घायल है। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों द्वारा घटनास्थल पर मुख्य सड़क पर टेंट लगाकर शव के साथ मझिआंव- सुंडीपुर मुख्य सड़क को घंटों जाम कर उचित मुआवजा का मांग पर अड़े रहे। उक्त ट्रैक्टर मझिआंव की ओर से सुंडीपुर की ओर जीपीएस ईंट भट्ठा पर जा रही थी, जिसे एक नाबालिग लड़का चला रहा था। मौके पर थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर स्थिति को समान्य बनाने की कोशिश कर रहे थे।

## पिता से नोंकझोंक के बाद युवक ने खाया जहर, चल रहा इलाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के सोनेहारा गांव निवासी अमानत अंसारी पिता जलसुद्दीन अंसारी ने बुधवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि जलसुद्दीन अंसारी ने अपनी पहली बीबी के पुत्र अमानत अंसारी को पैतृक संपत्ति में अभी तक हिस्सा नहीं दिया है। जबकि इन दिनों जलसुद्दीन अंसारी ने अपनी दूसरी बीबी की पुत्री की शादी में 70 हजार रुपये देने के लिए अमानत अंसारी पर दबाब बना रहा था। इसे लेकर पिता-पुत्र में नोंक-झोंक हो गई। इस बात से नाराज अमानत अंसारी ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

## प्रखंड प्रशासन की पहल : मायर गांव में घर-घर जाकर मतदाताओं को किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड कर्मियों ने मुकुन्दपुर गांव के मायर टोला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी के नेतृत्व में प्रखंड कर्मियों ने घर-घर जाकर ग्रामीण महिला पुरुष मतदाताओं को 13 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाकर वोट देने का आग्रह किया।साथ ही उपायुक्त गढ़वा द्वारा जारी पोस्टकार्ड और अपील पत्र का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर बीडीओ सावित्री कुमारी ने मतदाताओं से कहा की बीना किसी भय और लालच में आयें सपरिवार मतदान केंद्र पर जाकर वोट करें। उन्होंने कहा की मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए आपका एक-एक वोट महत्वपूर्ण है। बीडीओ ने कहा की 90 प्रतिशत से अधिक मतदानवाले केन्द्रों पर जिला प्रशासन द्वारा मतदाता पर्व मनाया जायेगा तथा मतदाताओं के साथ मिलकर वृक्ष लगाया जायेगा। इसमौके बीपीआरओ सुरेश राम, बीपीओ दीपक जयसवाल, प्रखंड समन्वयक राकेश कुमार, कनीय अभियंता राजीव कुमार, पंचायत सचिव आयुषी चौबे, रोजगार सेवक धीरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, पंकज सिंह, संजीव कुमार,विनय कुमार, सुधांशु कुमार, छोटन कुमार,दीपक कुमार, जयराथ अंसारी सहित बीएलओ और शिक्षक मनोज कुमार मौजूद।

# देवर-देवरानी ने महिला को पीटकर किया घायल, सदर अस्पताल में इलाजरत



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के उड़सुगी गांव में देवर-देवरानी ने एक महिला पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना में घायल संगीता देवी का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार संगीता देवी के पति मुंबई में काम करने गए हैं। जबकि संगीता देवी अपने तीन नाबालिग बच्चों के साथ घर में रहती है। महिला को घर में अकेला होने के कारण उसका देवर सत्यनारायण तिवारी हमेशा मारपीट एवं कई तरह से परेशान करते रहता है। बताया गया कि सत्यनारायण तिवारी ने अपने भाई संतोष तिवारी के हिस्से में ही बालू एवं छर्री रखा है। संगीता देवी ने बालू एवं छर्री को हटाने के लिए कह दिया। इस पर सत्यनारायण तिवारी एवं उसकी पत्नी पूजा देवी ने मिलकर संगीता का गला दबाकर मारने का प्रयास किया तथा डंडे से जमकर पिटाई कर दी। उसका दायां हाथ को तोड़ दिया। उनलोगों ने संगीता के पुत्र दो वर्षीय शिवांश को उठाकर फेंक दिया। जिससे उसके सिर में चोट लगी है। इस घटना को लेकर घायल महिला ने गढ़वा थाना पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## सड़क किनारे पेड़ से टकराई बाइक, दो घायल, सदर अस्पताल में इलाजरत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भंडरिया-रमकंडा रोड में बैरिया के समीप तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार भंडरिया निवासी धर्मराज सिंह पिता स्व. इंद्रदेव सिंह एवं पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के मायापुर गांव निवासी दीपक मांझी पिता मेठन मांझी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया गया कि धर्मराज सिंह एवं दीपक मांझी एकही मोटरसाइकिल पर सवार होकर भंडरिया से रमकंडा जा रहे थे। इस दौरान बैरिया के समीप तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर इनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे पेड़ में जा टकराई। इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दीपक मांझी का बायां पैर फ्रैक्चर हो गया। जबकि धर्मराज सिंह के चेहरे एवं शरीर के कई हिस्से में चोट लगी है। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को अस्पताल भेजवाया गया।

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल, अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** एनएच 75 गढ़वा-मुड़ीसेमर मार्ग पर मेराल के समीप बुधवार को चलते हुए मोटरसाइकिल से गिरकर सैरून निशां पति समसुद्दीन अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गई। वह पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के मनसारा गांव की रहनेवाली है। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि सैरून निशां अपने पुत्र अली रजा के साथ मोटरसाइकिल से भवनाथपुर से अपने घर लौट रही थी। इस दौरान मेराल में यह घटना घटित हो गई।

## डॉक्टर दंपति ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से किया मतदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** रंका प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी व उनकी पत्नी डॉ महजबीं ने बुधवार को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। उक्त लोगों ने के गढ़वा समाहरणालय में बनाए गए मतदान केंद्र पर मतदान किया। इस अवसर पर डॉ असजद अंसारी व डॉ महजबीं ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। सभी को वोट देने का अधिकार है। मतदान नागरिक का कर्तव्य है। मतदान हमारे देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। मतदान ही हमारे लोकतंत्र के लिए रूपरेखा तैयार करता है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को अपने मतों का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है। वहीं भारत के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने के अधिकार का प्रयोग करने की अनुमति देता है। मतदान एक निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है। सामाजिक और राजनीतिक समानता को बढ़ावा देता है।

## शव पहुंचने के साथ ही गांव में मचा कोहराम मोहम्मदगंज में वज्रपात से हुई थी मौत



**नवीन मेल संवाददात**

**कांडी।** थाना क्षेत्र के खुटहेरिया गांव के भरतपहाड़ी टोला के जोखन रजवार के 15 वर्षीय पुत्र बसंत रजवार का शव बुधवार को घर पहुंचने के साथ ही घर व गांव में कोहराम मच गया।मालूम हो कि बसंत की मृत्यु मंगलवार को वज्रपात के वजह से हो गयी थी। मृतक बसंत अपनी मां के गांव गोल पत्थर पंचायत मोहम्मदगंज जिला पलामू गया हुआ था। सात मई मंगलवार को लगभग 4:30 बजे शाम में वज्रपात की वजह से मृत्यु हो गई । जिसका पोस्टमार्टम जपला सरकारी अस्पताल में किया गया था। तत्पश्चात परिजनों को शव सुपुर्द किया गया । मृतक का शव बुधवार को 10:00 बजे पैतृक गांव भरत पहाड़ी आया। जिसे देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जोखन रजवार का एकमात्र पुत्र बसंत रजवार की शव को देखकर परिजनों मे कोहराम मच गया। मृतक बसंत रजवार के पिता रोजी-रोटी के तलाश में राजस्थान गए हुए हैं जो अब तक नहीं आए हैं। इसलिए अब तक अंतिम संस्कार नहीं हो पाया है। मुखिया अनिता देवी व उपमुखिया अतीस सिंह ने मृतक के घर जाकर परिजनों को संतावना दिए। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## न्यूज गैलरी

### जंगल में भट्ठी में दिन भर होती है शराब चुलाई और रात भर ढुलाई

**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी शहर से पश्चिम उत्तर लगभग 13 किमी दूर स्थित कुम्बा खुर्द के जंगल में शराब माफियाओं का राज चल रहा है। शहर के पेशेवर शराब माफियाओं का जंगल में मंगल है। जानकारी के अनुसार कुम्बा खुर्द जंगल में डैम के उत्तर साइड में दिन के उजाले में शराब की भट्ठी में दिन भर अवैध देशी महुआ शराब की चुलाई हो रही है। बताया गया है कि भट्ठी में महुआ शराब की दिन भर चुलाई और ट्यूब में भरकर रात भर बाईक से ढुलाई होती है। इसके बाद ऑर्डर के मुताबिक सुविधानुसार माफिया शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शराब पहुंचाते हैं। बताया जाता है कुम्बा खुर्द की शराब की भट्ठी में प्रतिदिन एक पिकअप महुआ की खपत है। मतलब एक पिकअप महुआ का बड़े बड़े ड्रामों में पास तैयार कर उससे शराब चुलाई की जाती है। भट्ठी में प्रतिदिन लगभग 300 से 400 लीटर महुआ शराब तैयार होता है। सूत्रों ने बताया कि गत मंगलवार को भी एक पिकअप महुआ भट्ठी में पहुंचा है। कुम्बा खुर्द में शराब की भट्ठी शहर के दो पेशेवर अवैध देशी महुआ शराब माफिया चला रहे हैं। दोनों आदतन इस गोरखधंधे के अपराधी हैं। कतिपय लोगों से जान पहचान का लाभ उठाते हुए दोनों ने चुनाव के दौर में जब जिले हर जगह अवैध शराब भट्ठियां तोड़ी जा रही है, तब बड़े आराम से दिन के उजाले में शराब भट्ठी चला रहे हैं। अब मामले का खुलासा होने पर यह देखना दिलचस्प होगा कि इस चुनावी माहौल में माफियाओं पर किस तरह की कार्रवाई की जाती है।

### ड्राइवर ने प्रखंड कार्यालय पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया, जांच कर कार्रवाई करने की मांग

**मेराल ।** ओखरगाड़ा गांव निवासी ड्राइवर सत्य प्रकाश को मेराल ब्लॉक से हटाने पर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ड्राइवर सत्य प्रकाश ने प्रखंड कार्यालय पर भ्रष्टाचार का बड़ा गंभीर आरोप लगाया है। उसने झारखंड के मुख्य सचिव सहित कई आला अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर प्रखंड नाजिर पर अधिकारियों के मिली भगत से किए गए भ्रष्टाचार की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर उसने न्यायालय की शरण लेने की बात कही है। साथ ही चालक द्वारा प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर मांगे गए आरटीआई के बाद धमकी मिलने का आरोप लगाते हुए प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, प्रखंड नाजिर सुनील कुमार, मनोज कुमार दुबे उर्फ बबलू दुबे, गिरिजा देवी पति कन्हाई साव तथा सुनील प्रसाद गुप्ता पिता लखन प्रसाद पर गढ़वा सिविल कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि उपरोक्त विपक्षी द्वारा साजिश कर मुझे चालक पद से हटाया गया है तथा मुझे परेशान करने के लिए तरह-तरह के हथकंडा अपनाया जा रहा है। इसके पूर्व सत्य प्रकाश द्वारा ईडी को पत्र लिखकर नाजीर द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का जांच कर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

**जांच में दोषी पाए जाने पर होगी विधि सम्मत कार्रवाई : बीडीओ**

मेराल प्रखंड कार्यालय में चालक के पद पर 14 वर्षों से कार्यरत सत्य प्रकाश कार्य मुक्त होने पर प्रखंड नाजिर पर पदाधिकारी की मिली भगत से भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप लगाया गया है के संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ जागो महतो ने कहा कि आरोप पर गंभीरता से जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा की रिकॉर्ड जीत होगी: विश्वकर्मा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश सचिव शिव कुमार विश्वकर्मा ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से वोट देने का अपील करते हुए कहा है कि ग्रामीण मतदाताओं को वोट प्रतिशत से बसपा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा की रिकॉर्ड जीत होगी। उन्होंने कहा कि जन आशीर्वाद और पूर्व के कार्यों की बदौलत बसपा पलामू में रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेगी। विश्वकर्मा ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि देश के संविधान को बर्बाद करने वाली पार्टी को इस बार जनता सबक सिखायेगी। उन्होंने कहा कि देश महंगाई और बेरोजगारी से जुझ रहा है। पलायन और सुखाड़ पलामू का मुख्य मुद्दा है, जिस पर भाजपा कुछ नहीं बोलती। उन्होंने कहा कि अगर यहां से बसपा की जीत होगी तो गरीब शोषित लोगो के हित में काम होगा, क्योंकि बसपा उम्मीदवार कामेश्वर बैठा ने अपने जीवन के 25 साल समाज के दबे कुचले लोगों के लिए काम किया है।

## मंत्री ने किया मेराल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निशेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को मेराल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा कर लोगों से पलामू लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को जीताने की अपील किया। इस दौरान सभी पंचायतों में मंत्री ठाकुर ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मंत्री ठाकुर ने प्रखंड के पंचायत चामा, दुलदुलवा में मुख्य बस्ती बागीचा में तीसरटेटुका के चिनियां मुख्य मार्ग के समीप करकोमा एवं हासनदाग पंचायत का हासनदाग खेल मैदान में, गोंदा पंचायत के लातदाग में एनएच 75 के समीप, बाना पंचायत के कुम्हार टोला में, गेरूआ पंचायत के देवगाना स्टैंड में, मेराल पूर्व पंचायत के करकोमा रोड में, मेराल पश्चिमी पंचायत के देवी मंदिर के बगल में, तेनार पंचायत के पैकाही स्कूल के बगल में, पढ़ुआ पंचायत के पतहरिया स्कूल के समीप, लोवादाग पंचायत में दुर्गा मंडप के समीप, संगबरिया पंचायत में बनुआ स्कूल के समीप, अरंगी पंचायत में पंचायत भवन के समीप तथा विकताम पंचायत में कमरमा नदी के समीप आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व मुखिया विजय सिंह, अतहर अली, अशरफी राम, शंभू राम, यासीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## समीक्षात्मक बैठक में ड्रेस कोड में रहने के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजन कुमार दास की अध्यक्षता में मासिक समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मलेरिया, टीवी, आरबीएसके, कुपोषण, डायरिया, नियमित प्रतिरक्षण, कुष्ठ , परिवार नियोजन, सहिया कार्यक्रम इत्यादि पर चर्चा की गई। साथ ही 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के संबंध में सभी कर्मचारियों को रोस्टर के अनुसार कार्य करने एवं ड्रेस कोड में रहने के निर्देश के साथ - साथ आपात स्थिति में 108 एंबुलेंस एवं अन्य एंबुलेंस को अलर्ट पर रहने के लिए निर्देश दिया गया। इस मौके पर जिला आपदा पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, जिला वीबीडी सलाहकार अरविंद कुमार द्विवेदी,डॉक्टर रंजन कुमार दास डॉक्टर, दिनेश कुमार, नितेश भारती, डॉ अभिनित विश्वास, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, अनूप कुमार, अरुण लकड़ा, मनोज पाठक, धर्मजीत राम,वायलेट इक्का, गुप्तेश्वर प्रसाद बीटीटी अनुज कुमार, सुनील कुमार पटेल,लालसा कुमारी, राधा रितु कुमारी सहित सभी सीएचओ ,एएनएम, बीटीटी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## राजनीति

### भवनाथपुर में इंडिया गठबंधन की चुनावी जनसभा

# भाजपा हिंदू - मुस्लिम के नाम पर देश में नफरत फैला रही है : तेजस्वी यादव

### भाजपा देश से संविधान व आरक्षण को समाप्त करने का प्रयास कर रही: मिथलेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भाजपा हिंदू मुस्लिम के नाम पर देश में नफरत फैला रही है। जिन बेरोजगारो के हाथो में कलम होनी चाहिए उन हाथो में तलवार पकड़ा कर आपस में लड़ा रही है। वादा करते है, केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो भवनाथपुर सेल के खाली पड़े 4 हजार एकड़ जमीन में उद्योग संस्थान स्थापित कर पलामू प्रमंडल से बेरोजगारी दूर करने का मांग करेंगे। उक्त बाते बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने स्थानीय जामा दो उच्च विद्यालय के मैदान इंडिया गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी ममता भुंइया के पक्ष में चुनावी जनसभा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार में जनता महंगाई, पलायन व बेरोजगारी का दंश झेल रही है। 2014 से अभी तक भाजपा 10 वर्षो तक केंद्र में सत्ता पर काबिज रही, लेकिन न तो विदेश से कालाधन वापस आया, ना युवाओं की सरकारी नौकरी लगी और ना ही देश में महंगाई कम हुई है। कहा कि नोटबंदी में जनता की जगह भाजपा को फायदा हुआ, इलेक्ट्रोल बॉन्ड के जरिये पूंजी पतियों से हजारो करोड़ रुपए चंदा के रूप में उगाही की। भाजपा मुद्दे की बात नही बोलती, भाजपा हिंदू मुस्लिम कर समाज को तोड़ने का काम रही है, देश के संविधान को तोड़ने तथा आरक्षण को खत्म करने का प्रयास कर रही है। कहा कि केंद्र में इण्डिया गठबंधन की सरकार बनी तो प्रति वर्ष 1 करोड़ योवाओं को सरकारी नौकरी, गैस सिलेंडर पांच सौ रुपए में मिलेगी तथा गरीब बहनो को पढाई हेतु प्रत्येक वर्ष एक लाख रुपए दिये जायेंगे। उन्होंने जनसभा में उपस्थित लोगो से आने वाली 13 मई को इंडिया गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी ममता भुंइया के चुनाव चिन्ह लालटेन छाप पर बटन दबाकर भारी मतो से जिताने की अपील की।



### भाजपा भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देती है: मिथलेश ठाकुर

मंत्री मिथलेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा देश से संविधान व आरक्षण को समाप्त करने का प्रयास कर रही है। जिसे किसी भी कीमत पर इण्डिया गठबंधन समाप्त नही होने देगा। कहा कि भाजपा भ्रष्टचारियों को संरक्षण देती है। भाजपा रूपी वाशिंग मशीन में धूल कर घोटालेबाज खुलेआम घूम रहे है। भाजपा सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने का काम किया है, जिसे जनता इस चुनाव में सबक सिखायेगी।

### यह चुनाव देश के संविधान बचाने के लिए है : मुकेश साहनी

वीआईपी अध्यक्ष मुकेश साहनी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लिए यह चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा देश के संविधान बचाने के लिए है। कहा कि बाबा साहेब की संविधान देश में बराबरी का दर्जा देती है, जिसके बदौलत मैं आज यहाँ खड़ा हूँ, लेकिन भाजपा संविधान को ही समाप्त करना चाह रही है। भाजपा वाले संविधान को ताक पर रख चुनाव में विधायक व सांसदों की खरीद फरोख्त करते है। भाजपा सरकार में सरकारी संस्थानों का निजीकरण किया जा रहा है। भाजपा अच्छे दिन लाने का वादा कर 10 वर्षो तक राज किया लेकिन अभी तक लोगो के लिए अच्छे दिन नही आयें।

### महंगाई से लोग त्रस्त है : ममता भुइंया

जबकि इंडी गठबंधन राजद प्रत्याशी ममता भुइंया ने कहा कि देश जिस दौर से गुजर रहा है, वह किसी से छुपा नही है, महंगाई से लोग त्रस्त है। पलामू में बेरोजगारी सुरसा की तरह मुंह फैलाये खड़ी है। यहाँ से पलायन करने वाले लोगो के पास से पैसा आने की जगह उनकी लाशे आ रही है। वर्तमान पलामू भाजपा सांसद बोलते चल रहे है, कि हम विकास किये है, लेकिन इसके उलट ग्रामीण क्षेत्रो में सड़के बदहाल है, किसानो के खेतो में पानी नही पहुंचा है। एनएच 75 के निर्माण में किसानो को उचित मुवावजा नही मिला। कहा कि भवनाथपुर घाघरा व तुलसीदामर खदाने बंद पड़ी है, लेकिन वर्तमान भाजपा सांसद सेल के खाली पड़े जमीन में इंडिस्ट्रीयल कॉरिडॉर लगवाने में विफल साबित हुए, अगर यहाँ कॉरिडोर खुल जाता तो पलामू प्रमंडल से बेरोजगारी स्वतः समाप्त हो जाती। उन्होंने पलामू प्रमंडल से बेरोजगारी दूर करने हेतु उपस्थित जनसमूह से आगामी 13 मई को अपने चुनाव चिन्ह लालटेन पर बटन दबाकर जिताने की अपील की।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक ने कांग्रेस कार्यालय में की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक



**मनिका(लातेहार)।** मनिका प्रखण्ड मुख्यालय स्थित लैंप्स के समीप कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। वहीं विधायक रामचंद्र सिंह ने लोगों को कहा की चतरा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी का जीत को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि दरोगी यादव, बिसुत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, सुरेन्द्र भारती, संजय सिंह, तस्लीम अंसारी, अजय यादव, धनेश्वर सिंह समेत कई इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### इंडी गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने किया प्रचार



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के बालुभांग पंचायत के सभी बुथो पर इंडिया गठबंधन प्रखंड पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने चतरा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ के एन त्रिपाठी को भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर प्रचार अभियान चलाया. जिसमे इंडिया गठबंधन के पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा सरकार के जुमलेबाजी का सरकार है सबका साथ सबका विकास, नारी सशक्तिकरण, बेटी बचाव बेटी पढाव , अबकी बार 400 पार जैसे जुमलेबाजी करके जनता को धोखा देने का काम है, साथ ही, संप्रदायिकता, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व मंहगाई चरम पर पहुँच चुका है, पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं कांग्रेस के नितियो से मतदाताओं को अवगत कराते हुए कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष मे मतदान की अपील की। मौके पर रा.सांसद. प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार राजद प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव, झामुमो बीससुत्री अध्यक्ष सह प्रखण्ड अध्यक्ष राजेंद्र गंझु युवा मोर्चा कांग्रेस उपाध्याय लालआशिसनाथ शाहदेव पवन यादव, अमन यादव, संतोष यादव, मुकेश यादव संजय यादव सहित अनेको कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# एसडीएम ने मतदाता आमंत्रण पर्ची की जांच की

## वोटरों को मतदान के लिए किया गया जागरूक

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
लातेहार एसडीएम सहित प्रखंड के कई पदाधिकारी और सीसीएल एनटीपीसी के अधिकारियों ने मतदाता जागरुकता के लिए मगध एरिया अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान एसडीएम ने मतदाता आमंत्रण पर्ची का भी लोगों के बीच जाकर जांच की और मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण की गई।



मौके पर आरा ग्राम में हो रही साईलो निर्माण का एसडीएम ने जायजा लिया। इस दौरान साइलो में जा रही भूमि को लेकर रैयतों ने एसडीएम के समक्ष सीसीएल के उपस्थिति में अपनी समस्या रखी जिन्हें निष्पादन करने की आश्वासन दी गई ।

### सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में मांगा गया वोट

**महुआडांड़।** भाजपा महुआडांड़ मंडल द्वारा पथ सभा कार्यक्रम का आयोजन नेतरहाट पंचायत में किया गया इस सभा का अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद के द्वारा किया गया. मुख्य वक्ता सर्वेश उर्फ बिट्टू ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से देश का चौमुखी विकास होगा और समाज की अंतिम व्यक्ति का मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा मौके पर. अजय प्रसाद, सुधीर वृजिया, बिट्टू, आंनद नाथ शाह, राम जायसवाल, राजू सिंह, मो तौहीद, संतोष कुमार,मनुवा किसान, बबलू जी, गजेन्द्र किसान, चांदनी भगत, संध्या टोप्पो, शोनी कुमारी, रबी शंकर, प्रभात रंजन, दीपक जी, अलबिनुस बृजिया , चन्दन नगेसिया, राधा खा-खा, सुनीता देवी, प्रेमा देवी, छोटसाय नगेसिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता महिला पुरुष उपस्थित थे।

## तेज आंधी तूफान बारिश व ओले ने मचाई तबाही

### 24 घंटे से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप





**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
**गिद्धौर/पत्थलगड़ा।** जिले के गिद्धौर व पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र में बीते शाम अचानक आए तेज आंधी व बारिश के साथ पड़े ओले से विभिन्न विद्यालय में लगे सोलर सिस्टम, सिटिक्स के साथ दर्जनों करकटनुमा मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार गिद्धौर प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जमुआ में बना शौचालय तेज आंधी में पेड़ के गिरा जाने से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय रूपिन में लगे सोलर प्लेट, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बायं में लगा सोलर सिस्टम, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहरा में लगा सोलर सिस्टम नल क्षतिग्रस्त हो गया है। साथ ही पहरा में लगा पानी का सिंटेक्स टंकी उड़कर नीचे गिर गया है। वहीं पत्थलगड़ा निवासी दुलारचंद दांगी का करकटनुमा घर भीषण आंधी में क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान दर्जनों करकटनुमा मकान क्षतिग्रस्त हो गए, तो कई झोपड़ियां भी आंधी में तहस नहस हो गई।

# महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
चतरा संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में कांग्रेस समेत महागठबंधन के अन्य दलों द्वारा प्रखंड के मोरवाई पंचायत के एक दर्जन गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाते हुई ग्राम सभा का आयोजन कर कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में वोट करने की अपील किया गया। सैदूप ग्राम में आयोजित ग्राम सभा में प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता ने आने वाली 20मई को होने वाली लोकसभा चुनाव में देशहित में महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को वोट देकर विजय बनाने की अपील किया। कहा की इस बार संविधान बचाने के लिए आने वाली 20मई को अपने अपने घरों से निकल कर कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने के लिए वोट करे।इसी प्रकार महागठबंधन के कांग्रेस व अन्य दलों के सदस्यों द्वारा मोरवाई ,झरना, करमपानी, हिटली समेत पुरे मोरवाई पंचायत से सभी गांव में महागठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में प्रचार अभियान चलाया।



# सरकार की महत्वकांक्षी नल जल योजना से वंचित है सैकड़ो घर, ग्रामीणों में आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
**हंटरगंज।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा पंचायत के बलनिया कुमीटोला में सैकड़ो घर सरकार की महत्वकांक्षी नल जल योजना के लाभ से वंचित है। जहां एक ओर केंद्र व राज्य की इस संयुक्त योजना के तहत झारखंड में हर गांव व टोले में पेयजल की व्यवस्था की गयी है। वहीं जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा पंचायत का बलनिया कुमीटोला एक ऐसा गांव है जहां इस योजना का नामो निशान नही है।

ग्रामीणों का कहना है कि टोले में निवास करने वाले लगभग सौ घर के लोगों से नल जल योजना से जोड़ने को लेकर संबंधित कागजात ग्रामीणों से ले लिया गया पर अभी तक टोले में नल जल योजना का कार्य नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है की यहां लगे सरकारी चापानल भी सूखे पड़े हैं। जैसे तैसे पास पड़ोस से पेयजल व खाना बनाने के लिए बड़ी मस्कत से पानी का जुगाड़ कर रहे हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि केंद्र की इस महत्वाकांक्षी योजना का प्रचार तो जोर शोर से किया जाता है, लेकिन पार्टी स्तर पर या प्रतिनिधियों द्वारा उक्त योजना का लाभ ग्रामीणों को दिलाने की पहल नहीं की गई। ग्रामीणों जल्द से जल्द नल जल योजना का लाभ दिलाने की मांग विभाग व क्षेत्र प्रतिनिधियों से की है।

## पथ सभा के माध्यम से पहुंचाया गया नरेंद्र मोदी का संदेश

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
भाजपा महुआडांड़ मंडल के द्वारा पथ सभा कार्यक्रम का आयोजन चटकपुर पंचायत के ग्राम गोठगांव के दुर्गा बाड़ी परिसर में किया गया. इस सभा का अध्यक्षता भाजपा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम बड़ाईक के द्वारा किया गया, मंच का संचालन मंडल महामंत्री जमूना प्रसाद ने किया.

इसमें पंचायत स्तर पर निवास करने वाले कार्यकर्ता एवं आम जनों को पथ सभा के माध्यम से जोड़ा गया मुख्य वक्ता कोर कमिटी सदस्य भुवनेश्वर सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से देश में तेज गति से विकास हुआ, चतरा सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह को भारी मतो से विजय बना, हम फिर एक बार मोदी सरकार बनायेंगे. मौके पर एसटी मोर्चा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपेन्द्र नाथ शाह, सरना समिति भूतपूर्व अध्यक्ष अजय उरांव, रामदत्त प्रसाद, बिमलेश नाथ शाह, केशवर जायसवाल, समेत भारी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा विधायक ने पीएम के कार्यक्रम को लेकर पहुंचे मयूरहंड, कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेवारी

**नवीन मेल संवाददाता**
**मयूरहंड (चतरा)।** सिमरिया के भाजपा विधायक किसुन कुमार दास आगामी 11मई को सिमरिया-मुरवे मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बुधवार को मयूरहंड प्रखंड पहुंचे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेंद्र नायक की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने पर गहन विचार विमर्श करते हुए दस पंचायतों के शक्ति केंद्र और पंचायत प्रभारियों, संयोजकों, बूथ अध्यक्षों और प्रखंड प्रभारी के साथ कार्यक्रम में शामिल होने की रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में मुख्य रूप से सिमरिया विधायक ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए भारी संख्या में सिमरिया चलो का नारा देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने अबकी बार चार सौ पार का नारा कार्यकताओं के बीच बुलंद किया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को पांच लाख वोटों से विजय दिलाने की बात कही। बैठक में कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा प्रत्याशी को पांच लाख वोटों से जिताने का संकल्प लिया। इसके लिए हर घर तक जाने और शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को बूथ तक ले जाने और मतदान कराने की जिम्मेवारी शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक, बूथ अध्यक्षों ने लिया। बैठक में मंडल के चुनाव पर्यवेक्षक रसिक शिरोमणि, बसंत नारायण सिंह, पूर्व विधायक प्रत्याशी सुजीत भारती, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह, पिंटू सिंह, परमानंद सिंह, नित्यानंद सिंह व आदित्य सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)

**आदेश**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के अलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए गढ़वा जिला अंतर्गत मतदान की तिथि दिनांक 13.05.2024 (सोमवार) को प्रातः 07:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित है। इस निमित्त दूसरे राज्यों से आने वाले केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल एवं झारखण्ड राज्य से आनेवाले पुलिस बल का आवासन हेतु गढ़वा जिला के विभिन्न भवनों को पुलिस अधीक्षक, गढ़वा द्वारा चिन्हित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक, गढ़वा का पत्रांक 237/अनु0 दिनांक 18.03.2024 एवं पत्रांक 546 दिनांक 29.04.2024 से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार चिन्हित भवनों का विवरण निम्न प्रकार है:–

| क्रम | थाना/ओ.पी. का नाम | आवासन स्थल का नाम |
|---|---|---|
| 1 | Bhandaria | Madgadi Picket, Madgadi |
| 2 | Bhandaria | Bijka Picket, Bijka |
| 3 | Bhandaria | Parro Picket, Parro |
| 4 | Bhandaria | Madhya Vidyalaya, Pat |
| 5 | Bhandaria | ITI Nauka, Bhandaria |
| 6 | Bhandaria | Barkol Picket, Barkol |
| 7 | Nagar Untari | R.K. Public School, Adhaura |
| 8 | Bhandariya | Kulhi Picket, Kulhi |
| 9 | Dhurki | Govt. Middle School, Ambakhoriya |
| 10 | Bhandariya | Bijka School, Bijka |
| 11 | Ramna | R. K.+2 High School, Ramna |
| 12 | Bishunpura | Govt. Middle School, Bishunpura |
| 13 | Bhawnathpur | Saraswati Vidya Mandir Township, Bhawnathpur |
| 14 | Ketar/Hariharpur/ Kharondhi | Kasturba Vidyalaya, Ketar |
| 15 | Ramkanda | Block Karmchari Quarter, Ramkanda |
| 16 | Ramkanda | Ramkanda High School, Ramkanda |
| 17 | Ranka | Utkramit Ucchya Vidyalaya, Urdu Bandu Chutru |
| 18 | Garhwa Town | Surat Pandey Degree College, Garhwa |
| 19 | Meral | Gopinath B. Ed. College, Latdag, Meral |
| 20 | Chiniya | Upgradaded + High School, Chiniya |
| 21 | Bhandariya | Sanghali Picket, Sanghali |
| 22 | Manjhiaon | Shiveshwar Chandravanshi Degree College, Manjhiaon |
| 23 | Bhandariya | Rajkiya Madhya Vidyalaya, Bhandariya |
| 24 | Ramkanda | Utkramit+2 Ucchya Vidyalaya + Up-Swasthaya Kendra, Udaipur |
| 25 | Ramkanda | Utkramit Ucchya Vidyalaya, Murli |
| 26 | Ranka | Ranka +2 High School, Ranka |
| 27 | Meral | Uttkramit Madhya Vidyalaya, Block Colony, Meral |
| 28 | Meral | Rajkiyakrit +2 Ucchya Vidyalaya, Meral |
| 29 | Meral | Rajkiyakrit +2 Ucchya Vidyalaya, Gonda |
| 30 | Meral | Rajkiyakrit Madhya Devi Dham, Meral |
| 31 | Nagar Untari | Govt. High School, Chitbisram |
| 32 | Nagar Untari | High Schhol, Kadhwan |
| 33 | Nagar Untari | Shankar Pratap Dev Inter College, Mahdeiya |
| 34 | Dhurki | Rudra Pratap Dev School, Sagma |
| 35 | Dhurki | Govt. High School, Khala |
| 36 | Ramna | Govt. Middle School, Silidag |
| 37 | Ramna | Uttkramit Madhya Vidyalaya, Ramna |
| 38 | Bishunpura | Govt. High School, Amhar |
| 39 | Bhawnathpur | BSM College, Bhawnathpur |
| 40 | Kharaundhi | High School, Raji |
| 41 | Kharaundhi | Project High School, Torelawa |
| 42 | Hariharpur | Middle School, Hariharpur |
| 43 | Danda | Rajkiya Madhya Vidyalaya, Danda |
| 44 | Manjhiaon | Shideswar Chandravanshi Inter College, Manjhiaon |
| 45 | Manjhiaon | R. K. Public School, Unchari |
| 46 | Bardiha | Mukhdev +2 High School, Manjhiaon |
| 47 | Garhwa Town | Balika Ucchya Vidyalaya, Garhwa |
| 48 | Garhwa Town | Uttkramit Ucchya Vidyalaya, Darmi, Garhwa |
| 49 | Garhwa Town | Shaligram Madhya Vidyalaya, Garhwa |
| 50 | Garhwa Town | Govind +2 High School, Garhwa |
| 51 | Garhwa Town | Kalyanpur High School, Garhwa |
| 52 | Manjhiaon | Utakramit Ucchya Vidyalaya, Bakari Bazar |

उक्त के प्ररिप्रेक्ष्य में मैं शेखर जमुआर (भा0प्र0से0), जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए का उपरोक्त सारणी में अंकित भवनों/कमरों को (इन कमरों/भवनों में उपलब्ध सभी उपस्करों सहित) दिनांक 07.05.2024 से 15.05.2024 तक की अवधि के लिए निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित करता हूँ।

"सभी मतदाता बनें : सशक्त, सतर्क, सुरक्षित एवं जागरूक"

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 324561 Election(24-25).D


# वार्डन ने छात्रों को धमकाया, मेस बंद करने की दी गई धमकी

## छात्रों को धमकाने का वीडियो हुआ वायरल

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
महुआडांड़ प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में वार्डन द्वारा छात्राओं को धमकी देता हुआ वीडियो वायरल हुआ है। छात्राओं का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने विद्यालय निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों से भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायत कर दी थी। वीडियो गुरुवार की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में प्रभारी वार्डन जिंदी रोश सभी छात्राओं को मैदान में खड़ा कर सजा के तौर पर हाथ उठा खड़ा होने बोली साथ ही पूछ्ताछ कर रही है। वायरल वीडियो में वह बोल रही है कि सोमवार के दिन पदाधिकारी आए थे तो कौन क्लास वाली खाना पीना के बारे में कंप्लेन की थी, जिसपर सभी बच्चे एक स्वर में जवाब देते हुए कहते है हमलोग सबकोई कंप्लेन किए थे। जिसके बाद वार्डन बोलती है कि मुझे नाम सहित पता है कि



किसने बोला है, हम उनमें से नही है, हम हॉस्पिटल से निकल रहे थे और मुझे डांट मिला है, आखिर क्या चीज तुमलोग को नही दिए है, कौन सिखाया सबकोइ बोले थे बोलने के लिए, मैडम बोले है कौन बोला, एक जुट वाला नही चलेगा, तुमलोग सोच रखी है न कि मैडम को जिसतरह से तुमलोग प्रताड़ित की थी हम उनमें से नही है, हम दस गुना आगे वाले है, दिमाग से भी कर्म से भी हर चीज से, कौन कंप्लेन की थी नाम बोलो और अपने आप हाथ ऊपर उठाओ, जो बोली थी, ठीक है जबतक नही बताओगी मेस बंद करो, इनलोगों का भूख जब मांगेगा तो हम बाहर का पिल्लू उठाकर डालकर इनलोग को खिलाएंगे। कौन कौन किचन में था उस दिन चलो बताओ। वहीं पूरे मामले को लेकर वार्डन जिंदी रोश से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अभी हम प्रार्थना सभा में है इस बारे में कुछ स्टेटमेंट नही दे सकते है।

## मारपीट के मामले में बजरंग दल जिला सह संयोजक सहति दो भेजे गए जेल

**पत्थलगडा(चतरा)।** पुलिस ने मारपीट के आरोप में बजरंग दल के जिला सह संयोजक पत्थलगडा बाजार टांड़ निवासी लेखराज टाईगर व प्रभात कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय बजारटांड निवासी प्रदीप लाल के द्वारा लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया गया है कि लेखराज व उनके पुत्र प्रभात के बीच अफीम कारोबार को लेकर मार-पीट कि घटना घटी। वहीं लेखराज कि मां सरिता देवी ने भी आवेदन देकर प्रभात कुमार श्रीवास्तव पर छेड़छाड़ व बेटे के साथ मार-पीट कर मोटरसाईकिल तोड़ फोड़ का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि दोनो के बीच मार पीट की घटना से संबंधित दोनों पक्ष द्वारा आवेदन प्राप्त होने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि लेखराज टाईगर को पूर्व में बड़ा बाजार थाना हजारीबाग से एनडीपीएस एक्ट में न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है तथा इनके विरुद्ध विशेष शाखा झारखंड रांची से ब्राउन शुगर खरीद बिक्री करने कि सूचना प्राप्त है।

## व्रपात के चपेट में आने से बैल की मौत

**गिद्धौर(चतरा)।** बीते शाम आंधी तूफान के साथ हुए बारिश के दौरान गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय निवासी घनश्याम दांगी के बैल की मौत वज्रपात के चपेट में आने से हो गया। इस बाबत पीड़ित कियान ने थाना में लिखित आवेदन देकर सन्हा दर्ज कराया है। बताया जाता है कि बीते देर शाम आंधी तूफान व बारिश के साथ वज्रपात हुई और मवेशी घर के पास पीपल पेड़ के नीचे बंधा हुआ था। तभी वज्रपात होने से पशु की मौत घटना स्थल पर ही हो गई।

### लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए वोट देना जरुरी : बीडीओ

**मयूरहंड(चतरा)।** लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है, इसलिए लोकतंत्र बचाने के लिए वोट देना जरुरी है। उक्त बातें मतदाता जागरुकता अभियान के दौरान बीडीओ मनीष कुमार ने मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के मतदाताओं से कहा। मतदाताओं को प्रेरित करते हुए उन्होने कहा कि एक-एट वोट का बडा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान करके देश के प्रति कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वाहन करना चाहिए। चुनाव में मतदान करने का मौका पांच साल के बाद मिलता है। इसलिए इस अवसर को गंवाना नहीं चाहिए, बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करना चाहिए। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवाओं का देश बोला जाता है। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है और इसी चुनाव से देश की दिशा और दशा तय

# पीएम के कार्यक्रम को लेकर बीजेपी कार्यकताओं की इटखोरी में हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
इटखोरी बुधवार को करनी रोड स्थित भाजपा कार्यकताओं की इटखोरी प्रखंड कार्यालय में सिमरिया में 11 में पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक हुई। बैठक प्रखंड प्रभारी शालिग्राम सिंह एवं गोविंद राम दांगी उपस्थिति में किया गया। बैठक में बारी-बारी से पंचायत संयोजक, सहसंयोजक एवं प्रभारी से राय लिया गया और अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पीएम के कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने की बात कही गई। देव कुमार सिंह ने कहा कि हर पंचायत से एक बस एवं एक बोलेरो की व्यवस्था दी जाएगी। जिसमें हमारी जिम्मेवारी है कि सभी कार्यकताओं



को ससम्मान बसों में बैठाकर सिमरिया ले जाएं और कार्यक्रम के बाद उन्हें पुनः ससम्मान घर तक छोड़ना है। मौके पर रामकुमार सिंह, डोमन राणा, सुनील कुमार सिंह, सतीश सिंह, शिवकुमार राणा, प्रीतम राय, कैलाश सिंह, रामाधार राम, सियाराम पांडेय, मुकेश कुमार राम, रंजय भारती, राजेंद्र राम, योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर अपर समाहर्ता ने किया झंडोतोलन



**नवीन मेल संवाददाता**
**चतरा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी भवन चतरा में बुधवार को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित अपर समाहर्ता अरविंद कुमार का स्वागत रेड क्रॉस के सचिव धर्मेन्द्र पाठक ने बुके देकर किया। कार्यक्रम का आगाज एसी ने झंडोतोलन कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेट थे। इसका मुख्यालय जेनेवा स्वीटीजरलैंड में है। इसका एकमात्र उद्देश्य आपातकाल अथवा आपदा के दौरान पीड़ित लोगों को सहायता पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में रेड क्रॉस के 700 संस्थाएं हैं। उन्होंने आगे कहा कि रेड क्रॉस के आप सभी सदस्य हैं और इसमें आपको मानव सेवा करने का अवसर मिला है जो गर्व की बात है। मौके पर रेड क्रॉस के सचिव के साथ, मेडिकल इंचार्ज डॉ. विजय अग्रवाल, रेड क्रॉस के वाइस चेयरमैन विवेक कुमार, कोषाध्यक्ष गोपाल वर्मा, डीएवी के प्राचार्य डॉ. सैयद एजाज अहमद, पंकज दुबे, जीएनएम जयंती कुमारी, सुप्रिया कुमारी, मधुलता कुमारी, लैब टेक्नीशियन सुमन कुमारी, विजय कुमार, एमपीडब्ल्यू रत्नेश कुमार, तपेश्वसर सोनी, किरण देवी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### गरज के साथ झमाझम हुई बारिश, खुशगवार हुआ मौसम

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल में झमाझम बारिश से मिली राहत और सुलगती गर्मी से बेहाल लोगों को अचानक मौसम में बदलाव हुआ। मंगलवार की रात और बुधवार की सुबह ठंडी राहत देते हुए खुशगवार हो गया। आसमान में काले घुमड़ते बादल और शरीर को स्पर्श करती ठंडी पवन के झोंकें लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देखते-देखते गरज के साथ झमाझम बारिश ने लोगों के लिए राहत लाई। क्या बच्चे और क्या बूढ़े सभी घरों से निकल बारिश में नहाने का लुफ्त उठाया। उधर, किसानों के लिए यह बारिश अमृत के समान साबित हो रही है। किसानो ने कहा कि यह बारिश आम, लीची, गन्ना और मसूरी जैसे फसलों के लिए फायदेमंद है। साथ ही खाली पड़े खेतों की जुताई के लिए भी उपयुक्त है। चैनपुर अनुमंडल में खूब बारिश हुई। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्र में बाकी के दिन भर बारिश होते रही, जिससे भयंकर पड़ रही गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली।

### जीएम लैंड में लगे पेड़ को काटा, अंचल प्रशासन ने लिया संज्ञान

**सेन्हा/लोहरदगा।** झालजमीरा पंचायत ग्राम में जीएम लैंड में लगा 30 से 40 यूकेलिप्टस पेड़ को अज्ञात लकड़ी माफिया के द्वारा काट कर गिरा दिया गया है। जिसे मामला अंचल प्रशासन के संज्ञान में आते ही उन लकड़ी माफियो के विरुद्ध कार्रवाई आरम्भ कर दिया गया है। विदित हो कि सेन्हा अंचल क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत ग्राम स्थित जीएम लैंड में वन विभाग द्वारा यूकेलिप्टस वृक्ष लगाया गया था। जिसे किसी अज्ञात लकड़ी माफिया द्वारा लकड़ी तस्करी कर तथा अपनी कमाई के उद्देश्य से सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाते हुए 30 से 40 यूकेलिप्टस पेड़ काटे जाने का मामला प्रकाश में आते ही अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी द्वारा संज्ञान लिया गया। लकड़ी तस्करी मामले पर विभागीय जांच टीम गठित कर कार्रवाई करने की बात सामने आ रही है। वहीं बताया जाता है कि निजी जमीन में लगे यूकेलिप्टस पेड़ कटाई के लिए विभाग की ओर से बंदिश हटा लिया गया है। जिसका फायदा उठाते हुए लकड़ी तस्करी माफियों द्वारा रैयत के नाम पर सरकारी सम्पति तथा सरकारी विभाग का राजस्व क्षति पहुंचाने में कोई कसर नही छोड़ रहें है। इसी के तहत यह मामला झलजमीरा पंचायत ग्राम से सामने आया है। जहां अज्ञात लोगों ने सरकारी सम्पति की चोरी छुपे नुकसान पहुंचाने का कार्य किया गया है।

राज्य सरकार के आदेश की खुलेआम अवहेलना कर रहे विद्यालय

# छुट्टी के बावजूद भीषण गर्मी में बच्चों को जाना पड़ रहा है स्कूल : कुलदीप कच्छप



**नवीन मेल संवाददाता**
**भंडरा/लोहरदगा।** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए झारखंड सरकार ने सभी सरकारी निजी स्कूल को 30 अप्रैल से अगले आदेश तक बंद करने का निर्देश जारी किया है। इसे लेकर झारखंड सरकार शिक्षा विभाग के अपर सचिव ने आदेश जारी किया था। लेकिन आदेश की अवहेलना करते हुए कुछ नामचीन निजी स्कूल मनमानी करते हुए स्कूल संचालित कर रहे है। उन्हें किसी भी सरकारी आदेश का डर नहीं लगता है। इससे पूर्व भी जब स्कूल बंद करने का आदेश जारी हुआ था तो उस समय भी मनमानी तरीके से स्कूल संचालित किया गया था। लेकिन उन स्कूलों पर कोई कारवाई नहीं किया गया था जिसके कारण निजी स्कूलों का मनोबल सातवे आसमान पर है इधर भंडरा में आदेश के बाद प्रखंड के अधिकांश स्कूल बच्चो के क्लास बंद कर दिए है पर गडरपो पंचायत के पलमी गांव में संचालित संत मेरिस पब्लिक स्कूल संचालक सरकार के आदेश की अवहेलना करते हुए अभी भी इस भीषण गर्मी में बच्चो को स्कूल बुला रहे है । जिससे बच्चो को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस तरह सरकार द्वारा स्कूल की छूटी घोषित कर दिया गया था, लेकिन पलमी निजी स्कूल प्रबंधनों ने स्कूल का संचालन जारी रखा है। भीषण गर्मी व लू के बाद भी पलमी में स्कूल का संचालन हो रहा है । जिससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने का खतरा बना हुआ था। संत मेरिस में सुबह 7 से 11.30 बजे तक स्कूल संचालन का आदेश दिया गया है, लेकिन घर पहुंचते तक बच्चों को दोपहर 1 से 1.30 बज जाता है। इस कड़ाके की गर्मी में बच्चे घर पहुंचते गर्मी से बेहाल हो जाते है । बात दे की झारखंड सरकार के शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने यह निर्देश जारी किया है। यह निर्देश 30 अप्रैल 2024 से अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। आदेश में कहा गया है कि राज्य में भीषण गर्मी और लू की वजह से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी प्रकार के सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त/गैर-सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) और निजी विद्यालयों में केजी से कक्षा 8 तक की कक्षाएं अगले आदेश तक स्थगित की जाती हैं। । वहीं यह आदेश शिक्षकों के लिए लागू नहीं होगा। इसके बाद भी पलमी संत मेरिस पब्लिक स्कूल के संचालक प्रिंसिपल जयिशु मिंज द्वारा मनमानी करते हुए अभी तक स्कूल की छुट्टी घोषित नहीं की गई है जिसके कारण बच्चों को मजबूरी में स्कूल आना पड़ रहा है।

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने जनसंपर्क अभियान चलाया

## आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रच रही है भाजपा : सुखदेव भगत



**नवीन मेल संवाददाता**
**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत ने भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने देश में महंगाई, बेरोजगारी, और भ्रष्टाचार को बढ़ाया है। साथ ही देश की संपत्तियों को पूंजीपतियों के हाथों बेच दी है। एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। यह चुनाव नहीं जंग है। भंडरा प्रखंड के प्रभारी डोमना उरांव ने कहा भाजपा जब-जब सत्ता में आई है एक जाति से दूसरी जाति को, एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। मौके पर किस्सा साहू, विजय चौहान, इलियास अंसारी, चंदर उरांव, रंजन उरांव, शमीम अंसारी, राधेश्याम साहू आदि उपस्थित थे।

गर्भवती महिलाओं का नियमित एएनसी जांच करें

## संस्थागत प्रसव का लक्ष्य को पूरा करें : डॉ. राजमोहन

**सेन्हा/लोहरदगा।** सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा का औचक निरीक्षण किया गया। अस्पताल निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन द्वारा गर्भवती महिलाओं का पहला एएनसी, त्रिमही एएनसी नियमित जांच और संस्थागत प्रसव के लिये सभी स्वास्थ्य उप केंद्र की सेविकाओं को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी एएनएम और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र भ्रमण कर टीबी, मलेरिया, एनसीडी, कुष्ठ और आईडीएसपी जैसे बीमारी का नियन्त्र के बारे में भी निर्देश देते हुए कहा गया। सभी एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी अपने अपने क्षेत्र में इन बीमारियों से ग्रसित लोगों को चिन्हित कर स्वस्थ्य उप केंद्र में लाकर बीमारी का जांच कराएं जिसे समय से दवा मिलने पर और इलाज होने से बीमार व्यक्ति जल्द स्वस्थ्य हो सकता है। सुरक्षित बचाया जा सकता है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीत आनन्द के अलावे जिला कार्यक्रम मैजेमेंट यूनिट के नाजिश फहीम अख्तर, मो. जाहिद के अलावे प्रखंड क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य कर्मी व एएनएम उपस्थित रहे।

# जय श्री राम समिति की बैठक में लोकसभा चुनाव पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**
**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित दुगार्बाड़ी मंदिर प्रांगण में ओम महतो की अध्यक्षता में की गई। बैठक में भाजपा अनुसूचित जनजाति महामंत्री बिंदेश्वर उरांव उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा 2024 को लेकर चर्चा हुई जिसमे प्रभु राम जी के मंदिर को तोड़ने, 370 हटाने एवं धर्म के आधार पर आरक्षण देने को लेकर निंदा करते हुए ऐसे राजनीतिक पार्टी को सबक सिखाने की बात कही गई। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि धर्म की रक्षा, देश की रक्षा, सविधान की रक्षा एवं भारत को विकसित करने वाले, पूरी दुनिया में भारत का ढंका बजाने वाले, भारत को विश्वगुरु की ओर अग्रसर करने वाले, काशी मंदिर, महाकाल मंदिर को भव्य बनाने तथा जिसने प्रभु राम को लाया है हम उसे फिर से लायेंगे। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, बिंदेश्वर बेग, अजय सोनी, अनूप गुप्ता,ओम महतो, विनोद प्रसाद, जगमोहन महली, बजरंग करवा, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, राजेश उरांव, अजय प्रसाद,विष्णु साहू, गुड्डू साहू, सुरेंद्र साहू, बजरंग साहू, गुंजन वर्मा, संगीता कुमारी, समेला भगत, सरस्वती देवी, बिंदिया देवी, मंजू सिंह, मीना बाखला, विक्की कुमार, रीता देवी, मीरा देवी, सूरज सहदेव, अमर सिंह, ज्योति भगत, रंजीत यादव, भीम महतो, दिग्गज कुमार सिंह, सुदामा गुप्ता, रामकुमार साहू, दिलीप यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

धोखेबाजों से सावधान रहिये झारखंड की सभी सीटों पर

# गठबंधन की जीत निश्चित : आलमगीर आलम

**नवीन मेल संवाददाता**
**कुडू/लोहरदगा।** संसदीय कार्य एवं ग्रामीण विभाग झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम बुधवार को कुडू पहुंचें। उनके साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी उमेर खान, प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी सहित राज्यस्तर के कई नेता और वरिष्ठ कॉंग्रेसी भी मौजूद थे। आलमगीर आलम के कुडू में आगमन को लेकर कॉंग्रेस के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव फहद खान की अगुवाई में सैंकड़ो की संख्या में जमा कार्यकर्ताओं ने आगंतुकों को कुडू जामा मस्जिद के समीप कार्यक्रम स्थल तक ले गए। एवं अतिथितियों का अंगवस्त्र पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री आलम ने कहा कि ये चुनाव सिर्फ आम चुनाव नहीं है। आज पूरे देश की एकता और अखण्डता को बचाने संविधान को बचाने का चुनाव है। कहीं न कहीं कुछ शक्तियां आपको आपकी आवाज को दबाने की मुहीम में जुटी हैं। जेएमएम से बागी होकर चुनाव लड़ रहे चमरा लिंडा पर निशाना साधते हुए कहा कि इतने वर्षों तक जब पार्टी के नहीं हो सके तब जनता के क्या होंगे। किसी के बहकावे और धोखे में आने की जरूरत नहीं है। लोहरदगा ही नहीं पूरा प्रदेश और देश की जनता ने गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने का मन बना लिया है। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक कर चुनावी रणनीति पर चर्चा की और इंडीया गठबंधन के लोहरदगा लोकसभा उम्मीदवार सुखदेव भगत की जीताने की अपील की।

**संविधान को बचाने निकले है : खान**

प्रदेश प्रभारी उमैर खान ने अपने संबोधन में कहा कि आज देश विकट स्थिति से गुजर रहा है। कॉंग्रेस पार्टी किसी एक सीट और एक प्रत्यासी की नहीं हिंदुस्तान के उस ताने बाने जिसमे हिन्दु, मुस्लिम, सिख, ईसाई मिलकर रहते हैं उसे बचाने और बाबा साहेब के संविधान को बचाने की मुहीम में निकले है। देश के संविधान को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। जबकि इसी संविधान की वजह से सभी लोगों को हक और अधिकार मिला है। उसे बचाना है। उन्होंने आग्रह किया है कि इस बार भाजपा को उखाड़ फेंक कांग्रेस पार्टी को जीत दिलानी होगी, तभी जाकर देश एक सुरक्षित हाथों में आ सकेगा। देश और संविधान की रक्षा सिर्फ कांग्रेस पार्टी कर सकती है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि सिर्फ अकलियत को डमी उमीदवार खड़ा कर बरगलाने की साजिश को समझने की जरुरत है। इनकी चाल कभी कामयाब नही होगी। वहीं प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि सिर्फ मुस्लिम के वोट को काटने के लिए उमीदवार खड़ा कर बरगलाने की साजिश को समझने की जरुरत है। हमे पुरी एकता से इनको मुंह तोड़ जवाब देना है। इनकी चाल कभी कामयाब नही होगी। मौके पर प्रदेश कॉंग्रेस अल्पसंख्यके आयोग के उपाध्यक्ष हाजी महमूद अली, आयोग के सदस्य वारिश कुरैशी, वरिष्ठ कांग्रेसी एनुल हक अंसारी, राष्ट्रीय कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रियाज अहमद, कॉर्डिनेटर अख्तर अली, अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष एसएस रिजवी, सदस्य तौकीर अखतर, वरिष्ट कांग्रेसी जमील खान, जफर खान, प्रखण्ड प्रभारी सदरुल अंसारी, प्रखण्ड अध्यक्ष तनवीर गौहर, अल्पसंख्यक अध्यक्ष ताल्हा अंसारी, मुखिया ललिता उरांव, जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष शंकर उरांव, आरिफ खान, संगीता उरांव, कमरुल इस्लाम, शिबू उरांव, मुनीम अंसारी, हाशिम अंसारी, पूर्व प्रमुख परिखा मुंडा सहित भारी संख्या में गठबंधन के कार्यक्रता और समर्थक उपस्थित थे।


**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा।**
**(प्रशिक्षण कोषांग)**
**प्रेस विज्ञप्ति**

**सूचना**

चतरा जिलान्तर्गत केन्द्र सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों के पदधिकारियों/कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार लोकसभा आम चुनावः– 2024 के सफल संचालन हेतु मतदान प्रक्रिया एवं EVM संचालन से सम्बंधित मतदान पदाधिकारियों (P, P1, P2, P3) का प्रशिक्षण कार्यक्रम उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा में दिनांकः–10.05.2024 से 14.05.2024 तक निम्न रुप से आयोजित किया जाता है, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले मतदान पदाधिकारियों (P, P1, P2, P3) का प्रशिक्षण तिथि एवं पिन नम्बर तथा संख्या निम्नवत् हैः–

| क्र0 | जिला का नाम | मतदान पदाधिकारी का पदनाम | समय | मतदान पदाधिकारी का आवंटित पिन न0 एवं कुल संख्या | प्रशिक्षण की तिथि | प्रशिक्षण का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा | पिठासीन पदाधिकारी | 10-00 AM से 1-00 PM तक | 341700002 से 341700580 (1-270) | 10.05.2024 | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-01 से 05 |
| | | | | 341700581 से 341701172 (271-540) | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-06 से 10 |
| | | | 02-00 PM से 05-00 PM तक | 341701173 से 341701595 (541-810) | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-01 से 05 |
| | | | | 341701596 से 341708970 (811-1080) | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-06 से 10 |
| 2 | चतरा | प्रथम मतदान पदाधिकारी | 10-00 AM से 1-00 PM तक | 341700043 से 341702376 (1-270) | 11.05.2024 | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-01 से 05 |
| | | | | 341702378 से 341703904 (271-540) | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-06 से 10 |
| | | | 02-00 PM से 5-00 PM तक | 341703905 से 341705240 (541-810) | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-01 से 05 |
| | | | | 341705247 से 341708950 (811-1081) | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-06 से 10 |
| 3 | चतरा | द्वितीय मतदान पदाधिकारी | 10-00 AM से 1-00 PM तक | 341700376 से 341706200 (1-300) | 13.05.2024 | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-01 से 05 |
| | | | | 341706201 से 341706815 (301-600) | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-06 से 10 |
| | | | 02-00 PM से 5-00 PM तक | 341706816 से 341707523 (601-905) | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-01 से 05 |
| | | | | 341707524 से 341709288 (906-1210) | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-06 से 10 |
| 4 | चतरा | तृतीय मतदान पदाधिकारी | 10-00 AM से 1-00 PM तक | 341700237 से 341705646 (1-300) | 14.05.2024 | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-01 से 05 |
| | | | | 341705648 से 341706412 (301-600) | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-06 से 10 |
| | | | 02-00 PM से 5-00 PM तक | 341706413 से 341707230 (601-900) | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-01 से 05 |
| | | | | 341707232 से 341709519 (901-1194) | | उपेन्द्रनाथ वर्मा, इण्टर कॉलेज, पकरिया, चतरा कमरा नम्बर-06 से 10 |

नोटः– सभी मतदान पदाधिकारी अपने साथ स्वयं का मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति साथ में लाना सुनिश्चित करेंगें एवं अपना उपस्थिति पंजी में नाम/पदनाम का अवलोकन करते हुए EPIC No एवं मोबाईल नम्बर दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह– उपायुक्त, चतरा

PR 324541 Election(24-25)D


### अविराम बीएड कॉलेज में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान, लगाई गई पेंटिंग प्रदर्शनी

**लोहरदगा।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को अविराम बीएड कॉलेज कुडू में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम किया गया। स्वीप कोषांग के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता मार्गदर्शिका देते हुए 13 मई को अवश्य मतदान देने की अपील की गई तथा अपने वोट के महत्व के बारे में बताया गया। उनसे अपील की गई कि आप अपने आसपास के एवं परिवारजनों को मतदान देने के लिए प्रेरित करें। उन्हें मतदाता शपथ भी दिलाई गई एवं मतदान से संबंधित पेंटिंग प्रदर्शनी भी लगाई गई। पेंटिंग प्रदर्शनी में एक से बढ़कर एक मतदाता जागरूकता स्लोगन बनाये गए थे।

### बाइक दुर्घटना में एक युवक की मौत

**गुमला।** जिला अंतर्गत बरांग पाट निवासी भुवनेश्वर उरांव के 20 वर्षीय पुत्र अरविंद उरांव अपने बाइक में सवार होकर लोहरदगा के तरफ जा रहा था। उसी क्रम में घाघरा ब्लॉक चौक के पास एकाएक सड़क में जानवर के दौड़ जाने के कारण, उक्त बाइक सवार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। वहीं अरविंद उरांव और उसका एक दोस्त दोनों घायल हो गये। आनन-फानन में उक्त दोनों युवकों को इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर रूप से घायल अरविंद उरांव की एकाएक स्थित गंभीर हो गई और कुछ देर बाद ही इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। उक्त सूचना मिलते ही घाघरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

### मजदूर कुंआ में गिरा, इलाज के क्रम में मौत

**गुमला।** जिला अंतर्गत सिसई थाना स्थित रेडवा पंचायत के कोडा ग्राम निवासी 55 वर्षीय बबलू खड़िया, मनरेगा के तहत शुकरा खड़िया के मनरेगा के तहत बन रहे कुएं में मजदूरी का कार्य करते वक्त प्रचंड गर्मी के कारण बबलू खड़िया चक्कर खाकर निर्माणाधीन कुंआ में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं उक्त कुंआ से निकाल कर आनन-फानन में इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के क्रम में बबलू खड़िया की मौत हो गई। उक्त सूचना मिलते ही सिसई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुमला सदर अस्पताल में पहूंचकर, उक्त शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। जहां पोस्टमार्टम के बाद, उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### चैनपुर प्रखंड के जंगल से शव बरामद

**चैनपुर।** प्रखण्ड के कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के मरवा गांव के जंगल से पुलिस ने युवक का सड़ागला शव बरामद किया है। ग्रामीणों ने मृतक की पहचान क्षेत्र के संतोष कुमार महतो के रूप में की है जिसकी हत्या अज्ञात अपराधियों के द्वारा कर के शव को छुपाने के उद्देश्य से जंगल में गाड़ दिया था। मृतक के कपड़े से युवक की पहचान के संतोष कुमार महतो उर्फ फौजी 22 वर्ष के रूप में की गयी। मृतक होली मनाने के लिए अपने चाचा के घर मरवा आया था। जहां होली के दिन 25 मार्च को शाम में अपने दोस्तों के साथ सोने जाने की बात कहकर घर से निकला व उसके बाद लौट के वापस नहीं आया। जिसके बाद परिजन अपने स्तर से काफी खोजबीन किये लेकिन कोई पता नहीं चला। वहीं जंगल में लकड़ी काटने गये ग्रामीणों ने कुत्तों के द्वारा गड्ढा से शव निकालते देखा व कपड़े से पहचान संतोष कुमार के रूप में की। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंची व शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जहां शव को सड़-गल जाने के कारण चिकित्सक दल के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची रेफर कर दिया गया। इस घटना के बारे में पुलिस जांच में जुट गयी है।

### लोहरदगा के शहरी क्षेत्र में उत्पाद विभाग की छापामारी

**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग और पुलिस टीम की लगातार छापामारी चल रही है। इस क्रम में बुधवार को सदर थाना क्षेत्र के सोबरन टोली इलाके में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। देसी महुआ शराब बनाने वाले संभावित घरों में तलाशी लिया गया। इस दौरान लगभग 25 लीटर अवैध चुलया शराब और लगभग एक क्विंटल जावा महुआ जब्त कर उसे मौके पर नष्ट किया गया। उत्पाद अवर निरीक्षक एमके दास की अगुवाई में ग्रामीणों के घरों में सघन तलाशी लिया गया। जब्त शराब व महुआ को नष्ट करने के बाद ग्रामीणों को उत्पाद अवर निरीक्षक एमके दास ने अवैध शराब कारोबार से परहेज करने के लिए प्रेरित किया। अवैध शराब के कारोबार में लगे रहने पर इसके परिणाम से अवगत कराया। इस संदर्भ में जिला उत्पाद अधीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में छोटे-छोटे स्तर पर देसी अवैध महुआ शराब का कारोबार होने की लगातार सूचना मिल रही थी। लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि अभियान में प्रतिदिन अवैध चुलया शराब और जावा महुआ जब्त कर उसे नष्ट किया गया है। कारोबार से जुड़े ग्रामीणों को भी इससे परहेज करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, गुमला**
**(प्रशिक्षण कोषांग)**

**सूचना**

12–लोहरदगा (ST) संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत लोकसभा आम चुनाव–2024 के निमित्त मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय पुग्गू, गुमला में दिनांक–03.05.2024 से 07.05.2024 तक विधानसभावार एवं पार्टीवार निर्धारित था। परन्तु निर्धारित प्रशिक्षण में निम्न मतदान कर्मी अपने प्रशिक्षण सत्र से अनुपस्थित पाये गये जो उनकी लोकसभा चुनाव के कर्त्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही का द्योतक हैं। अतः इनके विरूद्ध R.P.ACT 1951 तथा भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई प्रारंभ की जा रही है।

अनुपस्थित कर्मियों की सूची :–

| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
|---|---|---|---|---|
| | | **DATE - 03.05.2024** | | |
| 1 | श्री बुधदेव पहान | SDEO, Gumla | 67-0064 | P3 |
| 2 | श्री हिरन असुर | BEEO, Dumri | 67-0043 | P2 |
| 3 | श्री अनुप बघेरा | CO, Dumri | 67-0032 | P1 |
| 4 | श्री बिरसाई असुर | ITDA,Gumla | 67-0163 | P3 |
| 5 | श्री इसहाक खेस | BEEO, Chainpur | 67-0194 | P3 |
| 6 | श्री भैयाराम लोहरा | BEEO, Chainpur | 67-0200 | P3 |
| 7 | श्री जीवन ठिठयो | ITDA,Gumla | 67-0117 | P3 |
| 8 | श्री बिजय सोरेंग | BEEO, Gumla | 67-0123 | P1 |
| 9 | श्री राजधानी उरांव | BEEO, Bishunpur | 67-0101 | P3 |
| 10 | श्री धरमू कुजूर | BEEO, Dumri | 67-0273 | P2 |
| 11 | श्री बलदेव चीक बड़ाईक | Nagar Parishdh, Gumla | 67-0263 | P3 |
| 12 | श्री युगेश्वर सिंह | BEEO, Gumla | 67-0263 | P2 |
| 13 | श्री सुभाष भगत | ITDA,Gumla | 67-0230 | P1 |
| 14 | श्री फुलजेन्स तिर्की | BEEO, Dumri | 67-0170 | P2 |
| | | **DATE - 04.05.2024** | | |
| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
| 1 | श्रीमती राधा रानी | DEO GUMLA | 68-0040 | PR |
| 2 | श्रीमती लीला कुमारी | BEEO BISHUNPUR | 69-0015 | P3 |
| 3 | श्री मंगल उरांव | BEEO SISAI | 68-0011 | P2 |
| 4 | श्री अजय कुमार | CO OFFICE SISAI | 68-0011 | PR |
| 6 | श्री सोबरन साहु | BDO OFFICE GUMLA | 69-0009 | PR |
| 7 | श्री महाबीर उरांव | SDEO GUMLA | 69-0032 | P1 |
| 8 | श्री गोविन्द उरांव | CO OFFICE SISAI | 69-0037 | P3 |
| 9 | श्री बुद्धू उरांव | BDO OFFICE BHARNO | 69-0042 | P1 |
| | | **DATE - 05.05.2024** | | |
| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
| 1 | श्री ननकु सुरीन | BEEO KAMDARA | 68-0037 | P3 |
| 3 | श्री शिवधनी भगत | BEEO BISHUNPUR | 68-0101 | P3 |
| 4 | श्री रघुनाथ भगत | BEEO GHAGHRA | 68-0229 | P2 |
| 5 | श्री रामकेश्वर खेरवार | BEEO BISHUNPUR | 68-0232 | P3 |
| 6 | श्री रामु असुर | BEEO BISHUNPUR | 68-0247 | P3 |
| 7 | श्री जगेश्वर उरांव | BEEO SISAI | 68-0253 | P2 |
| | | **DATE - 06.05.2024** | | |
| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
| 1 | श्री अर्पित सुरीन | SDO, Gumla | 69-0077 | P1 |
| 2 | श्री सत्येन्द्र असुर | ITDA,Gumla | 69-0081 | P3 |
| 3 | श्री फिलिप मिंज | BOI, Raidih | 69-0095 | P3 |
| 4 | श्री रामकृष्णा साहु | CO, Palkot | 69-0098 | P1 |
| 5 | श्री सुनील संजय बाड़ा | BEEO, Chainpur | 69-0106 | PR |
| 6 | श्री गदाधर सिंह | BEEO, Palkot | 69-0072 | P3 |
| 7 | श्री जयकिशोर भगत | CHC, Bharno | 69-0132 | P1 |
| 8 | श्री बुधराम उरांव | BEEO, Gumla | 69-0139 | P2 |
| 9 | श्री कमल किशोर महतो | B.N. Jalan College | 69-0140 | P1 |
| 10 | श्री राजकुमार पुरन | DEO, Gumla | 69-0145 | P1 |
| 11 | श्री बहुरन गोप | BEEO, Gumla | 69-0153 | P2 |
| 12 | श्री प्रभाकर असुर | ITDA,Gumla | 69-0166 | P3 |
| 13 | डॉ0 मो0 शाहीद | DRDA, Gumla | 69-0168 | P2 |
| 14 | श्री सुनील भगत | DEO, Gumla | 69-0174 | P1 |
| 15 | श्री लौखंड सिंह | BEEO, Palkot | 69-0234 | P3 |
| 16 | श्री संदेश मिंज | DAO, Gumla | 69-0257 | P2 |
| 17 | श्री सुभाष ओहदार | BEEO, Palkot | 69-0275 | P3 |
| 18 | श्री दिनेश चन्द्र पहान | BDO, Basia | 69-0291 | P |
| | | **DATE - 07.05.2024** | | |
| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
| 1 | श्री अजीत कुमार कुजूर | BEEO, Dumri | 67-0283 | P1 |
| 2 | श्री लक्ष्मण उरांव | BEEO, Chainpur | 67-0304 | P3 |
| 3 | श्री कारलूस लकड़ा | BDO, Palkot | 67-0311 | P1 |
| 4 | श्री रकीब अंसारी | SDEO, Gumla | 67-0325 | PR |
| 5 | श्री रामलाल उरांव | BEEO, Chainpur | 67-0325 | P3 |
| 6 | श्री मरियानुस असुर | Soil Conservation Office,Gumla | 69-0329 | P3 |
| 7 | श्री राजेन्द्र सिहं | BEEO, Chainpur | 69A-0356 | P1 |
| 8 | श्री जेरोम मरियानुस खलखो | SBI, Gumla | 69A-0341 | PR |
| 9 | श्री आले हसन | CHC, Raidih | 69-0209 | PR |
| | | **स्पेशल ट्रेनिंग (महिला के लिए) में अनुपस्थित कर्मी की सूची** | | |
| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
| 1 | श्रीमती सुनीता उरांव | | 67-0004 | P1 |
| 2 | श्रीमती फलजेंसिया बिलुंग | | 68-0036 | P3 |
| | | **Helidroping के अनुपस्थित कर्मी** | | |
| क्र0 | कर्मी का नाम | कार्यालय का नाम | पार्टी नं0 | ड्यूटी |
| 1 | श्री सुखलाल खेरवार | BDO, Peshrar | | |

PR.NO.324542 Election(24-26):D प्रभारी पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग, गुमला। वरीय पदाधिकारी, प्रशिक्षण कोषांग–सह–अपर समाहर्त्ता, गुमला।

## एक नजर

### युवक को लाठी-डंडे से पीटकर किया लहूलुहान

**धनबाद।** बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के तेतुलतल्ला ग्राउंड के पास बुधवार की सुबह करीब एक दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने गांधी रोड निवासी युवक अजय रजक को लाठी-डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया. स्थानीय लोगों ने अजय को बेहोशी की हालत में जोड़ाफाटक रोड स्थित नर्सिंग होम पहुंचाया. जहां चिकित्सकों ने उसे एसएनएमसीएच धनबाद रेफर कर दिया. मारपीट व हो-हल्ला से वहां सब्जी खरीद रहे लोगों में भगदड़ मच गई. दुकानदारों ने इसकी सूचना बैंक मोड़ थाना पुलिस को दी. वारदात की वजह पुरानी रंजिश बतायी जा रही है।

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**धनबाद।** धनसार थाने की पुलिस ने बुधवार को अवैध शराब के खिलाफ अनुग्रह नगर व बेरा में अभियान चलाया. इस दौरान बेरा से दीपक चौहान के घर छापेमारी कर नौ बोतल बियर और अनुग्रह नगर के रंजीत कुमार वर्णवाल की दुकान में छापेमारी कर बियर की 12 बोतले जब्त की. दीपक के घर से उसकी बाइक भी बरामद की है. पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पकड़े गए रंजीत को जेल भेज दिया गया।

### गावां के व्यक्ति की पीटकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**गिरिडीह।** झारखंड और बिहार के सीमा पर बुधवार की शाम एक व्यक्ति की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक गांवा थाना क्षेत्र के डुमरझारा गांव निवासी सोमर का पुत्र मुकेश साव बताया जा रहा है। प्रारम्भिक जानकारी के अनुसार मुकेश की हत्या लाठी व डंडे से पीटने के कारण हुई है,जिसके बाद उसके शव को जलाने का भी प्रयास किया गया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। स्थानीय ग्रामीणों ने शव को पड़ा देख लोकाय पुलिस को सुपुर्द किया है।

# गांडेय उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने किया क्षेत्र भ्रमण

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गांडेय विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा का क्षेत्र भ्रमण मे दिख रहा है ग्रामीणों में जोश व उत्साह। गांडेय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आगमन पर भाजपा के कार्यकताओं ने फूल माला एवं बुके देकर गर्म जोशी के साथ जोर दार तरीके से स्वागत किया। इस दौरान दिलीप वर्मा ने सभी कार्यकताओं से मुलाकात, परिचय प्राप्त करते हुए कहा की इन्हीं के प्यार और आशीर्वाद से हम आगे बढ़ रहे हैं। वही एनडीए गठबंधन के सभी कार्यकताओं ने एक शुर में कहा की हम सभी कार्यकर्ता एनडीए के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के साथ हैं मौके पर गांडेय मंडल के गांडेय बाजार में विधानसभा प्रधान कार्यालय में एक सामूहिक बैठक



रखी गई जिसमें हमारे सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

वही कोवाड़ मोड में कोडरमा लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के चुनाव कार्यालय का विधिवध तरीके से उद्घाटन किया गया साथ में सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।साथ ही साथ कोवाड़ मोड में कोडरमा लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के चुनाव कार्यालय का विधिवत तरीके से उद्घाटन किया गया साथ में सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे, वही पर जनता और युवा साथियों से मुलाकात भी किया।और ग्राम रघुसिंघा, पंचायत अलगुंदा, ग्राम घोषासिंघा, पंचायत अलगुंदा, ग्राम बंशीडीह पंचायत लेदा, ग्राम गादी पंचायत लेदा में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया।जनसंपर्क अभियान में भी जनता जनार्दन से मुलाकात हुई।

### मुगमा की लखीमाता कोलियरी में विस्फोट से तीन मजदूर घायल

**धनबाद।** ईसीएल मुगमा क्षेत्र की लखीमाता कोलयरी में बुधवार की सुबह खदान के अंदर बारूद का विस्फोट होने से वहां कार्यरत 3 ये अधिक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये. प्रबंधन ने आनन-फानन में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया. हालांकि, प्रबंधन ने ऐसी किसी घटना इनकार किया है. घटना लखीमाता कोलियरी की अंडरग्राउंड खदान में घटी. कोलियरी में तैनात कुछ कर्मियों ने बताया कि बीते मंगलवार की रात कोयला निकालने के लिए खदान में 45 बारूद का विस्फोट किया जाना था. माइनिंग अधिकारी बारूद लेकर खदान में घुसे और विस्फोट किया. साथ ही इसकी सूचना ईसीएल कार्यालय को भी दी. बुधवार की सुबह तीन मजदूर ड्रिल करने खदान के उक्त स्थान पर पहुंचे. जैसे ही उनलोगों ने ड्रिल मशीन लगाकर जमीन में ड्रिलिंग शुरू की, तभी जोरदार विस्फोट हुआ और तीनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये।


## अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय, चतरा

**''आम-सूचना''**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम चुनाव–2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से चतरा जिले में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री से सम्बन्धित एवं जिला में संचालित होने वाले खुदरा उत्पाद दूकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत WhatsApp मोबाईल नम्बर 8298078700, 7979099323, 8292321719 पर दर्ज की जा सकती है।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत्त होगा।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी।

अधीक्षक उत्पाद
चतरा

PR 324550 Excise (24-25)_D


# सर्च के दौरान सुरक्षाबलों ने तीन नक्सली बंकर किए ध्वस्त

## बड़ी संख्या में डेटोनेटर बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा**

पश्चिमी सिंहभूम ( चाईबासा) में भाकपा माओवादियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। मंगलवार रात पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान के क्रम में जिले के गोईलकेरा और टोंटों थाना क्षेत्र के राजबासा जंगल के पास से 350 पीस डेटोनेटर समेत कई अन्य सामान बरामद किया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ता के सहायता से सभी डेटोनेटर को विनिष्ट कर दिया गया है। साथ ही टोन्टो थानान्तर्गत वनग्राम रेरदाकोचा, दिरिबुरी तथा राजाबासा के समीप जंगली क्षेत्र से तीन नक्सल बंकर नष्ट किया गया है साथ ही अभियान के दौरान 340 नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर , 10



इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, तीन वॉकी-टॉकी सेट, एक पिस्टन रॉड एसएलआर) के साथ रिकॉइल स्प्रिंग,एक गोला-बारूद पाउच (कोबरा पैटर्न), चार नक्सलियों की नोटबुक, एक पीएलजीए कपनी ट्रिल बुक, एक मार्कस लेनिन- मॉइजम बुक, 15 युद्ध कला युद्ध क्राफ्ट बुक, एक कानू चटर्जी की जीवनी, एक किंडल बुक रीडर, एक कलाई घड़ी, एक लेंस क्लीनर, तीन स्विच, एक वायर कटर, एक एफएम रेडियो, एक कैरी बैग और पॉलीथीन शीट, एक झारखंड वॉयस बुक, दो पेंसिल सेल, एक स्मॉल बैग, पांच एलईडी लाइट्स बरामद किया गया है।

### प्रेक्षकों ने ईवीएम डिस्पैच व रिसिविंग सेंटर का किया निरीक्षण

**बोकारो।** गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरुण महेश बाबू व धनबाद संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बुधवार को ईवीएम डिस्पैच सेंटर व रिसिविंग सेंटर का निरीक्षण किया. उनके साथ जिला निवार्ची पदाधिकारी सह बोकारो की डीसी विजया जाधव भी थीं. सामान्य प्रेक्षक के साथ अधिकारियों की टीम बोकारो के सेक्टर 8 स्थित बीएसएल सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल में बनाए गए डिस्पैच सेंटर गई. प्रेक्षकों ने डीसी से ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग को लेकर की गई तैयारी के बारे में जानकारी ली. डीसी ने उन्हें विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम-वीवीपैट कमीशनिंग के बारे में बताया. इससे पूर्व अधिकारियों ने डिस्पैच सेंटर से ईवीएम, वीवीपैट प्राप्त करने के लिए मतदान कर्मियों के लिए बनाए गए पंडालों को भी देखा.


चुनाव का पर्व
DESH KA GARV

## समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला निर्वाचन शाखा)

### आदेश

इस कार्यालय का आदेश ज्ञापांक 1139/जि0निर्वा0 दिनांक 03.05.2024 के द्वारा कुल 09 Facilitation Centre स्थापित कर मतदान कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया था जिसके अनुसार दिनांक 09.05.2024 से 11.05.2024 तक समाहरणालय, गढ़वा भवन में भूतल पर अवस्थित कमरा संख्या–117 में पोस्टल बैलेट सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) का अधिष्ठापन किया गया है।

गढ़वा जिला में कार्यरत् झारखण्ड राज्य के अन्य जिलों के कर्मी को उनके जिला में मतदान तिथि के अनुसार निर्धारित समय पर पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। अतएव समाहरणालय, गढ़वा भवन में भूतल पर अवस्थित कमरा संख्या–117 में स्थित पोस्टल बैलेट सुविधा केन्द्र **(Facilitation Centre)** को दिनांक 30.05.2024 तक की अवधि के लिए कार्यरत् रखने का निर्णय लिया गया है।

अतः समाहरणालय, गढ़वा भवन में भूतल पर अवस्थित कमरा संख्या–117 के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को आदेश दिया जाता है कि अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्धारित तिथियों को सुविधा केन्द्र पर उपस्थित होकर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार पोस्टल बैलेट के माध्यम से सभी संबंधित कर्मियों को मतदान सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गढ़वा।

PR 324563 Election(24-25)D


# केशलपुर कॉलोनी के घरों में 15 दिनों से पानी नहीं, फूटा महिलाओं का गुस्सा

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

बीसीसीएल एरिया चार केशलपुर कोलियरी की श्रमिक कॉलोनी में पिछले करीब 15 दिनों से जलापूर्ति ठप है. इस भीषण गर्मी में पानी नहीं मिलने से कॉलोनीवासी काफी परेशान हैं. आक्रोशित महिलाओं ने बुधवार को ?कोलियरी के हाजरी घर व फिल्टर प्लांट में जमकर हंगामा किया. हाजरी घर के प्रबंधक नागदेव यादव को महिलाओं ने खूब खरी-खोटी सुनाई. महिलाओं ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अविलंब जलापूर्ति कराने की मांग की. महिलाओं ने बताया कि करीब 15 दिनों से हमलोगों के आवासों में जलापूर्ति नहीं हो रही



है. इस गर्मी में उन्हें सुबह से ही पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है. दूर- दराज से पानी लाकर किसी तरह काम चला रही हैं. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ, तो अधिकारियों को बंधक बनाकर महिलाएं कोलियरी परिसर में धरना पर बैठेंगी. इधर, प्रबंधक नागदेव यादव ने बताया कि कुछ जगहों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है. उसे जल्द दुरुस्त कर समस्या का समाधान किया जाएगा. प्रदर्शन में सरिता देवी, बानी देवी, कृष्णा देवी, वीणा देवी, सुनीता देवी, सोखोदि हेम्ब्रम, लक्ष्मी देवी, नूनी देवी, शीला देवी सहित दर्जनों महिलाएं शामिल थीं।

# पीएम के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का डीसी और एसपी ने किया निरीक्षण



**बिरनी।** आगामी 16 मई को प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बुधवार को उपयुक्त नमन प्रयास लकड़ा और गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया वह सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य तैयारियां को लेकर निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया । इस दौरान डीसीओएसपी ने अनुमंडल पदाधिकारी पुलिस पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी वह थाना प्रभारी के साथ बैठक कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिया ।एसडीएम विपिन कुमार,एसडीपीओ धनंजय राम, इंस्पेक्टर सरिया ज्ञान रंजन,सरिया थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिन्हा, सीओ सारांश जैन,बीडीओ सुनील कुमार वर्मा,भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज स्कूटी राजौ कुमार, मौजूद थे।


## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-उपायुक्त, राँची
## (जिला निर्वाचन शाखा)

### आदेश

लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या– 576 /14/2024/EPS दिनांक–16.03.2024 के निदेशानुसार लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 C के प्रावधानों के तहत मतदान समाप्ति के 48 घंटा पूर्व से DRY DAY (शुष्क दिवस) लागू किए जाने का प्रावधान है। इस जिले के 11–खूँटी (अ0ज0जा0) लोकसभा क्षेत्र के लिए तमाड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बुण्डु एवं तमाड़ प्रखण्ड के मतदान केन्द्र है एवं 12–लोहरदगा (अ0ज0जा0) लोकसभा क्षेत्र के लिए माण्डर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चान्हो, माण्डर, बेड़ो एवं लापुंग प्रखण्ड के मतदान केन्द्र हैं। जहाँ चतुर्थ चरण के तहत दिनांक – 13.05.2024 को पूर्वाह्न 7.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक मतदान होना है।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में बुण्डु, तमाड़, चान्हो, माण्डर, बेड़ो, इटकी एवं लापुंग प्रखण्डों में दिनांक 11.05.2024 के अपराह्न 5.00 बजे से मतदान समाप्ति तक के लिए DRY DAY (शुष्क दिवस) घोषित किया जाता है। इसके तहत स्प्रिटयुक्त, नशीला शराब या समान प्रकृति के अन्य पदार्थ किसी होटल, भोजनालय, शराबखाने, दुकान या किसी अन्य स्थानों, निजी या सार्वजनिक पर बेचे, दिए या वितरित नहीं किए जायेंगे।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, राँची।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह– उपायुक्त, राँची।

PR.NO.324571 Ranchi(24-25):D


# नाबालिगों से कराया जा रहा था नल जल योजना का कार्य

## पूछने पर मीडिया से ही उलझ गया मुंशी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तिसरी प्रखंड में संचालित हर घर नल जल योजना में वैसे तो आए दिन भारी गड़बड़ियाँ उजागर होती रहती हैं। इसमें अनियमितता से जुड़े कई मामले सामने आते रहते हैं। बुधवार को भी प्रखंड के गड़कुरा पंचायत अंतर्गत भुराई मुख्य सड़क के किनारे नल जल योजना के तहत जलमीनार का डीपीसी ढलाई का कार्य करवाया जा रहा था। इस दौरान मजदूर के रूप में नाबालिग बच्चियों से कार्य करवाया जा रहा था। इस बाबत पूछने पर संवेदक के मुंशी से मीडियाकर्मियों की तीखी बहस भी हुई। मुंशी ने कहा कि उनका कार्य हर हाल में जलमीनार का स्ट्रक्चर खड़ा करवाना है। चाहे इसके लिए जो भी करना हो। हालांकि बाद में मुंशी द्वारा माँ के बदले उक्त बच्ची के कार्य करने की दुहाई दी गई। बहरहाल बात चाहे जो भी हो योजना की पूर्ति के लिए संवेदकों द्वारा बरती जा रही भारी लापरवाही पर विभाग को कड़ा रुख अख्तियार करना चाहिए। वहीं इस मामले में पिएचईडी विभाग के जेई को भी फोन पर मामले की सुचना दी गई।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, चतरा।
## (उत्पाद शाखा)

### –: आदेश :–

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव झारखंड, रॉंची के पत्रांक–01/नि0वि0–22– 23(पार्ट–1)/2020/1186 दिनांक– 18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद, झारखंड, रॉंची के पत्र ज्ञापांक– 651, दिनांक– 01.04.2024 तथा पत्रांक–814, दिनांक–12.04.2024 के द्वारा चतरा जिला एवं चतरा जिला के सीमावर्ती जिलों में होने वाले लोकसभा आम चुनाव, 2024 के अवसर पर मतदान समाप्त होने से 48 घंटा पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक,मतगणना के दिन तथा पुनर्मतदान यदि आवश्यक हुआ तो, के दिन शुष्क दिवस (**Dry Day**) घोषित किये जाने का निदेश है।

चतरा लोकसभा क्षेत्र के सीमावर्ती जिला पलामू में मतदान की तिथि 13.05.2024, चतरा लोकसभा क्षेत्र में मतदान की तिथि 20.05.2024 तथा चतरा लोकसभा क्षेत्र के सीमावर्ती जिला रॉंची में मतदान की तिथि 25.05.2024 निर्धारित हैं।

उक्त के आलोक में चतरा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करते हुए झारखंड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा 26(1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मैं रमेश घोलप, भा0प्र0से0, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135C के आलोक में आदेश देता हूँ कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर चतरा जिला के सम्पर्ण क्षेत्र में निम्न प्रकार शुष्क दिवस (**Dry Day**) घोषित किया जाता हैं।

| Sl.N. | Parliamentary constituencies No.&Name | Date of Poll | Duration Of Dry Day |
|---|---|---|---|
| 1 | 13–पलामू | 13.05.2024 | दिनांक–11.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक–13.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 2 | 4–चतरा | 20.05.2024 | दिनांक–18.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक–20.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 3 | 8–रॉंची | 25.05.2024 | दिनांक–23.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक–25.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4 | मतगणना की तिथि–04.06.2024 | दिनांक–04.06.2024 (सम्पूर्ण दिवस) | |

शुष्क दिवस की उक्त अवधि में चतरा जिले की सभी शराब दुकानें, होटल, रेस्तरॉं सहित अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, रेस्तरॉं, क्लब, भोजनालय, पाकशाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा, न परोसा जाएगा और न ही वितरित किया जायेगा।

आदेश का अनुपालन सख्ती से किया जाए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा।

PR.NO.324553 Excise(24-25):D



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा।
## (जिला निर्वाचन)

### –: सवैतनिक अवकाश आम सूचना :–

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 78/EPS/2024 दिनांक 16.03.2024 एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची का पत्रांक 1950 दिनांक 08.04.2024 तथा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, राँची की अधिसूचना संख्या 2492 एवं 2493 दिनांक 04.04.2024 के आलोक में 12–लोहरदगा (अ.ज.जा) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत 72–लोहरदगा (अ.ज.जा) एवं 69–विशुनपुर (अ.ज.जा) विधानसभा क्षेत्र (अंश) में मतदान की तिथि 13.05.2024 को लोक प्रतिनिधित्व, अधिनियम की धारा 135 ख एवं निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट्स एक्ट 1881 की धारा 25 के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही निम्नांकित प्रावधानों का अनुपालन किया जाना है –

01. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1661 की धारा 135ख के अधीन लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त लोहरदगा जिलान्तन्तर्गत किसी कारबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को जो लोकसभा निर्वाचन में मतदान का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जायेगा।
02. उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जायेगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतया किसे ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जायेगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी गई होती।
03. यदि कोई नियोजक उपधारा (1) की उपधारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माने से जो पाँच सौ रुपये तक हो सकेगा, दण्डनीय होगा।
04. यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक पर लागू नहीं होगी, जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सारवान हानि हो सकती है।

उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार सभी निर्वाचक जो प्रतिष्ठानों और दुकानों के कर्मचारी हैं, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल हैं उन्हे उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जायेगा। इसके आलावे जहाँ लोक कोई व्यक्ति सामान्य रुप से निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है और निर्वाचक के रुप में पंजीकृत है वह सामान्य मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित किसी औद्योगिक उपक्रम या प्रतिष्ठान में सेवारत या नियोजित हो सकता है। संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कार्य करने वाले श्रमित मतदाता भी लोक प्रतिनिधितव अधिनियम 1951 की धारा ख(1) तहत सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे। दैनिक वेतनभोगी/अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के दिन अवकाश और वेतन के हकदार होंगे।

लोहरदगा जिलान्तर्गत सभी संबंधित प्राधिकारों को निदेश दिया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्त्व अधिनियम, 1951 की धारा 135 ख के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हो। आदेश का उल्लंघन कानून के संसुगत धाराओं के अधीन दण्डनीय होगा।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा।
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा।

PR 324556 Lohardaga(24-25)D

# जंगल की आग का मामला सुप्रीम कोर्ट में

***झारखंड*** के जंगलों में अक्सर महुआ चुनने के लिए आग लगा दी जाती है और सूखे पत्तों के साथ अनेक दुर्लभ जड़ी बूटियां और पौधे झुलस कर मर जाते हैं । अभीउत्तराखंड की घटना चर्चित है। सुप्रीम कोर्ट बुधवार को उत्तराखंड में बड़े पैमाने पर जंगल की आग से संबंधित एक याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार है, जिसमें पिछले नवंबर से अब तक 910 घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिससे लगभग 1145 हेक्टेयर जंगल को नुकसान हुआ है। यह मामला जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ के समक्ष लाया गया। इस मामले में शामिल होने की मांग कर रहे एक वकील ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र में लगभग 44 प्रतिशत जंगल जल रहे हैं, चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि इनमें से 90 प्रतिशत आग मानव गतिविधि के कारण है। वकील ने कहा मैं आपके आधिपत्य को कुछ ऐसा बता रहा हूं जो चौंकाने वाला है। यह सारा कार्बन हर जगह उड़ रहा है। सबसे बड़ा झटका यह है कि इसका 90 प्रतिशत हिस्सा मानव निर्मित है। आज की रिपोर्ट भी बिल्कुल दुखद है। पीठ ने पूछा कुमाऊं का 44 प्रतिशत (जंगल) जल रहा है। आपने कहा कि 44 प्रतिशत आग की चपेट में है? वकील ने क्षेत्र के प्रमुख परिदृश्य की पुष्टि करते हुए घने देवदार के वृक्षों की उपस्थिति की पुष्टि की। उत्तराखंड के प्रतिनिधि ने वर्तमान स्थिति पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अनुमति का अनुरोध किया। 2019 की सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने पहाड़ी क्षेत्रों में विशेष रूप से गर्मियों के दौरान, जंगल की आग के गंभीर मुद्दे पर ध्यान दिया, इसके लिए देवदार के पेड़ों की बड़ी उपस्थिति को जिम्मेदार ठहराया, जो अधिकांश क्षेत्रों में अपनी उच्च ज्वलनशीलता के लिए जाने जाते हैं। उत्तराखंड में जंगलों, वन्यजीवों और पक्षियों को जंगल की आग से बचाने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की गई थी, जिसमें कहा गया था कि ये आग पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी है और पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाती है ।झारखंड को भी उत्तराखंड में 11 ज़िले में फैली इस भयानक आग से सीख लेनी चाहिए क्योंकि एक जंगल सदियों में तैयार होता है और कुछ घंटों में उसे राख बनाकर हम सभी अपना ही नुकसान कर रहे होते हैं। जन जागरूकता की औपचारिकता निभाने से नहीं बल्कि जंगलों के आसपास रहने वाले लोगों को जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा में समझाना पड़ेगा साथ ही उन्हें अहसास कराना पड़ेगा कि जंगलों से उनका भी अस्तित्व जुड़ा है और उनके मीठे फल और सूखी लकड़ियां उनके काम आती हैं और उनके पशुधन के लिए हरे चारे का मुख्य स्त्रोत हैं। किसानों को समझाना चाहिए कि जंगल ना रहें तो वर्षा अनियमित होगी या नहीं होगी। जंगलों में आग कुछ लोग हंसी मजाक में भी लगा देते हैं उन्हें समाज के जिम्मेदार लोग समझा सकते हैं कि यह मजाक कितना महंगा साबित हो सकता है ।कहा जाता है जब सिकंदर ने पहली बार भारत पर आक्रमण किया था तब यहां के घने जंगलों ने महीनों तक उसका रास्ता रोक लिया था और आज उसी राजस्थान का बड़ा इलाका रेगिस्तान के लिए जाना जाता है । जंगलों की दुर्दशा के लिए सिर्फ ग्रामीणों को दोष नहीं दे सकते क्योंकि जंगल माफिया और वन अधिकारियों का गठजोड़ इसके लिए अधिक जिम्मेदार है और झारखंड के गांवों में घुस रहे हाथी एक बड़ी चेतावनी दे रहे हैं जिसे नजरअंदाज नहीं कर सकते।

**उत्तराखंड के प्रतिनिधि ने वर्तमान स्थिति पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अनुमति का अनुरोध किया। 2019 की सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने पहाड़ी क्षेत्रों में विशेष रूप से गर्मियों के दौरान, जंगल की आग के गंभीर मुद्दे पर ध्यान दिया, इसके लिए देवदार के पेड़ों की बड़ी उपस्थिति को जिम्मेदार ठहराया, जो अधिकांश क्षेत्रों में अपनी उच्च ज्वलनशीलता के लिए जाने जाते हैं।**

अर्थव्यवस्था

# स्वरोजगार से बदलेगा जीवन



डॉ. सौरभ मालवीय

***बेरोजगारी*** अनेक समस्याओं की जड़ है। बेरोजगार युवा मानसिक तनाव की चपेट में आ जाते हैं। बहुत से युवा हताशा में नशे की लत के आदी बन जाते हैं। अकसर युवा भटक भी जाते हैं। कई बार वे आपराधिक दलदल में फंस जाते हैं। इसके कारण उनका जीवन तो नष्ट होता ही है, साथ ही परिवार की प्रतिष्ठा पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। बेरोजगार युवकों द्वारा आत्महत्या करने के समाचार भी सुनने को मिलते रहते हैं। बरोजगारी के कारणः देश में बेरोजगारी के अनेक कारण हैं। इनमें निरंतर बढ़ती जनसंख्या प्रमुख है। इसके अतिरिक्त घटती कृषि भूमि, कुटीर उद्योगों का निरंतर समाप्त होना, युवाओं का अपने पैतृक कार्यों से मोहभंग होना तथा राजकीय नौकरी पाने की इच्छा आदि भी बेरोजगारी में वृद्धि होने के कारण हैं। यदि हम स्वतंत्रता से पूर्व के परिदृश्य पर दृष्टि डालें, तो उस समय लोग स्वरोगार में ही लगे थे। किन्तु स्वतंत्रता के पश्चात जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई, उससे तीव्र गति से रोजगार में गिरावट आई। शिक्षा प्राप्त करने का उद्देश्य केवल राजकीय नौकरी प्राप्त करना हो गया। जिस गति से जनसंख्या में वृद्धि हुई उस गति से रोजगार के अवसर सृजित नहीं हुए। परिणामस्वरूप बेरोजगारी की समस्या दिन- प्रतिदिन बढ़ने लगी। युवाओं को प्रशिक्षणः निःसंदेह जीवनयापन के लिए रोजगार अत्यंत आवश्यक है। रोजगार प्राप्त करने के लिए कुशल होना अति आवश्यक है। बेरोजगारी के साथ-साथ अकुशलता भी एक चुनौती बनी हुई है। जो युवा कुशल हैं, उन्हें कहीं न कहीं रोजगार मिल जाता है। किन्तु जो युवा अकुशल हैं, उन्हें रोजगार प्राप्त करने के लिए अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं की इस समस्या को समझा। इसलिए उन्होंने युवाओं को कुशल करने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना प्रारंभ की। उन्होंने 25 सितंबर 2014 को इसका शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को नौकरियों में नियमित रूप से न्यूनतम पारिश्रमिक के समान या उससे अधिक मासिक पारिश्रमिक प्रदान करना है। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए की क्रियान्वित की जा रही है। यह आजीविका प्रदान करने तथा निर्धनता कम करने का एक अभियान है, जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का एक भाग है। इससे ऐसे गरीब ग्रामीण युवा लाभान्वित हो रहे हैं, जो कुशल होना चाहते हैं। इसकी संरचना प्रधानमंत्री के अभियान 'मेक इन इंडिया' के लिए एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में की गई है। रोजगार के अवसरः भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र 'भाजपा का संकल्प मोदी की गारंटी 2024' में कहा गया है कि पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं तथा 14 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण से कुशल बनाया गया है। भारत को दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इको सिस्टम के रूप में स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वादा किया है कि वे स्टार्टअप का और अधिक विस्तार टियर-2 और टियर-3 शहरों में करेंगे। इसके अतिरिक्त देश को पर्यटन और सर्विसेज का वैश्विक केंद्र बनाएंगे, जिससे पूरे देश में रोजगार के अवसर सृजित होंगे। स्वरोजगार की महत्ताः स्वरोजगार का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। ऐसे अनेक मामले देखने में आए हैं, जब उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों ने अपनी नौकरी से त्याग पत्र देकर अपना व्यवसाय प्रारंभ किया। नौकरी में सीमित आय होती है, जबकि व्यवसाय के माध्यम से व्यक्ति अपार संपत्ति अर्जित कर सकता है। देश के अनेक लोग व्यवसाय के माध्यम से ही निर्धनता से निकलकर धनवान बने हैं। वास्तव में स्वरोजगार से जहां एक ओर बेरोजगार युवा को रोजगार मिलता है, वहीं दूसरी ओर उसके परिवार के अन्य सदस्यों को भी रोजगार प्राप्त होता है। इससे उन्हें नियमित रूप से काम मिलता है। उनका रोजगार स्थायी होता है, तो इससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होती है। इससे निर्धनता कम करने में भी सहायता मिलती है। वास्तव में निर्धनों को आर्थिक अवसरों की अत्यंत आवश्यकता है। इसलिए उनके कार्य क्षमताओं को विकसित करने के संबंध में भी अपार अवसर हैं। देश के जनसांख्यिकीय अधिशेष को एक लाभांश में विकसित करने के लिए सामाजिक एकजुटता के साथ ही मजबूत संस्थानों के एक नेटवर्क का होना अति आवश्यक है। भारतीय और वैश्विक नियोक्ता के लिए ग्रामीण निर्धनों को वांछनीय बनाने के लिए कौशल्य के वितरण के लिए गुणवत्ता और मानक सर्वोपरि हैं। इस योजना के अंतर्गत कई कार्य किए जाते हैं, जिनमें कौशल्य एवं नियोजन, अवसर पर समुदाय के भीतर जागरूकता पैदा करना, निर्धन ग्रामीण युवाओं की पहचान करना, परिक्षण व कार्य में रुचि रखने वाले ग्रामीण युवाओं को एकत्रित करना, युवाओं और उनके माता-पिता की काउंसिलिंग तथा योग्यता के आधार पर उनका चयन करना, रोजगार के अवसर को बढ़ाने के लिए ज्ञान, उद्योगों से जुड़े कौशल और मनोदृष्टि प्रदान करना, ऐसी नौकरियां प्रदान करना, जिनका सत्यापन स्वतंत्र जांच करने की विधियों से किया जा सके और जो न्यूनतम पारिश्रमिक से अधिक भुगतान करती हों आदि सम्मिलित है। यह नियुक्ति के बाद कार्यरत व्यक्ति को स्थिरता के लिए सहायक भी है। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना युवाओं को प्रशिक्षण देगी, जिससे उनके करियर में प्रगति होगी। युवाओं का विकास होगा। बेरोजगारी के कारण होने वाले पलायन में कमी आएगी। यह राज्यों को कौशल्य परियोजनाओं का पूर्ण स्वामित्व लेने के लिए सक्षम बनाती है। इस योजना के कई विशेष घटक हैं। इसके अंतर्गत सामाजिक रूप से वंचित समूह के अनिवार्य कवरेज द्वारा उम्मीदवारों का पूर्ण सामाजिक समावेश सुनिश्चित किया जाता है। धन का 50 प्रतिशत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के लिए और तीन प्रतिशत विकलांग व्यक्तियों के लिए निर्धारित करने का प्रावधान है। उम्मीदवारों में एक तिहाई संख्या महिलाओं की होनी चाहिए। इस योजना के अंतर्गत एक त्रिस्तरीय कार्यान्वयन प्रतिरूप है। नीति निर्माण, तकनीकी सहायता और सरलीकरण एजेंसी के रूप में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना राष्ट्रीय यूनिट ग्रामीण विकास मंत्रालय में कार्य करती है। यह योजना के राज्य मिशन कार्यान्वयन को समर्थन प्रदान करती है और परियोजना की कार्यान्वयन एजेंसियां कौशल्य और नियोजन परियोजनाओं के माध्यम से कार्यक्रम को लागू करती है। यह योजना बाजार की मांग के समाधान के लिए नियोजन से जुड़ी कौशल्य परियोजनाओं के लिए 25, 696 रुपये से लेकर एक लाख रुपये प्रति व्यक्ति तक की वित्तीय सहायता प्रदान करती है, जो परियोजना की अवधि और परियोजना के आवासीय या गैर आवासीय होने पर निर्भर करता है। योजना तीन महीने से लेकर 12 महीने तक के प्रशिक्षण अवधि की परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत अनुदान के घटक दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 250 से अधिक व्यापार क्षेत्रों जैसे खुदरा, आतिथ्य, स्वास्थ्य, निर्माण, मोटर वाहन, चमड़ा, विद्युत, पाइप लाइन, रत्न और आभूषण आदि को अनुदान प्रदान करता है। इसका एकमात्र अधिदेश है कि कौशल प्रशिक्षण मांग आधारित होना चाहिए और कम से कम 75 प्रतिशत प्रशिक्षुओं की नियुक्ति होनी चाहिए। ऐसे में कुशल युवकों के लिए रोजगार के द्वार खुल जाएंगे। इस योजना का प्रचार-प्रसार भी होना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक युवा इसका लाभ उठा सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि विकसित भारत के निर्माण के जिस संकल्प को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं, युवा उसके महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। हमारा दृष्टिकोण ऐसा विकसित भारत बनाना है जहां प्रत्येक युवा अपने श्रम एवं कौशल क्षमता का पूरा उपयोग कर सके। हम युवाओं को सीखते हुए कमाने के अवसर देने के लिए एनईपी के अंतर्गत एकीकृत शिक्षा प्रणाली विकसित करेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## आपकी बात

### समस्याओं के हल के लिए नागरिकों का सहयोग आवश्यक

एक-दो महीने के बाद बरसात का मौसम आने वाला है। अभी तो लोग पानी के लिए हाहाकार मचा रहे हैं। वहीं कुछ दिनों के बाद बरसात में जल जमाव और नाली-गली में पानी घुस जाने की चर्चा करते हुए सरकार और प्रशासन को कोसेंगे। शहर के मुख्य मार्गो को देखेंगे तो पायेंगे कि नालियों का ढककर दुकान और मकान बन गए हैं। नालियां सिकुड़ गई है। कहीं -कहीं तो नालियां दिखाई ही नहीं देती है। सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी और मोरम जमा कर दिया गया है। इसका कारण यह होता है कि बरसात का पानी नाली में न जाकर सड़क पर बहने लगता है। इसके कारण सड़के जल्दी खराब हो रही हैं। साथ वाहनों के आने- जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसके अलावे सब्जी बाजारों और सड़कों पर दुकानदार अपने ऊपर प्लास्टिक या कार्टुन की छत लगा देते हैं। बरसात में जब उससे पानी गिरता है तो आने-जाने वालों के ऊपर गिरने लगता है। इसके कारण कई बार इससे झगड़ा-झंझट की नौबत आ जाती है। वहीं कई मकानों मे छत से बरसात का पानी निकालने के लिए वहां से पाईप सड़क पर ही निकाल दिया गया है। उसका पानी भी बरसात में सड़कों पर ही गिरने लगता है। इससे राहगीर तो परेशान रहते ही हैं। साथ ही सड़क पर गड्ढे भी बन जाते हैं। कईयों ने सड़कों का अतिक्रमण कर वहां पर अपने लिए गैराज और पशुओं के लिए घर बना लिया है। ज्यादा कहने पर लड़ने-झगड़ने को उतारू हो जाते हैं। यह कई वर्षो से चला आ रहा है। मौसम के अनुसार समस्याएं सामने आती है। मौसम के चले जाने के बाद उस समस्या को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। समय रहते इन समस्याओं का निराकरण आवश्यक है। नहीं तो यह समस्या बाद में विकराल रूप धारण कर लेती हैं। गर्मी आने से पूर्व पेयजल की समस्या का निदान कर लिया जाना चाहिए। साथ ही बरसात आने के पूर्व पानी निकासी और जल जमाव की समस्या का हल ढूंढ लेना चाहिए। नली गली की समस्या हर गांव और क्षेत्र में देखी जा सकती है। इन समस्याओं के निराकरण की आवश्यकता है साथ ही इन समस्याओं का निराकरण भी नागरिकों के सहयोग के बिना नहीं किया जा सकता है। इन समस्याओं के समाधान के लिए नागरिकों में नागरिक चेतना की आवश्यकता है, जो इन समस्याओं को हल ढूंढ सकें।

**– अनिल कुमार, मेदिनीनगर।**

महाराणा प्रताप जयंती पर विशेष

# राजपूत आन-बान-शान के ध्वजावाहक




रमेश सर्राफ धमोरा

***भारतीय*** इतिहास में राजपूताना का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। यहां के रणबांकुरों ने देश, जाति, धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में संकोच नहीं किया। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे-बड़े अनेक राज्य रहे हैं, जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना अलग ही स्थान है। इसमें महाराणा प्रताप जैसे महान वीर ने जन्म लिया था। मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं। एक ऐसे राजपूत राजा जो जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे, जिसने जंगलों में रहना पसंद किया, लेकिन कभी विदेशी मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं की थी। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया था। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने भाइयों में सबसे बड़े थे। इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया। महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की नीति हिन्दू राजाओं की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिन्दू राजा को अपने नियन्त्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया उस वक्त उनकी उम्र 27 वर्ष थी। उस वक्त मुगल सेना ने चितौड़गढ़ को चारों ओर से घेर लिया था। तब महाराणा उदयसिंह मुगलों से लडने के बजाय चितौड़गढ़ छोडकर परिवार सहित गोगुन्दा चले गये। महाराणा प्रतापसिंह फिर से चितौड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे, लेकिन उनके परिवार ने चितौड़गढ़ जाने से मना कर दिया। गोगुन्दा में रहते हुए महाराणा उदयसिंह और उसके विश्वासपात्रों ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह ने अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी। वैसे महाराणा उदय सिंह अपने अंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे। प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया। लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चूंडावत राजपूतों ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोडने को बाध्य कर दिया।

**महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था।**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# पीर पराई चुनावी मुद्दा क्यों नहीं बनता?



ललित गर्ग

***लोकसभा*** चुनाव का तीसरा चरण पुरा हो गया है, जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं राजनेताओं एवं उम्मीदवारों के दागदार चरित्र की परते खुलती जा रही है। एक समय था कि जब लोग देश के नेताओं के सार्वजनिक जीवन में आचरण का अनुसरण करते थे। नेताओं को भी समाज में अपनी छवि व प्रतिष्ठा की फिक्र रहती थी। लेकिन हाल के वर्षों में राजनीति में कई क्षत्रप परिवारों के ऐसे नेता भी सामने आए हैं जिन्होंने सत्तामद में चूर होकर तमाम नैतिकताओं व मर्यादाओं को ताक पर रखा। पिछले दिनों कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्यूलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर सैकड़ों महिलाओं के साथ दुराचार के जो गंभीर आरोप लगे, उसने राजनीति में पतन की पराकाष्ठा को दर्शाया है। वही रांची में एक पुराने मामले की जांच कर रही ईडी को रेड में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के घर पर काम करने नौकर के यहां से 39 करोड कैश बरामद हुआ है। यौन उत्पीड़न, दुराचार, भ्रष्टाचार एवं देशद्रोह पर सवार नेताओं एवं दागदार उम्मीदवारों से जुड़ा यह चुनाव लोकतंत्र पर एक गंभीर प्रश्न है। हमारी राजनीति एक त्रासदी बनती जा रही है। राजनेता सत्ता के लिये सब कुछ करने लगा और इसी होड़ में राजनीति के आदर्श ही भूल गया, यही कारण है देश की फिजाओं में विषमताओं और विसंगतियों का जहर घुला हुआ है और कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं देती। डर लगता है राजनीतिक भ्रष्टाचारियों से, अपराध को मंडित करने वालों से, सत्ता का दुरुपयोग करने वालों से, देश की एकता एवं अखण्डता को दांव पर लगाने वालों से एवं यौन उत्पीड़न व दुराचार से नारी अस्मिता को नौंचने वालों से। देश दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। समाज में बहुत कुछ बदला है, मूल्य, विचार, जीवन-शैली, वास्तुशिल्प सब में परिवर्तन है। चुनाव प्रक्रिया बहुत खचीर्ली होती जा रही है। ईमानदार होना आज अवगुण है। अपराध के खिलाफ कदम उठाना पाप हो गया है। धर्म और अध्यात्म में रुचि लेना साम्प्रदायिक माना जाने लगा है। किसी अनियमितता का पदार्फाश करना पूर्वाग्रह माना जाता है। सत्य बोलना अहम पालने की श्रेणी में आता है। साफगोही अव्यावहारिक है। भ्रष्टाचार को प्रश्रय नहीं देना समय को नहीं पहचानना है। चुनाव के परिप्रेक्ष्य में इन और ऐसे बुनियादी सवालों पर चर्चा होना जरूरी है। आखिर कब तक राजनीतिक स्वार्थों के नाम पर नयी गढ़ी जा रही ये परिभाषाएं समाज और राष्ट्र को वीभत्स दिशाओं में धकेलती रहेगी? विकासवाद की तेज आंधी के नाम पर हमारा देश, हमारा समाज कब तक भुलावे में रहेगा? चुनाव के इस महायज्ञ में सुधार की, नैतिकता की, मूल्यों की, सिद्धान्तों की बात कहीं सुनाई नहीं दे रही है? दूर-दूर तक कहीं रोशनी नहीं दिख रही है। बड़ी अंधेरी और घनेरी रात है। न आत्मबल है, न नैतिक बल। महान एवं सशक्त भारत के निर्माण के लिए आयोज्य यह चुनावरूपी महायज्ञ आज 'महाभारत' बनता जा रहा है, मूल्यों और मानकों की स्थापना का यह उपक्रम किस तरह लोकतंत्र को खोखला करने का माध्यम बनता जा रहा है, यह गहन चिन्ता और चिन्तन का विषय है। विशेषतः चारित्रिक अवमूल्यन, आर्थिक विसंगतियों एवं विषमताओं को प्रश्रय देने का चुनावों में नंगा नाच होने लगा है और हर दल इसमें अपनी शक्ति का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

# कोलकाता का कालीघाट मंदिर

***कोलकाता*** में कई प्राचीन मंदिर स्थित हैं। यहां के मंदिरों में भक्तों की असीम आस्था है। देश ही नहीं विदेश से भी लोग इन मंदिरों में दर्शनार्थ के लिए आते हैं। कोलकाता का ऐसा ही एक प्रसिद्ध मंदिर है काली मंदिर, इसे कालीघाट के नाम से भी जाना जाता है। 51 शक्तिपीठों में से एक कालीघाट मंदिर को भारत का सबसे सिद्ध काली मंदिर कहा जाता है। इस शक्तिपीठ में स्थित प्रतिमा की प्रतिष्ठा कामदेव ब्रह्मचारी ने की थी। इस मंदिर की भक्तों के बीच काफी महत्वता है। हर साल बड़ी संख्या में देवी के भक्त मंदिर में दर्शनों के लिए आते हैं।



**51 शक्तिपीठों में से एक है कालीघाट मंदिर**

पौराणिक कथाओं के अनुसार कोलकाता के कालीघाट मंदिर में माता सती के दाहिने पैर का अंगूठा गिरा था तब से ही इसे शक्तिपीठ कहा जाने लगा। गौरतलब है कि शक्तिपीठ वे स्थान हैं जहां माता सती की मृत देह के अंग गिरे थे। ये पवित्र स्थान भारत ही नहीं बांग्लादेश व नेपाल में भी स्थित हैं। कोलकाता में कालीघाट मंदिर का निर्माण सन 1809 में हुआ था। इस मंदिर को शहर के सबर्ण रॉय चौधरी नाम के धनी व्यापारी के सहयोग से पूरा किया गया था।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# व्हाट्सएप के नए फीचर का टेस्टिंग जारी

***आप*** मीडिया पर प्रतिक्रिया देने के लिए बार के दाईं ओर इमोजी बटन भी दबा सकते हैं। यदि आपकी पसंदीदा प्रतिक्रिया दिखाई नहीं दे रही है, तो अपनी पसंद का इमोजी चुनने के लिए बस '+' बटन पर टैप करें।

यह वर्तमान अमल से बेहतर है जहां आपको किसी भी मीडिया पर प्रतिक्रिया या उत्तर देने के लिए या तो लंबे समय तक प्रेस करना होगा या दाएं स्वाइप करना होगा। और जब आप नवीनतम व्हाट्सएप बीटा को साइडलोड कर सकते हैं, तो WABetInfo का सुझाव है कि कार्यक्षमता वर्तमान में मुट्ठी भर उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है, जिसका अर्थ है कि इसमें सर्वर-साइड तत्व शामिल हो सकता है।



**व्हाट्सएप कई फीचर्स एड कर चुका**

पिछले कुछ हफ्तों में, व्हाट्सएप डेवलपर्स ने ऐप में कई नए फीचर्स जोड़े हैं। इसमें प्रति चैट 3 संदेशों को पिन करने की क्षमता, आइफोन के लिए पासकी समर्थन और कुछ महत्वपूर्ण संदेशों को खोजने के लिए चैट फिल्टर शामिल हैं।

(समाप्त)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कांग्रेस-बीआरएस भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का पर्याय: प्रधानमंत्री

## तुष्टीकरण की सबसे अधिक कीमत एससी, एसटी और ओबीसी को चुकानी पड़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति का पर्याय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल देश ने सफलतापूर्वक तीसरे चरण का चुनाव पूरा किया। इस महत्वपूर्ण चरण में, कांग्रेस और इंडी गठबंधन को एक और झटका लगा, क्योंकि तीसरा फ्यूज उड़ गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन की पहचान है। एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बावजूद वे एक ही सिंडिकेट का हिस्सा हैं। याद कीजिए जब बीआरएस ने कांग्रेस पर 'वोट के लिए नकद' का आरोप लगाया था? जब बीआरएस सत्ता में थी तो क्या कोई जांच हुई? इसी तरह कांग्रेस ने बीआरएस पर कालेश्वरम घोटाले का आरोप लगाया। इतने लंबे समय तक तेलंगाना की सत्ता में रहने के बावजूद क्या कांग्रेस ने इसकी कोई जांच कराई है? यह स्पष्ट है: दोनों एक ही भ्रष्टाचार सिंडिकेट में शामिल हैं।



कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टीकरण नीतियों की सबसे अधिक कीमत एससी, एसटी और बीसी समुदायों को भुगतनी पड़ती है। उनका लक्ष्य उनके आरक्षण अधिकार को छीनना है। डॉ. अम्बेडकर ने हमें आरक्षण का अधिकार दिया और हमारा संविधान धर्म-आधारित आरक्षण का विरोध करता है। हालांकि, कांग्रेस अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए इसका विरोध करती है। उन्होंने कहा कि कल ही, इंडी गठबंधन के एक प्रमुख व्यक्ति ने खुले तौर पर मुसलमानों के लिए पूर्ण आरक्षण की वकालत की, जिसका उद्देश्य एससी, एसटी और बीसी समुदायों से वर्तमान आरक्षण लाभ छीनकर मुसलमानों को देना था। यही कारण है कि वे मडिगा समुदाय को भी अधिकार देने का विरोध करते हैं।

### पीएम मोदी ने ये भी कहा

- भाजपा और विपक्षी दलों के बीच तुलना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा ने हमेशा सबसे ऊपर राष्ट्र प्रथम को प्राथमिकता दी है। हालांकि, तेलंगाना में कांग्रेस और बीआरएस दोनों पहले अपने-अपने परिवारों को प्राथमिकता देते हैं। कांग्रेस और बीआरएस के बीच अंतर करना बहुत कठिन है।
- मोदी ने कांग्रेस से सवाल किया कि पांच साल पहले वे अंबानी और अडानी के प्रति आसक्त थे। हालांकि, रातों-रात उनका नजरिया बदल गया है और अब वे उनके बारे में चुप रहते हैं। यह पाखंड कहां तक जाएगा? उन्हें अडानी, अंबानी से कितना काला धन मिला है?
- कांग्रेस पार्टी के इरादे कुछ और हैं। इनके एक पूर्व सलाहकार ने खुलासा किया कि शहजादे अदालत के फैसले को चुनौती देकर राम मंदिर के निर्माण रोकने की योजना बना रहे थे। ये भी कहा कि कांग्रेस सत्ता में आई तो कोर्ट के फैसले को पलट देगी और राम मंदिर पर ताला लगा देगी।

## केरल में जंगली हाथी के हमले में कैमरामैन की मौत



**पलक्कड़।** पलक्कड़ में मातृभूमि टीवी का कैमरामैन एक नदी पार कर रहे जंगली हाथियों के झुंड का वीडियो बना रहा था। इस दौरान अचानक एक हाथी ने उस पर हमला कर दिया। वीडियो पत्रकार को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। मातृभूमि टीवी न्यूज चैनल में कार्यरत एवी मुकेश बुधवार को पलक्कड़ के कोट्टेकड़ के वन क्षेत्र में हाथियों के एक झुंड की शूटिंग करने पहुंचे थे। रिपोर्ट के अनुसार, हाथियों की शूटिंग के दौरान एवी मुकेश लड़खड़ा कर गिर गये। यह देखकर हाथी भड़क गया और उस पर हमला कर दिया। हालांकि, बाद में पत्रकार को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

## केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने किए रामलला के दर्शन



**एजेंसी। अयोध्या**

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। राज्यपाल खान के दौरे के मद्देनजर महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से लेकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। राज्यपाल खान के एयरपोर्ट पर पहुंचने पर अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लिए रवाना हुआ। उन्होंने रामलला का दर्शन-पूजन किया। रामलला के दर्शन के बाद राज्यपाल ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय से मुलाकात की। चम्पत राय ने उनको श्रीरामचरित मानस भेंट किया। राज्यपाल खान ने पत्रकारों से कहा कि वे जनवरी से अब तक दो बार अयोध्या आ चुके हैं, जो भाव उस समय था वही भाव आज भी है। मैं अयोध्या का पड़ोसी हूं और पहले भी बहुत आता रहा हूं। यह हमारे लिए खुशी नहीं, गर्व की बात है।

### तृणमूल कार्यकर्ताओं की कारस्तानी

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े कलाकार को कोलकाता छोड़ने को किया मजबूर

**एजेंसी। कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एक युवा कलाकार को सिर्फ इसलिए कोलकाता छोड़ने को मजबूर कर दिया कि वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा हुआ है। पीड़ित कलाकार का नाम शीर्ष आचार्य है। देश विभाजन के समय उनके दादा पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से पश्चिम बंगाल आए थे और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े थे। उसके बाद से उनके परिवार का संपर्क संघ से रहा है। 24 वर्षीय शीर्ष आचार्य कस्बे में किराए का मकान लेकर रहते थे और लोगों को पेंटिंग सिखाकर अपनी रोजी-रोटी चला रहे थे। विगत दिसंबर-जनवरी में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर अक्षत वितरण कार्यक्रम के लिए संघ के कुछ पदाधिकारियों ने आचार्य से बातचीत की थी। इस पर तृणमूल कार्यकर्ताओं की नजर पड़ गई। इसके बाद उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर नजर रखी जा रही थी। पिछले रविवार को वार्ड-115 में रहने वाला एक तृणमूल कार्यकर्ता उनके घर गया और उन्हें काफी धमकी दी। शीर्ष आचार्य ने यह जानकारी स्थानीय काउंसलर सुशीला मंडल के पति तरुण मंडल को दी। उन्होंने शीर्ष से कहा कि वह सोमवार को 11 बजे पार्टी ऑफिस आकर बातचीत कर इसका समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। वहां शीर्ष गए लेकिन तरुण नहीं मिले। कुछ देर इंतजार के बाद जब शीर्ष वहां से जाने लगे तो कुछ लड़के उन्हें पार्टी ऑफिस के अंदर ले गए। उनके साथ मारपीट की, उनका चश्मा तोड़ दिया। उन्हें धमकी दी गई कि इलाका छोड़ दो नहीं तो शाम तक तुम्हें तालाब में डुबा देंगे। शीर्ष ने भाजपा नेता देवजीत सरकार को तुरंत मामले की जानकारी दी। बीस मिनट के अंदर देवजीत पहुंचे और मदद का आश्वासन दिया लेकिन शीर्ष जोखिम नहीं लेना चाहते थे। उन्होंने बैग में कुछ सामान रखा और शाम 05 बजे निकल पड़े। सियालदह से ट्रेन पकड़ी और देर रात मुर्शिदाबाद स्थित अपने घर पहुंचे। स्तंभकार और राजनीतिक विश्लेषक देवयानी भट्टाचार्य ने सोशल मीडिया पर लिखा कि शीर्ष आचार्य को किराए के घर को छोड़कर भागने के लिए मजबूर किया गया क्योंकि उन्होंने राम मंदिर आदि की तस्वीरें बनाईं?

## एससी ने पश्चिम बंगाल के सीबीआई मामलों पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पश्चिम बंगाल के मामलों में सीबीआई की तरफ से एफआईआर दर्ज होने के खिलाफ राज्य सरकार की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने याचिका का ये कहते हुए विरोध किया है कि ममता सरकार की ये याचिका अनुच्छेद 131 के तहत सुनवाई के लायक नहीं है। इन मामलों में केस सीबीआई ने दर्ज किया है, केंद्र सरकार ने नहीं। सीबीआई अपने आप में स्वतंत्र जांच एजेंसी है। सीबीआई की ओर से केस दर्ज होने के चलते बंगाल सरकार केंद्र के खिलाफ मुकदमा दायर नहीं कर सकती। सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि एक बार सीबीआई राज्य में प्रवेश करती है तो उसके बाद ईडी जांच शुरू कर देती है।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला आज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के सीएम केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर आज को फैसला आएगा। आज जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने ईडी के वकील एएसजी एसवी राजू को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी। सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर आज सुनवाई करेगा। एक मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर कोर्ट 9 मई को सुनवाई करेगा। जहां तक अंतरिम जमानत आदेश का सवाल है तो हम वह आदेश 9 मई को पारित कर सकते हैं। कोर्ट ने 7 मई को सुनवाई के दौरान कहा था कि यह एक असाधारण स्थिति है, क्योंकि चुनाव चल रहा है और एक मुख्यमंत्री जेल में हैं। हम केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर सुनवाई करेंगे, क्योंकि यह सामान्य मामला नहीं है।

### केजरीवाल के खिलाफ मीडिया रिपोर्टिंग पर रोक की मांग खारिज, याचिकाकर्ता पर 1 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मीडिया रिपोर्टिंग और राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों को बयान देने से रोकने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता पर एक लाख का जुर्माना लगाते हुए इस रकम को एम्स में जमा कराने को कहा है। श्रीकांत प्रसाद नाम के एक वकील ने ये याचिका दायर की थी। कोर्ट ने याचिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये किस तरह की मांग है। क्या हम इमरजेंसी या मार्शल लॉ लगा दें। हम कैसे मीडिया संस्थान को रिपोर्टिंग से या किसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को केजरीवाल के खिलाफ बयान देने से रोक सकते हैं।

## पाक सेना ने कहा, पांच चीनी नागरिकों के मौत की अफगानिस्तान में रची गई साजिश

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की सेना ने मंगलवार को दावा किया कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा में मार्च में एक आत्मघाती हमले पांच चीनी नागरिकों की मौत की साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी। सेना की प्रेस इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) प्रमुख मेजर-जनरल अहमद शरीफ ने एक संवाददाता सम्मेलन में अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पाकिस्तान में हमले करने के लिए अपनी भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मार्च में खैबर पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में जिस हमले में पांच चीनी अभियंताओं की मौत हुई थी,उसकी साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी और पड़ोसी देश की धरती का इस्तेमाल किया गया था। शरीफ ने कहा, यह आत्मघाती बम धमाका सीमा पार (अफगानिस्तान में) से भी जुड़ा है, इस आतंकवादी गतिविधि की योजना अफगानिस्तान में बनाई गई थी। आतंकवादियों और उनके मददगारों को भी अफगानिस्तान से नियंत्रित किया जा रहा था और आत्मघाती हमलावर भी अफगान था। इस साल मार्च में शांगला जिले के बिशम इलाके में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी अपनी कार से उस वाहन में टक्कर मार दी थी जिसमें पांच अभियंता सवार थे। हमले में चीनी अभियंताओं के साथ पाकिस्तानी चालक की मौत हो गई थी। पीड़ित इस्लामाबाद से प्रांत के ऊपरी कोहिस्तान जिले के मुख्यालय दासू में अपने शिविर की ओर जा रहे थे।

## न्यूज बॉक्स

### अश्लील वीडियो कांड : कर्नाटक के डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कुमारस्वामी की आलोचना की



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने कथित अश्लील वीडियो कांड को लेकर बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी की आलोचना की। डिप्टी सीएम ने चिक्कमगलुरु में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, यदि कुमारस्वामी में थोड़ी भी शर्म बची है, तो उन्हें पहले कथित सेक्स स्कैंडल के पीड़ितों के परिवारों से मिलना चाहिए। उन्हें शांत करना चाहिए और उन्हें साहस देना चाहिए। लोगों का कहना है कि कई पीड़ित जद(एस) नेता हैं। मामले की जांच कर रहे एसआईटी को कुमारस्वामी द्वारा शिवकुमार, सिद्दारमैया और सुरजेवाला इनवेस्टिंग टीम₹ बताये जाने पर शिवकुमार ने पूर्व सीएम को ब्लैकमेल का राजा बताया और आरोप लगाया कि वह अधिकारियों को धमकी दे रहे हैं। शिवकुमार ने कुमारस्वामी को विधानसभा सत्र में मामले पर चर्चा करने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि कुमारस्वामी खुद को ही अदालत और न्यायाधीश मानते हैं। उन्होंने कहा, क्या वह वकील हैं, यदि हां तो उन्हें अदालत में जाकर अपनी दलीलें रखनी चाहिए। यह खुशी की बात है कि कुमारस्वामी मुझ पर हमला कर रहे हैं। वह पूरे प्रकरण में स्क्रिप्ट राइटर, डायरेक्टर और एक्टर हैं। जब शिवकुमार से पूछा गया कि क्या उन्होंने पेन ड्राइव बंटवाए थे, तो उन्होंने खंडन करते हुए कहा कि यह भाजपा की मदद से किया जा रहा है।

### उम्मीदवार बनीं आईएएस अधिकारी बोलीं केंद्र ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया




**चंडीगढ़।** पंजाब के बठिंडा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार पूर्व आईएएस अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और वह राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार दोबारा ड्यूटी पर नहीं आएंगी। पंजाब सरकार को जवाब देते हुए सिद्धू ने कहा, मैं नौकरी दोबारा ज्वाइन नहीं करूंगी। वे (पंजाब सरकार) जो चाहें कार्रवाई कर सकते हैं। मैं अब सेवानिवृत्त हो गई हूं और मेरा इस्तीफा केंद्र सरकार ने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा, मैं जल्द ही अपना नामांकन दाखिल करूंगी और चुनाव लड़ूंगी। इससे पहले, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को सिद्धू द्वारा चुनी गई स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना को तत्काल प्रभाव से स्वीकार करने का निर्देश दिया था। दूसरी ओर, राज्य सरकार ने आईएएस अधिकारी को तुरंत ड्यूटी पर लौटने के लिए कहा था और कहा था कि उन्हें सेवानिवृत्त या सेवा से मुक्त नहीं माना जा सकता।

### सिसोदिया की बेल याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए सीबीआई, ईडी को मिले 4 दिन



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने जांच एजेंसी सीबीआई-ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए चार दिन का और समय दिया है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने 3 मई को सिसोदिया की याचिका पर नोटिस जारी कर दोनों एजेंसियों केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था। बुधवार को एजेंसियों ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा। ईडी के वकील ने कहा कि जांच अधिकारी अभियोजन की शिकायत के साथ जांच में व्यस्त हैं, इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह और चाहिए।

### रफा हमले से पहले हमास युद्धविराम के मसौदे पर सहमत नहीं था : अमेरिका



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने उन रिपोर्टों का खंडन किया, जिसमें कहा गया कि इजरायली सेना के रफा शहर में सैन्य अभियान शुरू करने से कुछ समय पहले हमास ने युद्धविराम के प्रस्ताव पर सहमति जताई थी। वाशिंगटन में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, हमास ने युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। हमास ने जवाब दिया और अपनी प्रतिक्रिया में कई सुझाव दिए। यह स्वीकार करने जैसा नहीं है। मैथ्यू मिलर ने बताया कि चर्चा का मसौदा अप्रैल के अंत में किया गया एक प्रस्ताव था। उन्होंने कहा, यह वह प्रस्ताव है जो टेबल पर था। ऐसा लगा कि हमास ने उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। लेकिन ऐसा नहीं है। इजरायली सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने गाजा पट्टी के दक्षिण में रफा सीमा पार करने वाले फि लिस्तीनी हिस्से पर रातों रात नियंत्रण कर लिया है।

### ब्राजील में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 90 हुई



**साओ पाउलो।** दक्षिण ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में आए तूफान ने तबाही मचाई हुई है। बुधवार को बीते 24 घंटों में तूफान से पांच और लोगों की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 90 पहुंच गई। इसकी जानकारी राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उरुग्वे और अर्जेंटीना की सीमा से लगे राज्य में रिकॉर्ड बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के चलते 132 लोग लापता हो गए और 361 घायल हो गए। पिछले आठ दिनों में 200,000 से ज्यादा निवासियों को अपना घर छोड़ना पड़ा। राज्य की नागरिक सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, राजधानी पोर्टो एलेग्रे सहित राज्य के 497 शहरों में से 388 में 1.4 मिलियन से ज्यादा लोग आपदा से प्रभावित हुए हैं। शहर की 85 प्रतिशत से ज्यादा आबादी की पीने योग्य पानी तक पहुंच बंद हो गई है, जिसके चलते अधिकारियों को आपूर्ति में कटौती करनी पड़ी है। राज्य भर में 790 स्कूल बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और 388 को नुकसान पहुंचा है और अन्य 52 स्कूल लोगों को आश्रय दे रहे हैं।

### सिलीगुड़ी में भारत-नेपाल सीमा से दो अमेरिकी महिला समेत तीन गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी।** सिलीगुड़ी के खोरीबाड़ी के पानीटंकी स्थित भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने बीती रात दो अमेरिकी महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। बुधवार को गिरफ्तार तीनों को आगे की कार्रवाई के लिए खोरीबाड़ी थाने की पुलिस को सौंप दिया गया है। गिरफ्तार अमेरिकी महिलाओं का नाम नेयना काला पौडेल और यूनिस बिस्वा है, जबकि गिरफ्तार एक अन्य युवक का नाम नीमा तमांग है। वह अलीपुरद्वार के कालचीनी का निवासी है। एसएसबी सूत्रों के मुताबिक, नेयना अपनी भतीजी यूनिस के साथ नीमा से शादी करने के लिए अमेरिका से भारत आई थी। नेयना ने 13 अप्रैल को नीमा से शादी की और 21 अप्रैल को हनीमून पर नेपाल चली गई। नेपाल से भारत में दोबारा प्रवेश करने से पहले तीनों को पानीटंकी में भारत-नेपाल सीमा पर चेकिंग के लिए मंगलवार रात को रोका। इस दौरान दोनों अमेरिकी महिलाओं के पास से फर्जी आधार कार्ड बरामद हुआ। इसके बाद एसएसबी जवानों ने दोनों अमेरिकी महिला और भारतीय युवक को गिरफ्तार कर लिया।

## आज का राशिफल

**मेष:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**वृषभ:** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्यय भार बढ़ेगा। किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं।

**मिथुन:** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी।

**कर्क:** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**सिंह:** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**कन्या:** रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**तुला:** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। पुरुषार्थ का सहारा लें। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**धनु:** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं।

**मकर:** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा परिणाम शुभ रहेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे।

**कुम्भ:** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं, जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। मनोरथ सिद्धि का योग है। व्यापार

**मीन:** में स्थिति उत्तम रहेगी। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देंगे। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा।

# एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से कोरोना वैक्सीन वापस मंगाई

## टीके की सुरक्षा को लेकर उठे थे सवाल

**एजेंसी। लंदन**

दुनियाभर में कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों को टीके मुहैया कराने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपना कोरोना का टीका वापस मंगा लिया है। कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है। गौरतलब है कि एस्ट्राजेनेका के लाइसेंस वाली कोविशील्ड वैक्सीन ही भारत में भी कोरोना से बचाव के लिए दी गई थी। भारत में लगाई गई कोविशील्ड वैक्सीन भी उसी फामूर्ले पर बनी है, जिस पर वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनी है। भारत में कोविशील्ड का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया था, लेकिन अभी तक भारत में कोरोना वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं हुआ है।




द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार, एस्ट्राजेनेका ने दावा किया है कि वैक्सीन का अपडेट संस्करण उपलब्ध है, ऐसे में वैक्सीन के पुराने स्टॉक को वापस मंगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 5 मार्च को ही वैक्सीन वैक्सजेरवरिया को वापस मंगाने का फैसला कर लिया था, लेकिन यह आदेश 7 मई से प्रभावी हुआ। ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मास्यूटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का यह कदम ऐसे वक्त सामने आया है, जब कंपनी ने बीते दिनों ही स्वीकार किया है कि कुछ मामलों में कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट सामने आए हैं और इसकी वजह से कुछ लोगों में थ्रंबोसिस थ्रंबोसाइटोपीनिया सिंड्रोम बीमारी के लक्षण देखे गए हैं, जिसमें लोगों में खून के थक्के जमने लग जाते हैं।

### कंपनी के खिलाफ दर्ज हुए मुकदमे

एस्ट्राजेनेका कंपनी कोविड वैक्सीन को लेकर कई मुकदमों का सामना कर रही है। आरोप है कि कोविड वैक्सीन लगने के बाद कई लोगों की जान गई है। जैमी स्कॉट नामक एक व्यक्ति ने एस्ट्राजेनेका के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। स्कॉट का आरोप है कि वैक्सीन लेने के बाद उसके शरीर में खून के थक्के जमने की समस्या हुई और दिमाग में भी ब्लीडिंग हुई। इससे उसके मस्तिष्क को नुकसान हुआ। ऐसे ही कंपनी के खिलाफ 50 से ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं। कंपनी ने भी कोर्ट में लिखित दस्तावेजों में स्वीकार किया कि कोरोना वैक्सीन के कुछ दुर्लभ मामलों में साइड इफेक्ट दिख सकते हैं।

### भारत में भी उठी चिंताएं

एस्ट्राजेनेका ने यूरोप और दुनिया के अन्य देशों से ही कोरोना वैक्सीन वापस मंगाने का फैसला किया है। भारत में सीरम इंस्टीट्यूट की तरफ से अभी तक ऐसा कोई फैसला नहीं लिया गया है। भारत में भी कोविशील्ड को लेकर चिंता उठ रही है और इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है और वैक्सीन की सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर सुनवाई की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट भी सुनवाई के लिए सहमत हो गया है, लेकिन अभी तक तारीख तय नहीं हुई है।





# विराट को रोकना पंजाब के लिए सबसे बड़ी चुनौती



**एजेंसी। धर्मशाला**

आईपीएल 2024 में गुरुवार को पंजाब किंग्स अपने घर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना करेगी। आरसीबी जीत की पटरी पर लौट आई है और धर्मशाला का मैदान विराट कोहली को खूब पसंद आता है लेकिन पंजाब किंग्स का एक गेंदबाज उनकी समस्या बढ़ाने को खड़ा है। तो चलिए इस मैच से जुड़े अहम आंकड़ों पर नजर डालते हैं:

कोहली को रास आता है धर्मशाला

विराट कोहली धर्मशाला में अपना तीसरा टी20 खेलेंगे और आईपीएल में मात्र दूसरा। धर्मशाला कोहली को बहुत पसंद आता है और यहां पर उन्होंने अपने पेशेवर करियर की नौ में से छह पारियों में अर्धशतक लगाया है, जिसमें पिछले साल न्यूजीलैंड के खलिाफ 104 गेंद में 95 रन की पारी भी शामिल है। हालांकि सामने कगिसो रबाडा होंगे, एक ऐसे गेंदबाज जिन्होंने कोहली को 13 में से चार बार आउट किया है। वहीं पंजाब के अन्य गेंदबाजों के सामने कोहली को कोई समस्या नहीं होती है, जिससे वह शुरूआत में रबाडा पर रूककर बाद में रन बना सकते हैं।

### पंजाब की दिक्कत चयन में निरंतरता

चयन में निरंतरता और खिलाड़ियों के स्मार्ट पूल के चयन से चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स पिछले दो सीजन में सबसे सफल टी20 टीम रही हैं, जहां उनका जीत का प्रतिशत 60 है। चेन्नई ने 26 तो राजस्थान ने 27 खिलाड़ी इस्तेमाल किए। वहीं पंजाब का संयुक्त रूप से सबसे कम 40 जीत का प्रतिशत है और उनहोंने खिलाड़ी भी 24 इस्तेमाल किए। तो इसका मतलब यह है कि पंजाब ने अपने खिलाड़ियों को बहुत अधिक बैक किया है और उनके पास टीम को बेहतर बनाने के लिए अन्य विकल्पों की कमी है?

# राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में कल खेले जाएंगे चार मैच



**एजेंसी। रांची**

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 (चरण 1) का समापन आगामी शुक्रवार (10 मई) को रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में होगा। इस दिन चार मैच खेले जाएंगे। इस अवसर पर कुणाल, संयुक्त सचिव, खेल विभाग, भारत सरकार, एसपीएस तोमर, सलाहकार, खेल मंत्रालय, मनोज कुमार, सचिव, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग, झारखंड सरकार, सुशांत गौरव, आईएएस, निदेशक खेल, खेल और युवा मामले विभाग, झारखंड सरकार, भोला नाथ सिंह, महासचिव, हॉकी इंडिया एवं उपाध्यक्ष, एशियाई हॉकी महासंघ और अध्यक्ष हॉकी झारखंड उपस्थित रहेंगे।

### 10 मई के मैच

07:00 बजे : हॉकी हरियाणा बनाम हॉकी मध्य प्रदेश।
16:00 बजे : हॉकी मिजोरम बनाम हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा।
18:00 बजे : हॉकी बंगाल बनाम मणिपुर हॉकी।
20:30 बजे : हॉकी महाराष्ट्र बनाम हॉकी झारखंड।

# अथापथु के शतक से श्रीलंका महिला टी 20 टीम का विश्व कप क्वालीफायर पर कब्जा



**एजेंसी। अबू धाबी**

चामरी अथापथु की 102 रन की सनसनीखेज पारी ने श्रीलंका को यहां शेख जायद स्टेडियम में स्कॉटलैंड के खिलाफ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर 2024 के फाइनल में मैच विजयी स्कोर बनाने में मदद की। कप्तान ने 13 चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 गेंदों में 102 रन बनाए, जिससे श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 2 ओवर में 169/5 रन बनाए। जवाब में स्कॉटलैंड 20 ओवर में 101/7 रन ही बना सका। क्वालीफायर के फाइनलिस्ट होने के नाते, श्रीलंका और स्कॉटलैंड दोनों बांग्लादेश में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके थे। जीत के साथ, श्रीलंका अब महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, भारत और पाकिस्तान के साथ शामिल हो जाएगा। इस बीच, स्कॉटलैंड मेजबान बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के साथ शामिल हो गया। स्कॉटलैंड की कप्तान सारा ब्राइस के पहले गेंदबाजी करने के फैसले को उनके गेंदबाजों ने समर्थन दिया, तेज गेंदबाज प्रियानाज चटर्जी ने तीसरे ओवर में विशमी गुणरत्ने (9) का महत्वपूर्ण विकेट झटका। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑफ स्पिनर कैथरीन फ्रेजर ने पहले पावरप्ले की समाप्ति से पहले हर्षिता समराविक्रमा (8) को फंसाया और स्कॉटलैंड को एक और सफलता दिलाई। इसके बाद लेग स्पिनर अब्ताहा मकसूद ने गतिशील ऑलराउंडर कविशा दिलहारी को हटा दिया, जो चौथे नंबर पर आईं और कप्तान अथापथु के साथ पारी को फिर से बनाने की कोशिश की और कुछ आक्रामक चौके लगाए। फिर, हन्ना रेनी के तीसरे ओवर में अथापथु ने गति पकड़ी। तीसरी गेंद पर फ्री हिट कॉल का फायदा उठाते हुए, उसने तेज गेंदबाज को कवर के ऊपर से चौका मारा और इसके बाद अगली कुछ गेंदों पर दो और चौके लगाए। क्लो एबेल की गेंद पर छक्का और चौका लगाने से अथापथु को टूर्नामेंट में अपना दूसरा अर्धशतक पूरा करने में मदद मिली और आखिरकार 14वें ओवर में उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया।

# 3 साल बाद घरेलू टूनार्मेंट में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा



**एजेंसी। भुवनेश्वर**

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने 12 मई से शुरू होने वाले फेडरेशन कप में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, जो तीन साल बाद उनका पहला घरेलू टूनामेंट होगा। नीरज ने आखिरी बार 2021 फेडरेशन कप में भाग लिया था जो टोक्यो ओलंपिक से पहले आयोजित किया गया था। गोल्डन बॉय ने एथलेटिक्स में ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय बनकर अपनी छाप छोड़ी। वह दोहा डायमंड लीग, जो 10 मई को कतर, संयुक्त अरब अमीरात में होने वाला है, के बाद फेडरेशन कप के लिए भारत वापस आएंगे। दोहा प्रतियोगिता नीरज के लिए 2024 सीजन की शुरूआत होगी, और वह 2023 एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद पहली बार एक्शन में होंगे। 26 वर्षीय भाला फेंक खिलाड़ी की नजर जुलाई में शुरू होने वाले 2024 पेरिस ओलंपिक में अपने ओलंपिक स्वर्ण की रक्षा करने पर है।

# टी20 विश्व कप के लिए बतौर ओपनर बेस्ट होंगे यशस्वी : ज्वाला सिंह



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टी20 विश्व कप 2024 नजदीक है। खेल का यह सबसे छोटा प्रारूप इस साल वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा। टूनार्मेंट के लिए यात्रा करने वाले अधिकांश खिलाड़ियों के पास दोनों मेजबान देशों में खेलने का अनुभव न के बराबर है। आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में, यशस्वी जायसवाल के कोच, जो उनके लिए उनके पिता के सामान है, ज्वाला सिंह ने बताया कि उनका मानना है कि युवा भारतीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी भारतीय टीम के लिए पारी की शुरूआत करेंगे। वेस्टइंडीज पर्यटन और टूनार्मेंटों के लिए सबसे अधिक बार होने वाला गंतव्य हो सकता है, लेकिन यह वह देश है जहां युवा जायसवाल भारत के लिए मैदान पर उतरे। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने रोसिया, डोमिनिका के विंडसर पार्क में डेब्यू किया, जहां उन्होंने 171 रनों की शानदार पारी खेलकर भारत को एक टेस्ट मैच में प्रमुख जीत दिलाई, जिसे उन्होंने पारी और 141 रनों से जीता। उनका टी20 में भी शानदार रिकॉर्ड है। एक ऐसा प्रारूप जिसमें उन्होंने केवल एक बल्लेबाज के रूप में ओपनिंग की है। भारत के लिए खेली गई 16 पारियों में जायसवाल ने 161.93 की स्ट्राइक रेट के साथ चार अर्द्धशतक और एक शतक बनाया है।

# भरत शर्मा कराटे इंडिया के अध्यक्ष चुने गए, मानस सिन्हा व अन्य ने दी बधाई



**एजेंसी। रांची/नई दिल्ली**

भारतीय कराटे के प्रमुख प्रशासक एवं स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तकनीकी निदेशक हांशी भरत शर्मा बुधवार को कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन (केआईओ) के अध्यक्ष चुने गए। स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष हांशी मानस सिन्हा एवं संयुक्त सचिव शिहान शशि पांडे ने झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए आज कराटे इंडिया आर्गनाजेशन के ईजीएम एवं चुनाव में आधिकारिक रूप से भाग लेते हुए मतदान किया।

हांशी भरत शर्मा के अध्यक्ष बनने पर स्पोर्ट्स कराटे ऐसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष हांसी मानस सिन्हा, सीईओ सेंसाई केके सिंह, कार्यकारी सचिव सेंसाई हेजाज आसदक, क्योशी नरेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष सेंसाई उदय कुमार, सेंसाई धनंजय श्रीवास्तव, शिहान रंजीत मेहता सहित सभी सदस्यों ने खुशी जताई है। कराटे इंडिया ऑर्गेनाईजेशन के तत्वावधान में उत्तराखंड कराटे संघ द्वारा आयोजित जूनियर, कैडेट, अंडर-21 एवं सीनियर वर्ग की राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता आगामी 9 मई से 12 मई तक देहरादून में आयोजित की जा रही है। इसमें झारखंड के 27 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। झारखंड टीम के कोच की भूमिका राष्ट्रीय कराटे कोच सेंसाई शीतल टोपनो निभाएंगे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# बड़ी गिरावट के बाद संभला शेयर बाजार, सपाट स्तर पर बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

### निवेशकों ने की 2.42 लाख करोड़ की कमाई



**एजेंसर। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार आज निचले स्तर से शानदार रिकवरी करने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। दिन के कारोबार के दौरान बिकवाली का दबाव बढ़ जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक में और भी अधिक कमजोरी आ गई लेकिन बाद में खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर दोनों सूचकांक रिकवरी करने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी कल के क्लोजिंग लेवल पर पहुंच कर यानी बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। आज के कारोबार के दौरान बैंकिंग, आईटी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। दूसरी ओर कंज्यूमर गुड्स, मेटल, ऑयल एंड गैस, ऑटोमोबाइल और पावर सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.78 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब ढाई लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई।

# किसानों के लिए कारदेखो ग्रुप ने लॉन्च किया ट्रैक्टर्सदेखो

TractorsDekho

**एजेंसर। नई दिल्ली**

ऑटो टेक कंपनी कारदेखो ने बुधवार को नया ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ट्रैक्टर्सदेखो पेश किया। इस प्लेटफॉर्म के जरिए किसान आसानी से अपनी जरूरत के मुताबिक ट्रैक्टर की खोज कर सकते हैं।

अपने इस कदम के साथ कार देखो ग्रुप ने वाणिज्यिक और कृषि वाहनों के सेगमेंट में कदम रख दिया है। कारदेखो ग्रुप के न्यू ऑटो बिजनेस के सीईओ मयंक जैन ने कहा, किसानों के लिए टैक्टर काफी महत्वपूर्ण होता है। कम जानकारी के साथ सही टैक्टर खोजना एक कठिन कार्य है। इसके लिए हमने ट्रैक्टर्सदेखो प्लेटफॉर्म पेश किया है, जिसकी मदद से किसान आसानी से सही ट्रैक्टर की खोज कर सकते हैं। मालूम हो कि कारदेखो ग्रुप की स्थापना 2008 में हुई थी। वर्तमान में कंपनी के 6 करोड़ से ज्यादा एक्टिव यूजर्स हैं। कंपनी का मूल्यांकन करीब 1.2 अरब डॉलर का है। वाहन सेगमेंट के अलावा कंपनी इंश्योरेंस प्लेटफॉर्म इंश्योरेंसदेखो, फिनटेक प्लेटफॉर्म रूपी, शेयर मोबिलिटी प्लेटफॉर्म रेव आदि का संचालन करती है। कंपनी में सिकोइया, हिलहाउस कैपिटल, कैपिटलआईजी, रतन टाटा ट्रस्ट, लीपफ्रॉग, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और अन्य कंपनियों ने निवेश किया हुआ है। इससे प्रोत्साहित होकर कंपनी ने नया कदम उठाया है।

### इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी सभी जरूरी जानकारी

इस प्लेटफॉर्म पर खरीदार, विक्रेता, डीलर के साथ सर्विस सेंटर भी उपलब्ध हैं, जो ट्रैक्टर की खोज को किसानों के लिए आसान बनाएगा। कंपनी ने बताया कि इस प्लेटफॉर्म पर ट्रैक्टर की जानकारी के साथ विशेषज्ञ की सलाह और पूरी ट्रैक्टर इंडस्ट्री की जानकारी भी मिलेगी।

# 18 मई को भी खुलेगा बाजार, कर सकेंगे शेयरों की खरीद-बिक्री


**मुंबइ।** भारतीय शेयर बाजार इस महीने 18 मई (शनिवार) को भी खुलेगा। छुट्टी के दिन बाजार खोलने की वजह डिजास्टर रिकवरी वेबसाइट को टेस्ट करना है। जिससे आपदा जैसे साइबर अटैक या मुख्य वेबसाइट में अन्य कोई समस्या आने पर ट्रेडिंग को इस प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट किया जा सके। एनएसई द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि इस दिन इक्विटी के साथ-साथ डेरिवेटिव सेगमेंट में भी कारोबार होगा। इसमें मुख्यतः दो सेशन होंगे। पहला सेशन सुबह 9:15 बजे से लेकर 10 बजे तक का होगा। वहीं, दूसरा सेशन सुबह 11:45 बजे से शुरू होगा और दोपहर 12:40 बजे तक चलेगा। इस कारोबारी सत्र के दौरान सभी शेयर का अधिकतम प्राइस बैंड 5 प्रतिशत होगा। अगर किसी सिक्योरिटी का प्राइस बैंड इससे कम है तो वह यथावत जारी रहेगी।

# ऐप्पल ने 'लेट लूज' इवेंट में किए बड़े ऐलान




**नई दिल्ली।** ऐप्पल की ओर से आयोजित किए गए 'लेट लूज' इवेंट में कंपनी ने आईपैड प्रो, एम4 चिप, एम 2 चिप के साथ रिडिजाइन किए गए 11 इंच और 13 इंच की स्क्रीन के आईपैड एयर, आईपैड 2 के लिए फाइनल कट प्रो और आईपैड 2 एवं मैक 11 के लिए नए लॉजिक प्रो का अनावरण किया। कंपनी द्वारा आईपैड प्रो को 11 इंच और 13 इंच साइज में लॉन्च किया गया। नई डिवाइस सिल्वर और ब्लैक फिनिश के साथ आएगी। यह पहले के मुकाबले पतला और हल्का होगा। इसमें अल्ट्रा रेटिना एक्सडीआर डिस्प्ले दिया गया है। इसमें स्टेट ऑफ द आर्ट टेनडम ओएलईडी टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है। नया आईपैड प्रो एम4 चिप के साथ आएगा। इसके अलावा एम2 चिप के साथ रिडिजाइन 11 इंच और 13 इंच की स्क्रीन के आईपैड एयर को लॉन्च किया गया है। ये 128 जीबी, 256 जीबी, 512 जीबी और 1 टीबी की मेमोरी के साथ आएगा। वहीं, आईपैड 2 के लिए फाइनल कट प्रो को पेश किया गया है। इससे यूजर्स एक साथ चार कैमरा का प्रीव्यू कर सकते हैं। इससे काम पहले के मुकाबले ज्यादा तेजी से हो सकेगा।

# क्रिप्टो करेंसी मार्केट में कोहराम, बिटकॉइन और एथेरियम में बड़ी गिरावट



**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज कोहराम मचा हुआ है। बाजार में चौतरफा दबाव का माहौल बना हुआ है। जिसके कारण मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ दो मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि बिटकॉइन और एथेरियम समेत 8 क्रिप्टो करेंसी बड़ी गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन 63 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे आ गई। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 2.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ 62,485.55 डॉलर यानी 52.18 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 3.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,002.62 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा बीएनबी 1.34 प्रतिशत, सोलाना 6.20 प्रतिशत, एक्सआरपी 3.13 प्रतिशत डॉगकॉइन 6.07 प्रतिशत, टॉनकॉइन 4.33 प्रतिशत और काडार्नो 2.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, टेथर और यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

# गरीबों में दवा उपलब्ध कराने के लिए एक्समेड ने जुटाए फंड

**बेसल।** स्विट्जरलैंड स्थित बी2बी मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म एक्समेड ने बुधवार को निम्न और मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) में आवश्यक दवा पहुंचाने में तेजी लाने के लिए 2 मिलियन डॉलर के सीड फंडिंग राउंड की घोषणा की। कंपनी ने कहा कि फाउंडरफुल के नेतृत्व में नई फंडिंग बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन से 5 मिलियन डॉलर के अनुदान के बाद आई है, जिससे अब कुल जुटाई गई धनराशि 7 मिलियन डॉलर हो गई है।

# भारत में गूगल वॉलेट ऐप हुआ लॉन्च

### यूजर्स को अब एक ही जगह पर मिलेंगी सभी सुविधाएं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

गूगल की ओर से बुधवार को गूगल वॉलेट ऐप लॉन्च कर दिया गया है। इस ऐप के माध्यम से लोग आसानी से एक ही जगह पर डिजिटल दस्तावेज जैसे बोर्डिंग पास, लॉयल्टी काड्र्स, मूवी टिकट और अन्य को हासिल कर सकते हैं। गूगल वॉलेट, भारत में मौजूद गूगल पे से एक बिल्कुल अलग ऐप है। इसकी लॉन्चिंग के बाद भी गूगल पे की सेवाएं यथावत जारी रहेंगी। गूगल ने बताया कि गूगल वॉलेट के अनुभव को बेहतर करने के लिए कंपनी ने पीवीआर, आईनॉक्स, एयर इंडिया, इंडिगो, फ्लिपकार्ट, पाइन लैब्स, कोच्चि मेट्रो, अभीबस और अन्य कंपनियों के साथ साझेदारी की है। आने वाले समय में कंपनी और पार्टनर्स को इसमें जोड़ेगी। एंड्राइड एट गूगल के जीएम और इंडिया इंजीनियरिंग के प्रमुख राम पापाटला ने कहा कि एंड्राइड इंडिया के इतिहास में गूगल वॉलेट एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ये दैनिक जरूरतों की चीजों को एक ही स्थान पर लाकर लोगों की जिंदगी को आसान बनाएगा। इसके लिए हमने भारत के टॉप ब्रांड के साथ साझेदारी की है।

# केनरा बैंक का मुनाफा चौथी तिमाही में 18 प्रतिशत बढ़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 3,757 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। बैंक ने शेयरधारकों को 16.10 रुपये का लाभांश देने की सिफारिश की है। केनरा बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त (जनवरी-मार्च) चौथी तिमाही में उसका मुनाफा 18 फीसदी बढ़कर 3,757 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 3,175 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। बैंक ने कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 34,025 करोड़ रुपये हो गई है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 28,685 करोड़ रुपये थी।






# पति और पिता की राजनीतिक विरासत संभाल रही बेटियां-बहुएं व पत्नियां

उपेंद्र गुप्ता। रांची

देश के राजनीतिक इतिहास में राजनेताओं की विरासत बेटे को ही संभालने की परंपरा रही है, लेकिन झारखंड में बेटों से दो कदम आगे बेटियां, घर की बहुएं और पत्नियां बखूबी संभाल रही है। इसमें विधायक जोबा मांझी,अन्नापूर्णा देवी, गीता कोड़ा, सीता सोरेन, सविता महतो,कल्पना सोरेन का नाम प्रमुख है, जो अपने पति की राजनीतिक विरासत को आज भी संभाल रही है । इनमें पूर्व विधायक निर्मला देवी, पूर्व सांसद आभा महतो और सुमन महतो का नाम भी शामिल है, जो पति के विरासत को आगे बढ़ा चुकी हैं।

## पति के निधन या जेल जाने के बाद उतरी राजनीतिक मैदान में



जोबा मांझी | अन्नापूर्णा देवी | गीता कोड़ा | सीता सोरेन | सविता महतो | कल्पना सोरेन

विधायक जोबा मांझी, सांसद अन्नापूर्णा देवी, सांसद गीता कोड़ा, विधायक सीता सोरेन, विधायक सविता महतो और कल्पना सोरेन ऐसी पत्नियां और घर की बहुएं हैं, जो अपने पति के निधन के बाद या जेल जाने के बाद राजनीतिक मैदान में उतर सफलता के झंडे गाड़ दी। 1994 में झामुमो विधायक जोबा मांझी अपने पति देवेंद्र मांझी की हत्या के बाद राजनीति में कदम रखा और आज भी विधायक हैं और सिंहभूम से लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी भी अपने पति रमेश यादव के निधन के बाद 1998 में राजनीति के मैदान में उतरी और पहले राजद के टिकट पर कोडरमा से विधायक बनी, फिर 2019 में भाजपा में शामिल हुई और कोडरमा से जीतने के बाद केंद्र में मंत्री बनी। शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन भी अपने पति दुर्गा सोरेन के निधन के बाद 2009 में राजनीति में उतरी और तीन बार जामा से विधायक चुनी गई, 2024 में भाजपा में शामिल होने के बाद दुमका से लोकसभा चुनाव लड़ रही है। जमशेदपुर की पूर्व सांसद सुमन महतो और ईचागढ़ की विधायक सविता महतो भी अपने पति के निधन के बाद ही राजनीति में शामिल हुई।

## बेटियां व बहु भी हैं राजनीतिक उत्तराधिकारी



अंबा प्रसाद | अनुपमा सिंह | यशस्विनी सहाय

इन पत्नियों और बहुओं की तरह कई राजनेताओं की बेटियां भी अपने पिता के विरासत को संभालने में जुटी है, जिसमें कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद,अनुपमा सिंह और यशस्विनी सहाय का नाम शामिल है। कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद अपने पिता और पूर्व विधायक-मंत्री योगेंद्र साव का तो कांग्रेस के ही विधायक शिल्पी नेहा तिर्की अपने पिता पूर्व विधायक-मंत्री बंधु तिर्की का विरासत संभाल रही है। वहीं अनुपमा सिंह अपने ससुर पूर्व विधायक-मंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंह की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए धनबाद लोकसभा से चुनाव लड़ रही है, वैसे अनुपमा के पति अनूप सिंह बेरमो से विधायक भी हैं। पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय भी अपने पिता की सुबोधकांत सहाय का राजनीतिक विरासत संभालने के लिए रांची लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं।

### राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा ने जारी किया आरोप पत्र

# भ्रष्टाचार बढ़ाओ-भ्रष्टाचारी बचाओ ठगबंधन सरकार की गारंटी : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरोप पत्र जारी करते हुए झारखंड की ठगबंधन सरकार की सच्चाई का खुलासा किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और भाजपा विधायक सीपी सिंह ने आरोप पत्र का विमोचन प्रदेश मीडिया सेंटर में किया। इस मौके पर भाजपा मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र सिंह भी मौजूद थे।

**सरकार के संरक्षण में चल रहा भ्रष्टाचार :** प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने कहा कि राज्य सरकार एक तरफ भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है और फिर उसे बचाने का काम कर रही है। सत्ता में शामिल लोगों की तिजोरी तक भ्रष्टाचार का पैसा पहुंच रहा है। मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के यहां से छापे में 35 करोड़ रुपए मिले हैं। ऐसे में मंत्री और सचिव के यहां छापा मारने पर कितने रुपए मिलेंगे, इसका अनुमान लगा पाना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता पर बैठे लोग राज्य को लूटने और कमाने में लगे हैं। कांग्रेस आदिवासियों को कीड़ा मकौड़ा की तरह समझती है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस शुरू से झारखंड और झारखंडवासियों की विरोधी रही है।

**भ्रष्टाचारी सरकार का पार्ट 2 है चंपाई सरकार :** विधायक सीपी सिंह ने कहा की सरकार के लोगों पर नेगेटिव सेट किया जा रहा है, हेमंत सोरेन इस्तीफा देने के बाद और सत्ता संभालने के बाद सीएम चंपाई सोरेन ने सदन में कहा था कि यह हेमंत सरकार पार्ट 2 होगी। तब लोगों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन समझ में सभी को रहा है कि यह सरकार भ्रष्टाचार की पार्ट 2 है, बल्कि उससे भी बढ़कर निकल रही है।



### हेमंत सोरेन सरकार के भ्रष्टाचार पर 28 पन्नों के आरोप पत्र का किया विमोचन

भाजपा की ओर से जारी 28 पन्ने के आरोप पत्र में हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का जिक्र है। साथ ही हेमंत सरकार पार्ट 2 (चंपाई सरकार) के कारनामों का भी जिक्र किया गया है। राज्य सरकार द्वारा किए गए वादे और उसके हकीकत को बयां किया गया है। आरोप पत्र भ्रष्टाचार को उठाया गया है। इसमें बताया गया है कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद के विभिन्न ठिकानों से 350 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। बालू, कोयला, पत्थर का अवैध खनन, जमीन की लूट, शराब घोटाले ने झारखंड को कलंकित किया है। आजाद भारत में किसी राज्य के सीएम द्वारा खुद के नाम पर खनन पट्टा लेने से राज्य पहले ही कलंकित हुआ है। राज्य में स्टेट स्पॉन्सर्ड करप्शन है। भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारी, दलाल, बिचौलिये तक संलिप्त हैं।

# देश बचाने के लिए कांग्रेस के सभी नेता व कार्यकर्ता चुनाव में जुट जाएं : सुबोधकांत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव को लेकर रांची जिला कांग्रेस कमेटी के जिला पदाधिकारियों की एक बैठक कांग्रेस भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के साथ रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि आप सभी अपने क्षेत्र के स्थापित नेता हैं। आप इस चुनावी युद्ध में जोर-शोर से लग जाएं। देश को बचाने के लिए कांग्रेस के एक-एक नेता को पंचायत एवं बूथ स्तर पर जनसम्पर्क अभियान चलाकर जनता को जागरूक करना होगा। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ महतो ने कहा कि देश की राजनीतिक स्थिति भयावह है। यह सिर्फ एक आम चुनाव नहीं, बल्कि देश के संविधान बचाने का चुनाव है। देश की सामाजिक समरसता को बचाए रखने का चुनाव है। इसीलिए सभी नेताओं को गांव-गांव जाकर कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय और पच्चीस गारंटी से संबंधित कार्ड को प्रत्येक घर तक पहुंचाना होगा। बैठक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पदाधिकारियों ने सुझाव दिये। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप तुलस्यान ने कहा कि अब चुनाव में समय बहुत कम है। हम सबको पूरी ताकत झोंक देनी है ताकि जीत सुनिश्चित हो। बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता डॉ. इलियास मजीद ने किया। बैठक में दीपा उरांव,जसीम अंसारी, राजेंद्र सिंह मुंडा, सुधा देवी, अर्चना मिश्रा, नागेश्वर महतो, महताब आलम, गौरीशंकर महतो, मदन मोहन मिश्रा, मीनू सिंह, चंदन बैठा, रश्मि पिंगुआ, सुनील उरांव, रमेश पांडे, जफर इमाम, रीता चौधरी, माधो कच्छप, रफीक खान, रामदेव सिंह, जफर इमाम, जगदीश चंद्र आदि थे।



### तीसरे चरण के मतदान के बाद पीएम मोदी व भाजपा नेता हताश और निराश : सुप्रियो

**रांची।** झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में तीसरे चरण के मतदान के साथ ही आधा चुनाव संपन्न हो गया है, जो रिपोर्ट आ रही है, उसके अनुसार मोदी और भाजपा चुनाव हार रहे हैं। पहले से मुद्दाविहीन मोदी और उनके नेता अब और दिशाहीन हो गए हैं। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश के दुराचारी, आरोपितों और भ्रष्टाचारियों को पहले टिकट दिया और अब उनके लिए मोदी घूम-घूम कर वोट मांग रहे हैं।उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी सरना धर्म कोड पर क्यों नहीं बोलते हैं। अनाप-शनाप बोलकर क्यों झारखंड का माहौल खराब कर रहे हैं। ये लोग अपनी निश्चित हार को देखते हुए अब हिंदू और आदिवासी को टोपी पहनाकर भाजपा में शामिल करा रहे हैं। गत दिवस मुस्लिम के नाम पर हुए भाजपा के ज्वाइनिंग पर जिस तरह की खबरें आ रही है, वह चिंताजनक और हताशा भरा कदम है।

# रांची एसएसपी ने अर्धसैनिक बलों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को कार्यालय में चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एक बैठक आयोजित की। बैठक में रांची के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने पर रणनीति बनी। बैठक में फोर्स का मूवमेंट, रूट सैनिटाइजेशन, बूथ सैनिटाइजेशन, एरिया डोमिनेशन, डीमाइनिंग, क्लस्टर में ठहरने के लिए आधारभूत सुविधाओं सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ग्रामीण एसपी ने प्रेजेंटेशन और मैप के जरिए आवश्यक बिंदुओं को रेखांकित किया। बैठक समापन के बाद एसएसपी ने अर्धसैनिक बल के सभी पदाधिकारियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।



बैठक में अर्धसैनिक बलों (एसएसबी-सीआरपीएफ) एवं झारखंड जगुआर के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# पोस्टल बैलेट से मतदान को लेकर विभिन्न राजीनतिक दलों के साथ हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोकसभा चुनाव में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान को लेकर बुधवार को विभिन्न राजीनतिक दलों के साथ समाहरणालय में बैठक हुई। इसमें लोकसभा चुनाव 2024 में आवश्यक सेवा के चिह्नित विभागों के अनुपस्थित मतदाताओं के पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, वरीय पदाधिकारी मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी संजय कुमार एवं विभिन्न राजीनतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कोषांग के पदाधिकारी संजय कुमार भगत ने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए आवश्यक सेवा के चिह्नित विभागों के मतदान कार्य में लगे अनुपस्थित मतदाताओं की वोटिंग विगत छह मई से कराई जा रही है। वर्तमान में 4 लोकसभा क्षेत्र सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा एवं पलामू के लिए प्रपत्र-12 एवं प्रपत्र-12 'घ' भेजा गया है। रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए कुल 7,365 कर्मी, जो मतदान के दिन अनुपस्थित रहेंगे।

### पोस्टल बैलेट से निम्न स्थानों पर कराई जा रही वोटिंग

रांची में सुविधा केंद्र हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी, में चालक, उपचालक, सफाईकर्मी आदि की वोटिंग कराई जा रही है। सुविधा केंद्र राजकीय प्लस 2 उच्च विद्यालय, कांके में मतदान दल के कर्मी, मतदान में अनुपस्थित रहने वाले कर्मी, पदाधिकारी एवं अन्य की वोटिंग कराई जा रही है। सुविधा केंद्र पुलिस लाइन, रांची में पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, जो ड्यूटी में रहेंगे एवं मतदान के दिन अनुपस्थित रहेंगे, उनका मतदान कराया जा रहा है। मतदान सुविधा केंद्र रांची समाहरणालय, ब्लॉक-ए, कमरा संख्या-204 में वोटिंग कराई जा रही है।

### चुनाव आयोग के जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर प्रेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को सहायक व्यय प्रेक्षकों और लेखा जांच दल के साथ बैठक की। मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में आयोजित बैठक में व्यय प्रेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह के जरिए चुनाव आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक वीरेंद्र कुमार सिंह ने वीएसटी से नियमित तौर पर रिपोर्ट अपडेट लेने और शैडो रजिस्टर के रख-रखाव एवं संधारण में नियमितता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी एवं अन्य कर्मियों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करते हुए सभी कार्यों का निष्पादन सफलता पूर्वक करें।

## पृष्ठ एक के शेष

**पलामू लोस सीट : 13 मई को मतदान...**

में बने मतदान केंद्र को उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिजका में। राप्रावि तूरेर में बने मतदान केंद्र को उ.उच्च विद्यालय मदगड़ी'च'में , उत्क्रमित प्रा.वि कूटकु में बने मतदान केंद्र को उ.उच्च विद्यालय मदगड़ी'च'में रीलोकेट किया गया है। इसक अलावे डालटनगंज विधान सभा क्षेत्र के ही उत्क्रमित प्रा.वि खटाई टोला सनेया में बने मतदान केंद्र को उ. उच्च विद्यालय मदगड़ी'च' में रीलोकेट किया गया है।

**ईडी नपे झारखंड सचिवालय में...**

ऊपर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का कार्यालय है।

इसके पूर्व बुधवार को संजीव कुमार लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम को रिमांड पर लेने के बाद ईडी की टीम उन्हें लेकर सचिवालय पहुंची थी। रिमांड अवधि में ईडी दोनों से छह दिनों तक पूछताछ करेगी। पूछताछ में कई बड़े अधिकारियों और राजनेताओं का नाम सामने आ सकता है। संजीव कुमार की मौजूदगी में उनके चैंबर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज भी थोड़ी देर के लिए मौजूद रहे। बता दें कि इसके पहले सोमवार और मंगलवार को रांची में एक दर्जन से भी ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी में ईडी ने 37.37 करोड़ रुपये बरामद किए हैं। इसमें से जहांगीर आलम के फ्लैट से 32.20 करोड़, संजीव लाल की पत्नी की कंपनी में पार्टनर बिल्डर मुन्ना सिंह के घर से 2.93 करोड़, संजीव लाल के घर से 10.50 लाख और एक ठेकेदार राजीव सिंह के फ्लैट से डेढ़ करोड़ रुपए मिले थे। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर आलम को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में जो आवेदन दिया था, उसमें कहा गया है कि झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं में 15 प्रतिशत की दर से वसूली होती है। संजीव लाल टेंडर मैनेज कर कमीशन वसूलता है और इस रकम का बड़ा हिस्सा बड़े अफसरों और राजनीतिज्ञों तक जाता है। यह तय माना जा रहा है कि कई अन्य अफसर और नेता इस मामले में ईडी के रडार पर आएंगे। मंत्री आलमगीर आलम को भी समन करने की तैयारी चल रही है।

**रांची की ईसेंट्रिंग कंपनी के...**

वर्तमान समय में चलंत नहीं है। इसके बावजूद वह पैसे कहां से ले गए इसकी जांच हो रही है। इसके अलावा 9097 नोट 500 रुपए के हैं। स्टेटिक स्क्वाड टीम ने तत्काल इसकी सूचना फ्लाइंग स्क्वायड टीम को दी।

**ईसेंट्रिंग कंपनी के डायरेक्टर हैं राकेश :** जानकारी के अनुसार इनोवा कार (जेएच 01 डब्ल्यू 5126) पर इंसेंट्रिंग कंपनी क्या डायरेक्टर राकेश कुमार सिंह और विजय कुमार नामक व्यक्ति सवार थे। राकेश कुमार सिंह इस कंपनी के डायरेक्टर हैं। रांची जिले के नामकुम से यह कंपनी अपना कार्य करती है। कंपनी रामगढ़ और बोकारो जिले में हाई मास्क लाइट लगाने का काम करती है। राकेश कुमार सिंह ने जांच अधिकारियों को बताया कि वह लाइट और सीमेंट का पेमेंट करने के लिए यह रकम ले जा रहे थे। रामगढ़ के अलावा कसमार ब्लॉक चौक और पेटरवार में उस पैसे की डिलीवरी की जानी थी।

**लोस चुनाव को लेकर...**

जरिए उन्हें उनको कार्य वाले लोकेशन से अवगत कराया। बैठक में एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर कई निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद,सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,तीनों एसडीओ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत विभिन्न पुलिस पदाधिकारी व सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों की 4डी कैमरे से होगी वेबकास्टिंग : रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर 4डी कैमरे के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ केंद्रीय निर्वाचन आयोग के स्तर से मॉनिटरिंग की जानी है। इस बार के मतदान में मतदान केंद्र के अंदर एवं बाहर दोनों ओर के फीड पर विभिन्न स्तरों से मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट के लिए गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जिलों में निर्वाचन संबंधित चल रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

**वाहनों का ससमय भुगतान कर कार्य मुक्त करें :** रवि कुमार ने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान ससमय करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। वाहन के प्रबंधन में सभी जिलों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। किसी प्रकार के संशय की स्थिति में मुख्यालय में गठित वाहन प्रबंधन कोषांग से विमर्श कर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि वाहनों के प्रबंधन में इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सुगमता से बहाल रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने चालकों की खुराकी, पेट्रोल पम्प मालिकों को एडवांस पेमेंट, वाहन मालिकों को एडवांस पेमेंट आदि विषयों पर जिलों में किये जा रहे कार्य को लेकर वाहन प्रबंधन की समीक्षा की। साथ ही इन सबका वीएमएस पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर इवीएम पहुंचाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मानिटरिंग करने एवं संधारण गृह में इवीएम के संधारण के उपरांत ही जीपीएस को हटाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश सहित मुख्यालय एवं जिला स्तर पर गठित वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### हाई कोर्ट से बाबूलाल मरांडी, दीपक प्रकाश और अर्जुन मुंडा सहित अन्य भाजपा नेताओं को राहत बरकरार



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद संजय सेठ, सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह, ढुल्लू महतो, कुशवाहा शशि भूषण, समरी लाल, नवीन जायसवाल के अलावा बिरंची नारायण सिंह, सांसद प्रदीप कुमार वर्मा, रविंद्र कुमार राय, यदुनाथ पांडेय, शिवशंकर उरांव, अमित कुमार, कृष्ण कुमार गुप्ता, ललित ओझा, रमेश कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, उमेश कुमार, नीलम चौधरी, अमित कुमार मंडल, अशोक कुमार बड़ाईक, आरती कुजूर आदित्य प्रसाद, सिद्धू माझी, शत्रुघ्न सिंह को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने बुधवार को सभी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को बरकरार रखते हुए अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है। इसके साथ अदालत ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### झारखंड हाई कोर्ट में राजेश राय की जमानत अर्जी पर आंशिक सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर बुधवार को आंशिक सुनवाई हुई। मामले में इंडिक्योर से जवाब दाखिल करने के लिए फिर से समय की मांग की गई। कोर्ट ने ईडी को जवाब के लिए एक और मौका देते हुए अगली सुनवाई 15 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ईडी को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा था कि बरियातू की चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की जमीन की क्या प्रकृति है? इसका मूल रैयत कौन है? कोर्ट ने अनुसंधान में जितने भी इससे संबंधित रिकॉर्ड आए हैं उसे शपथ पत्र के माध्यम दाखिल करने का निर्देश दिया था। विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक एकड़ की जमीन गलत ढंग से खरीदने का आरोप है। इस मामले में राजेश राय, प्रेम प्रकाश, अमित कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। ईडी ने मामले में ईसीआईआर 5/2023 दर्ज किया गया है। ईडी ने जांच में पाया था कि इस जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गई थी।

### हाई कोर्ट की सुनवाई में गृह विभाग की प्रधानसचिव वर्चुअली उपस्थित हुईं

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में कांके नगड़ी स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में प्रधान सचिव, गृह विभाग वंदना दादेल कोर्ट में वर्चुअली उपस्थित हुईं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, कांके की 30 डिसमिल जमीन पर पुलिस टीओपी बनाया जायेगा। दादेल ने कोर्ट को बताया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 6.4 एकड़ जमीन पर चहारदीवारी के संबंध में निर्णय लेने के लिए प्रधान सचिव हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन सक्षम हैं। इसमें गृह विभाग की भूमिका नहीं है। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार को बाउंड्री वॉल के संबंध में प्रधान सचिव, हायर एंड टेक्निकल एजुकेशन से इंस्ट्रक्शन लेकर शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 13 जून निर्धारित की है। बीते मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के पास पुलिस आउटपोस्ट निर्माण के लिए एक करोड़ 62 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। लॉ यूनिवर्सिटी के 6.4 एकड़ क्षेत्र में बाउंड्री वॉल बनाने के संबंध में अभी कोई प्रस्ताव नहीं है।

### झारखंड हाई कोर्ट से सरायकेला थाने के पूर्व इंचार्ज मनोहर कुमार को मिली जमानत




**रांची।** प्रेम प्रसंग में पकड़े गए नाबालिग की पुलिस कस्टडी में आत्महत्या मामले में आरोपित सरायकेला पुलिस स्टेशन के तत्कालीन इंचार्ज मनोहर कुमार को झारखंड हाई कोर्ट से बुधवार को राहत मिल गई। हाई कोर्ट ने मनोहर कुमार के मामले में चार्ज फ्रेम हो जाने को देखते हुए उसे जमानत दे दी। मामले में मनोहर कुमार 17 अक्टूबर, 2023 से जेल में है। नाबालिग 27 अक्टूबर, 2022 को शादी की नीयत से लड़की को भगा ले गया था। लड़की के जीजा एवं भाई ने उन दोनों को पकड़ लिया था। बाद में उन्होंने किशोर को 31 अक्टूबर, 2022 को सरायकेला थाना पुलिस के हवाले कर दिया था। आरोप है कि किशोर ने नवंबर 2022 को बेल्ट से फांसी लगाकर पुलिस कस्टडी में आत्महत्या कर ली थी।

### झारखंड हाई कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर लगा जुमार्ना किया माफ

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किए बिना हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन करने पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर पूर्व में लगाए गए 1,25,000 के जुमार्ने को बुधवार को माफ कर दिया।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने अर्जुन मुंडा पर लगाए गए जुमार्ना की राशि माफ करने का आग्रह कोर्ट से किया था, जिसे कोर्ट ने मान लिया। साथ ही कोर्ट ने रांची में बीजेपी के सचिवालय मार्च मामले में धुर्वा थाने में दर्ज एफआईआर मामले में अर्जुन मुंडा सहित 27 आरोपितों पर पीड़क कार्रवाई पर रोक 25 जुलाई तक बरकरार रखी है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा 11 अप्रैल, 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान यह पाया कि याचिका में त्रुटि अब तक दूर नहीं की गई है। इसके बाद भी मामले को कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन किया गया। बाद में मामले की सुनवाई भी हाई कोर्ट में हुई थी। कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किए बिना इस याचिका को कोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए मेंशन करने को गंभीरता से लेते हुए अर्जुन मुंडा पर 1,25,000 रुपये जुमार्ना लगाया था। हालांकि, कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए मंत्री अर्जुन मुंडा सहित 27 आरोपितों को तत्काल राहत देते हुए उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई थी।

### सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन बुधवार को एक भी नामांकन नहीं किया गया। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के लिए सात मई को नामांकन के पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसमें राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (सुरक्षित) से एक और गोड्डा से दो लोगों ने नामांकन किया था। हालांकि, दुमका से नामांकन का खाता खुलना अभी बाकी है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 112 करोड़ 92 लाख के सामान और नकदी जब्त किये जा चुके हैं।




# राहुल के गुरु देश की पहचान पर उठा रहे सवाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के विवादास्पद बयान पर भारतीय जनता पार्टी हमलावर है। भाजपा ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि सैम पित्रोदा ने देश की पहचान पर ही सवाल उठा दिए हैं। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आज सैम पित्रोदा, जिनके शिष्य राहुल गांधी हैं, ने भारत, इसकी संस्कृति, भारत की पहचान और इसके लोगों की पहचान पर बहुत ही आपत्तिजनक बयान दिया है। ऐसा लगता है कि यह विषय केवल चुनाव या राजनीति तक सीमित नहीं है बल्कि भारत के अस्तित्व से जुड़ा है, क्योंकि वे देश की पहचान पर ही सवाल उठा रहे हैं।

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 'वह कह रहे हैं कि राम मंदिर, राम नवमी और भारत के प्रधानमंत्री के राम मंदिर जाने से भारत की विविधता और लोकतंत्र कमजोर हुआ है। मैं ये कहना चाहता हूं कि जो इन विदेशी सलाहकारों के विचारों से प्रभावित हैं, वो ये बात नहीं समझ सकते कि भारत लोकतंत्र की जननी है। उन्हें ऐसा क्यों लगता है कि हमें सब कुछ विदेशियों ने दिया है। उनका बयान देश की मौलिक पहचान की अवमानना है। उस संस्कृति का, जिसे वो कह रहे हैं कि इसने देश की पहचान को कमजोर किया है, वह संस्कृति इस देश के लोकतंत्र और विविधता का आधार है। बाबरी ढांचे को बचाने के लिए आप अदालत गए थे और राम मंदिर को बदनाम करने की कोशिश की थी।'



### भाजपा के नेताओं ने कहा

▶▶ भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि सैम पित्रोदा की घटिया मानसिकता और बयानबाजी की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। वो चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों का अपमान कर रहे हैं। मैं हर भारतीय से कहना चाहता हूं कि इस अपमान के लिए कांग्रेस को सबक सिखाया जाए और देश को तोड़ने के इनके राजनीतिक एजेंडा को एकजुट होकर नाकामयाब किया जाए।

▶▶ भाजपा नेता सीआर केशवन ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी के शकुनि सैम पित्रोदा के घृणित और जातिवादी बयान ने आज हमारे 140 करोड़ भारतीयों में से प्रत्येक को अपमानित किया है। यह कांग्रेस नेतृत्व की कट्टर और विभाजनकारी मानसिकता को भी बहुत स्पष्ट रूप से उजागर करता है... यह किस तरह की विकृत और संकीर्ण मानसिकता है?'

### कांग्रेस पार्टी भारत को विभाजित करने की मंशा पर कायम : चंद्रशेखर

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान की निंदा की जानी चाहिए। इससे पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी आज स्वाभाविक रूप से भारत को विभाजित करने, भारतीयों को जाति, पंथ, पहचान और भूगोल के आधार पर विभाजित करने पर केंद्रित है। कांग्रेस सैम पित्रोदा से खुद को दूर नहीं कर सकती, जो भारतीयों के खिलाफ इस तरह की गहरी जड़ें जमा चुका है।

### इंडी के बोल

▶▶ शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने पित्रोदा के बयान पर कहा कि 'मैं उनके बयान से सहमत नहीं हूं। उन्होंने कहा कि ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके मुद्दे को देश का मुद्दा बनाया जा रहा है। हम इसमें कुछ नहीं कर सकते और न ही ये कोई मुद्दा है और न ही ये देश पित्रोदा के बयान पर प्रतिक्रिया देना चाहता है।

▶▶ डीएमके नेता टीकेएस एलानगोवन ने पित्रोदा के बयान पर कहा कि यह हमारा बयान नहीं है। 'हम सब साथ है। यहां कई धर्म, संस्कृति, भाषाएं हैं, लेकिन हमने कभी भारत के लोगों में भेद नहीं किया। हम भाषा और संस्कृति की समानता की बात करते हैं और ये मानते हैं कि भारत के हर राज्य में रहने वाले लोग समान हैं।

▶▶ कांग्रेस के पूर्व विधायक नसीब सिंह ने सैम पित्रोदा पर तंज कसते हुए कहा कि वह भारतीय हैं, क्या वह भारत में रहते हैं। उन्हें इशारों-इशारों में पागल बताते हुए कहा कि जिस आदमी को भारतीय संस्कृति और सभ्यता की जानकारी न हो, तो उनकी जगह आगरा में है या फिर शाहदरा में, और कोई जगह नहीं है।

## चुनावी बोल

### सरकार ने चुनाव प्रक्रिया बाधित करने की कोशिश की : वेणुगोपाल



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के मतदान के बाद कांग्रेस अपने प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त है। वहीं कांग्रेस के नेताओं ने यह भी आरोप लगाया गया कि सरकार ने सामान्य चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने की कोशिश की। बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, अभी तक की रिपोर्ट बिल्कुल साफ है कि तीसरे चरण में भी हमें बहुमत वाली सीटें मिल रही हैं। हमने तीसरे चरण में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर सिब्बल ने जताई आपत्ति



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने प्रधानमंत्री मोदी के भाषण के उस अंश पर आपत्ति जताई है जिसमें वोट जिहाद या राम राज्य दोनों में से एक चुनने के लिए लोगों से आहवान किया गया था। सिब्बल ने कहा कि पीएम लोगों को डरा रहे हैं कि 400 के पार इसलिए चाहिए ताकि ये राम मंदिर पर फिर से बाबरी ताला न लगा दें। यह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है लेकिन आयोग इन बयानों पर ताला नहीं लगा सकता क्योंकि वे भी मोदी के परिवार हैं।

### भाजपा की मंशा संविधान बदलकर आरक्षण छीनने की : कमलनाथ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने बुधवार को एक्स पर लिखा, भाजपा संविधान बदलना चाहती है ताकि आरक्षण समाप्त कर समाज के वंचित वर्ग के अधिकार छीन सके। कांग्रेस यह नहीं होने देगी। कांग्रेस अपने न्याय पत्र में, हिस्सेदारी न्याय, लेकर आयी है। जिसके तहत आर्थिक समानता के लिए हर व्यक्ति, हर वर्ग की गिनती होगी। संवैधानिक संशोधन द्वारा 50 प्रतिशत सीमा हटाकर एससी, एसटी और ओबीसी को आरक्षण का पूरा हक मिलेगा।

### कांग्रेस 'विचार शून्य' व सनातन विरोधी पार्टी : जेपी नड्डा



**बिलासपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में कांग्रेस की तुष्टिकरण एवं सनातन विरोधी राजनीति पर जमकर निशाना साधा। नड्डा ने कांग्रेस को विचार शून्य पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को संविधान की जानकारी नहीं है और इस वजह से वो संविधान की कॉपी लेकर चलते हैं। कहा, कांग्रेस पार्टी राम विरोधी, सनातन विरोधी और राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ हाथ मिलाने वाली पार्टी है।

# पाक के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं राहुल : शाह

**एजेंसी। हरदोई**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक चुनावी रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पाकिस्तान से निकटता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल पाकिस्तान के एजेंडे का आगे बढ़ाने का काम करते हैं। गलती से भी यदि राहुल और अखिलेश सत्ता में आ गए तो ये दोनों शहजादे अयोध्या के राम मंदिर पर बाबरी ताला लगा देंगे।

भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने बुधवार को हरदोई की चुनावी रैली में कहा कि अभी-अभी पाकिस्तान ने राहुल की प्रशंसा की। एक पत्रकार ने मुझसे पूछा कि राहुल की प्रशंसा पाकिस्तान क्यों कर रहा है? तो मैंने कहा, सर्जिकल स्ट्राइक होती है, राहुल विरोध करते हैं। नक्सली मरते हैं, राहुल विरोध करते हैं। अनुच्छेद 370 हटती है, राहुल विरोध करते हैं। राम मंदिर बनता है, राहुल विरोध करते हैं। राहुल पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं और पाकिस्तान राहुल का। उन्होंने कहा कि कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, चुनाव के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा निकालनी पड़ेगी। राहुल अमेठी से वायनाड गए और वायनाड से रायबरेली आ गए। रायबरेली में भी राहुल गांधी हारने वाले हैं।

गृहमंत्री ने विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा, कांग्रेस, टीएमसी ये सारे जो इकट्ठा हुए हैं इन्होंने 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले किए हैं। एक दिन पहले ही झारखंड में इस गठबंधन सरकार के मंत्री के निजी सचिव के नौकर के घर से 30 करोड़ रुपये पकड़े गये। कुछ दिन पहले कांग्रेस के एक सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये पकड़े गए थे। उसके कुछ दिन पहले टीएमसी नेता के घर से 51 करोड़ रुपये पकड़े गए थे। मैं राहुल और अखिलेश से कहना चाहता हूं कि भ्रष्टाचार करोगे तो पकड़े भी जाओगे और जेल भी जाओगे। कोई रोक नहीं सकता।

### आरक्षण खत्म करने की बात कह मोदी को बदनाम कर रहीं सपा, बसपा व कांग्रेस



**लखीमपुरखीरी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने खीरी लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस, सपा और बसपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस आरक्षण खत्म करने की बात कहकर मोदी को बदनाम कर रही हैं। पिछड़े वर्गों के आरक्षण पर डाका डालने का काम सपा और कांग्रेस ने किया। भाजपा फिर से बहुमत मिलने पर इस संविधान विरोधी मुस्लिम आरक्षण को समाप्त कर पिछड़ा वर्ग को वापस देगी। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा कहते हैं हम एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। अरे, राहुल बाबा अपना ट्रैक रिकॉर्ड देखो, आपकी दादी ने एक झटके में आपातकाल लगाया। आपके पिताजी ने एक झटके में ट्रिपल तलाक को फिर से इंट्रोड्यूस कर दिया और आपकी पार्टी ने एक झटके में पिछड़े समाज का आरक्षण छीनने का काम किया है। अमित शाह ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो रहा है। तीसरे चरण तक हम 190 सीटें पार कर चुके हैं। कहा कि यह चुनाव मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के साथ ही 3 करोड़ गरीब बहनों को लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। ये चुनाव तीन करोड़ और गरीबों को उनका खुद का घर देने का चुनाव है। ये चुनाव तीन लाख गांवों में डेयरी बनाकर पशुपालन के साथ जुड़े हुए भाई-बहनों को समृद्ध बनाने का चुनाव है। आपने उत्तर प्रदेश में 2014 में 73 सीटें दी, 2019 में सभी विपक्षी इकट्ठे आए फिर भी 65 दी।

## भाजपा की पूरी मशीनरी राहुल के बारे में झूठ फैलाने में जुटी : प्रियंका गांधी



**एजेंसी। बछरावां**

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को रायबरेली के बछरावां में राहुल गांधी के पक्ष में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की पूरी मशीनरी राहुल गांधी के बारे में झूठ फैलाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा आम जनता को गुमराह करने में जुटी है। इनके राज में महंगाई बढ़ी है। हमारी सरकार आने पर आशा वर्कर्स से लेकर मनरेगा के कर्मचारियों के वेतन को दोगुना किया जायेगा। चुनाव के पहले 200 रुपए सिलेंडर का दाम घटा करके यह लोग लॉलीपॉप दे रहे हैं। हमारी मां ने राहुल गांधी को आपके पास भेजा है। अब रायबरेली को 2 सांसद मिलने वाले हैं। राहुल को जिताइए, वो तो आपके सांसद होंगे ही। मैं भी यहां के लिए काम करूंगी। मैं आपके साथ रहूंगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के उम्मीदवार जगह-जगह जाकर कहते हैं कि हमें वोट देंगे, तो संविधान बदल देंगे। ये लोग अब संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं। अब जब पीएम मोदी को लगा कि बात गलत हो रही है, तब ?वह अपना बयान बदलने लगे। यहां के लोग नेताओं को अच्छी तरह समझते हैं। जब उन्हें इंदिरा जी (इंदिरा गांधी) की कोई नीति पसंद नहीं आई तो उन्होंने उन्हें भी हरा दिया। इंदिरा जी गुस्सा नहीं हुईं बल्कि आत्ममंथन किया। आपने उन्हें दोबारा चुना। यह रायबरेली के लोगों की खासियत है कि वे नेताओं को समझते हैं।

## सपा के परिवार और यादव समाज के उम्मीदवारों का हाल बेहाल : मायावती



**एजेंसी। लखनऊ**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर जोरदार पलटवार किया। मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, बीएसपी संगठन में क्या कुछ चल रहा है, इस पर घोर दलित-विरोधी सपा अगर कोई टिप्पणी और चिंता नहीं करे तो बेहतर है। इसके बदले सपा नेतृत्व को चुनाव में उतारे गए उनके अपने परिवार और उनके यादव समाज के प्रत्याशियों का क्या हाल है, इसकी केवल चिंता करें क्योंकि उन सबका हाल बेहाल है। मायावती ने आगे लिखा, सपा का चाल, चरित्र व चेहरा, हमेशा की तरह आज भी, जबरदस्त दलित, अति-पिछड़ा व संविधान में इनको दिए गए आरक्षण आदि के अधिकारों की विरोधी पार्टी का है। प्रमोशन में आरक्षण को खत्म करना तथा इस संबंध में बिल को संसद में फाड़ना आदि इनके ऐसे कार्य हैं, जिसे माफ करना मुश्किल है। बीएसपी सरकार की ओर से बहुजन समाज में जन्मे महान संतों, गुरुओं और महापुरुषों के आदर-सम्मान में उनके नाम पर यूपी में बनाए गए जिलों, पार्कों, विश्वविद्यालयों आदि के नाम को जातिवादी सोच के कारण बदलना सपा सरकार के ऐसे कृत्य हैं, जो इतिहास में काले कारनामे के रूप में दर्ज हैं। दरअसल, बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया था। इसी को लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स के माध्यम से बसपा पर निशाना साधा था। अखिलेश यादव ने कहा था कि बसपा ने अपने संगठन में बड़े बदलाव का जो भी कदम उठाया है, वो उनकी पार्टी का आंतरिक विषय है। इसके पीछे असली कारण ये है कि बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है। बसपा के अधिकांश परंपरागत समर्थक भी इस बार संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए इंडिया गठबंधन को ही वोट दे रहे हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी 12 को पटना में करेंगे रोड शो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 मई को राजधानी पटना में रोड शो करेंगे। इस रोड शो को भव्य बनाने के लिए प्रदेश भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। प्रशासन ने भी इसकी तैयारी शुरू कर दी है। देश की आजादी के बाद किसी प्रधानमंत्री का पटना में यह पहला रोड शो होगा। पीएम मोदी के रोड शो को लेकर पटना के लोग भी बेहद उत्साहित हैं। प्रधानमंत्री तीन से चार किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान खुली गाड़ी पर लोगों का अभिवादन स्वीकार करेंगे।

## जो सिख समाज की मांग पूरी करने का वादा करेगा, उसे ही वोट : परमजीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी की सभी सात लोकसभा सीटों पर होने वाले मतदान में करीब 20 दिन बचे हैं। इस बीच अकाली दल की दिल्ली इकाई के प्रधान सरदार परमजीत सिंह सरना ने तमाम राजनीतिक दलों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि सिर्फ उसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार को सिख समाज अपना समर्थन देगा जो उनकी मांगों को पूरा करने का वादा करेगा। सरदार परमजीत सिंह सरना ने राजनीतिक दलों के सामने मुख्य रूप से चार मांगें रखी हैं। पहली मांग 30 साल से जेल में बंद बंदी सिंह की रिहाई की है। दूसरी मांग किसानों की समस्याओं का समाधान करने की है। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी क्षेत्र में अपनी उपज बेचने की इजाजत दी जानी चाहिए। तीसरी मांग श्री ननकाना साहिब के दर्शन के लिए 'वीजा ऑन अराइवल' की व्यवस्था करने की है। सरना ने चौथी मुख्य मांग में सिखों के धार्मिक मामलों में केंद्र या राज्य सरकारों द्वारा किसी तरह की दखल-अंदाजी न करने की मांग की है, जैसा कि दिल्ली, तख्त श्री पटना साहिब और श्री हजूर साहिब में हाल के कुछ वर्षों में हुआ है।

## सोशल मीडिया पोस्ट मामले में कर्नाटक पुलिस ने नड्डा व मालवीय को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** कर्नाटक पुलिस ने भाजपा की राज्य इकाई के सोशल मीडिया (एक्स) पोस्ट पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय को नोटिस जारी किया है। पोस्ट के संबंध में बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई है। इसमें दोनों नेताओं का नाम शामिल है। नोटिस में दोनों नेताओं को एक सप्ताह के भीतर पेश होने के लिए कहा गया है। कर्नाटक भाजपा की विवादास्पद पोस्ट में एक वीडियो था। इसमें कांग्रेस को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों की कीमत पर मुसलमानों को आरक्षण देने की बात दिखाई गई थी। कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस पोस्ट को हटाने के लिए कहा था। ऐसा नहीं होने पर चुनाव आयोग ने इसे हटाने के लिए मंगलवार को एक्स को नोटिस भेजा था।



## मीसा भारती ने पीएम मोदी पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप



**पटना।** लालू प्रसाद यादव की पुत्री और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी मीसा भारती ने पीएम मोदी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता को छलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को दो बार मौका दिया लेकिन पीएम मोदी ने आम जनता के हित में एक भी वादा पूरा नहीं किया। देश में विकास के नाम पर एनडीए सरकार पूरी तरह विफल है। देश की जनता ने महंगाई और बेरोजगारी से लड़ाई लड़ने के लिए नरेंद्र मोदी के हाथों में सत्ता दी थी। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले किसानों के हित में पीएम मोदी ने कई वादे किये थे, उन वादों का क्या हुआ।

# पांचवां चरण : 49 सीटों पर 695 उम्मीदवार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 695 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इस चरण के लिए 20 मई को मतदान होगा। चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में 8 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान होगा। इसके लिए कुल 1586 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 मई थी। सभी नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 नामांकन पत्र वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। महाराष्ट्र में 13 संसदीय क्षेत्रों से अधिकतम 512 नामांकन फॉर्म थे। इसके बाद उत्तर प्रदेश में 14 संसदीय क्षेत्रों से 466 नामांकन फॉर्म थे। झारखंड में 4-चतरा संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 69 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए, इसके बाद उत्तर प्रदेश में 35-लखनऊ में 67 नामांकन फॉर्म प्राप्त हुए। 5वें चरण के लिए एक संसदीय सीट पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 14 है। बिहार की 5 सीटों से 80, जम्मू एवं कश्मीर की 1 सीट से 22, झारखंड की 3 सीटों से 54, लद्दाख की एक सीट से 3, महाराष्ट्र की 13 सीटों से 264, ओडिशा की 5 सीटों से 40, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों से 144 और पश्चिम बंगाल की 7 सीटों से 88 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।




KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

